वर्ष- 13 अंक - 12
लखनऊ, बुधवार 10 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



विद्यार्थी के जीवन को आलोकित कर राष्ट्र को रोशन करती है शिक्षा : आनंदीबेन पटेल 03

भारत-नेपाल बार्डर पर रखी जा रही कड़ी निगरानी 12

# कायस्थ समाज ने सिर्फ कलम ही नहीं बल्कि तलवार की भी पूजा की : योगी

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जिसमें कायस्थ समाज के महापुरुषों ने अपना विशिष्ट योगदान न दिया हो। कायस्थ समाज ने सिर्फ कलम ही नहीं, तलवार की भी पूजा की है। यह समाज जानता है कि कलम और तलवार दोनों के समन्वय से ही समाज व राष्ट्र की व्यवस्था चलती है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को श्रीचित्रगुप्त मंदिर सभा गोरखपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। गोरखपुर क्लब में आयोजित समारोह में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि माना गया है कि सृष्टि के रचयिता भगवान ब्रह्मा की विशिष्ट काया से कायस्थ का प्रादुर्भाव हुआ है। भगवान श्रीचित्रगुप्त को कर्म की साधना के अनुसार सृष्टि का लेखा-जोखा रखने वाले और श्रेष्ठ कार्य करने की प्रेरणा देने वाले भगवान की प्रतिष्ठा प्राप्त है। योगी ने कहा कि कायस्थ समाज को प्रबुद्ध समाज माना जाता है। धर्म, अर्थ, प्रशासन, व्यवसाय, विधि, कला, चिकित्सा, शिक्षा समेत हरेक क्षेत्र में इस समाज ने विशिष्ट योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि गुलामी के कालखंड में देश जब भारतीयता की विस्मृति के दौर से गुजर रहा था तब शिकागो में गर्व से कहो हम हिन्दू हैं का उद्घोष कर भारतीयता के मानव कल्याण के मंत्र का स्मरण कराने वाले स्वामी विवेकानंद कायस्थ कुल परंपरा से ही थे। स्वाधीनता आंदोलन में तुम मुझे खून दो मैं तुम्हे आजादी दूंगा का उद्घोष करने वाले नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इसी परंपरा के थे। जब सभी मत, मजहब, क्षेत्र, भाषा को एकसूत्र में पिरोने वाले संविधान के निर्माण की बात आई तो जो नाम सामने आया, वह डॉ. राजेंद्र प्रसाद जो देश के पहले राष्ट्रपति बने। इसी परंपरा के थे। स्वतंत्र भारत में देश के दुश्मनों को जवाब देने वाले, 1965 की लड़ाई में नाको चने चबवाकर पाकिस्तान को उसकी औकात बताने वाले लाल बहादुर शास्त्री भी इसी परंपरा के थे।




### भगवान श्रीचित्रगुप्त के नाम पर होगा बक्शीपुर चौक

मुख्यमंत्री ने मंदिर सभा की तरफ से पूर्व अध्यक्ष हरिनंदन श्रीवास्तव की मांग पर बक्शीपुर चौक का नाम भगवान श्री चित्रगुप्त के नाम पर करने पर अपनी स्वीकृति दे दी। इसे लेकर उन्होंने महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव को प्रस्ताव बनाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बक्शीपुर बाजार की पहचान ही कलम और किताब से है। ऐसे में यहां के चौराहे का नाम भगवान श्री चित्रगुप्त को समर्पित होना सराहनीय पहल होगी।

### दिव्यांगजन में अनेक प्रतिभाएं, निखारने की जरूरत

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दिव्यांगजन में अनेक प्रतिभाएं छिपी होती हैं। बस जरूरत होती है एक योजक की जो उनकी प्रतिभा को निखार सके। किसी कारणवश दिव्यांगता को प्राप्त दिव्यांगजन में ईश्वर द्वारा अनेक गुण प्रदान किये जाते हैं। यदि इन दिव्यांगजन को समाज का संबल प्राप्त हो जाए तो वह समाज के लिए उपयोगी हो जाते हैं। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार शाम मारवाड़ी युवा मंच की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम पैर प्रत्यारोपण शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सिविल लाइंस स्थित गोकुल अतिथि भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच गोरखपुर द्वारा दिव्यांगजन के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कृत्रिम उपकरण वितरण का कार्य अत्यंत सराहनीय है। यह कार्य ईश्वर के प्रति सर्वश्रेष्ठ सेवा है तथा पितृपक्ष में अपने पूर्वजों को दी गयी सबसे बड़ी श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर में मारवाड़ी युवा मंच द्वारा किया गया कार्य दिव्यांगजन के लिए एक योजक के रूप में सामने आया है। यह कार्य मंच का उनके पूर्वजों के प्रति श्रद्धा का भाव भी है। आज यहां दिव्यांगजनों को कैलिपर्स, व्हीलचेयर ट्राई साइकिल आदि उपकरणों का वितरण किया गया है। इस अवसर पर महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, मारवाड़ी युवा मंच के मयंक अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश अग्रवाल सहित कई पदाधिकारी, सदस्य आदि उपस्थित रहे।

## बंगाल के व्यापारी सौरभ राय के घर ईडी का छापा 64 लाख नकदी बरामद

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में रेत तस्करी से जुड़े मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के बसंतपुर निवासी व्यापारी सौरभ राय के घर छापेमारी कर 64 लाख नकद बरामद किए। नोटों की गड्डियां घर के अलग-अलग हिस्सों में छिपाई गई थीं। ईडी के सूत्रों ने बताया कि एजेंसी की टीम ने सोमवार सुबह से ही राज्य के कई ठिकानों पर लगातार छापेमारी शुरू की थी। छापेमारी के दौरान सौरभ राय घर पर मौजूद नहीं थे। परिवार के सदस्य इतनी बड़ी नकदी के स्रोत और उद्देश्य के बारे में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। एजेंसी सूत्रों ने बताया कि सौरभ राय को पूछताछ के लिए नोटिस भेजा जाएगा ताकि वह कोलकाता के साल्टलेक स्थित ईडी दफ्तर में पेश हों और अपने बयान दर्ज कराएं। छापेमारी के दौरान नकदी के अलावा कई संदिग्ध दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं, जिनसे जांच में और अहम सुराग मिलने की उम्मीद है। सौरभ राय लंबे समय से रेत कारोबार से जुड़े हुए हैं। राज्य में रेत खनन के नियमों के मुताबिक, अधिकृत खनन इकाइयों को प्रशासन के पास उन ट्रकों के पंजीकरण नंबर और मालिकों का विवरण देना होता है, जिनसे नदी से निकाली गई रेत ढोई जाती है।

# प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत



एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों से हालात बिगड़ गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद, पीएम, राष्ट्रपति के निजी आवास में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनके हथियार छीन लिए। उन्होंने 2 पूर्व पीएम के घर पर हमला भी बोला। पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। इसमें उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

उधर, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है। देश में जारी हिंसक हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलिकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया है। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं।

### भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने काठमांडू की सभी उड़ानें रद्द की

**नयी दिल्ली।** नेपाल में बिगड़े हालात के मद्देनजर भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने काठमांडू के लिए सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि एयरलाइंस ने दिल्ली और काठमांडू के बीच अपनी सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। उन्होंने एक बयान में कहा कि एयरलाइंस स्थिति पर नजर रखे हुये है।

### भारत ने जारी किए हेल्पलाइन नंबर

**नयी दिल्ली।** भारत ने नेपाल के मौजूदा घटनाक्रम को देखते हुए अपने नागरिकों को स्थिति सामान्य होने तक नेपाल यात्रा पर नहीं जाने की सलाह दी है। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को यहां इस संबंध में एक परामर्श जारी करने के साथ साथ वहां रह रहे भारतीयों के लिए हेल्पलाइन नम्बर भी जारी किये हैं। भारत ने लोगों से कहा है कि वे अपने निवास स्थान पर ही रहें तथा सड़कों पर निकलने से बचें।

### नेपाल जा रहीं चार फ्लाइट्स की लखनऊ में लैंडिंग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नेपाल में बवाल के चलते काठमांडू जा रहे विमान लखनऊ में उतारे जा रहे हैं। मंगलवार को कुल 4 विमान अमौसी एयरपोर्ट पर लैंड कराए गए। दिल्ली से काठमांडू जा रही इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट 6ई-1153 दोपहर 2.30 बजे डायवर्ट की गई। विमान में 160 यात्री और छह क्रू मेंबर्स सवार थे। काठमांडू एयरपोर्ट के ऊपर कुछ देर चक्कर लगाने के बाद विमान को लखनऊ की तरफ मोड़ा गया। एयर ट्रैफिक कंट्रोल के समन्वय से विमान को लखनऊ एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया गया। दुबई से काठमांडू जा रही फ्लाई दुबई की उड़ान एफजेड-539 को डायवर्ट कर लखनऊ एयरपोर्ट पर दोपहर 3.25 बजे उतारा गया। मुंबई से काठमांडू जा रही इंडिगो की उड़ान 6ई-1157 को डायवर्ट कर लखनऊ उतारा गया और फिर इसे दिल्ली भेज दिया गया। बैंकाक के डॉन मुआंग अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से काठमांडू जा रही थाई लायन एयर की उड़ान टीएलएम-220 को दोपहर 3.05 बजे लखनऊ में उतारा गया। फिलहाल, मुंबई वाले विमान को छोड़ सभी विमान लखनऊ एयरपोर्ट पर खड़े हैं।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,10,440/ |
| 22 कैरेट | = | 10,1250/ |
| 18 कैरेट | = | 82,870/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,30,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### सहकारिता विभाग में होगी 5000 पदों पर भर्ती

**लखनऊ।** सहकारिता विभाग में लगभग 5000 पदों पर जल्दी भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। भर्ती इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनल सिलेक्शन आइबीपीएस की ऑनलाइन प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से होगी। सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। विभाग ने संस्थाओं को रिक्त पदों का ब्यौरा भेजने के निर्देश दिए हैं। सहकारिता विभाग की संस्थाओं में उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक, 50 जिला सहकारी बैंक, उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव यूनियन, उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ आदि है।

### मंत्री सिंधिया ने दुबई में किया यूपीआई व यूपीयू का एकीकरण

**दुबई।** केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज दुबई में आयोजित 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस में भारत के एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) और संयुक्त राष्ट्र की विशेष एजेंसी यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू ) के एकीकरण प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस एकीकरण से दुनियाभर में सीमा-पार पैसे भेजने को आसान, तेज और किफायती हो जाएगा। भारत के डाक विभाग, एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड और यूनिवर्सल पोस्टल यूनियन (यूपीयू) द्वारा विकसित इस परियोजना में यूपीआई को यूपीयू के इंटरकनेक्शन प्लेटफॉर्म के साथ जोड़ा गया है, जिससे डाक नेटवर्क की व्यापक पहुंच और यूपीआई की गति बहुत तेज हो जाएगी। सिंधिया ने इस एकीकरण को सामाजिक संकल्प बताया।

### 183 करोड़ के फर्जी बैंक गारंटी में एमडी समेत दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मंगलवार को मध्यप्रदेश के इंदौर में 183 करोड़ के फर्जी बैंक गारंटी घोटाले मामले में निजी कंपनी तीर्थ गोपिकॉन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक (एमडी) महेश कुंभानी और एक अन्य व्यक्ति गौरव धाकड़ को गिरफ्तार किया है। मामला इंदौर स्थित एक कंपनी द्वारा मध्य प्रदेश जल निगम लिमिटेड को जाली बैंक गारंटी जमा करने और बड़ी वित्तीय धोखाधड़ी से जुड़ा है। इसमें सीबीआई ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए थे। गिरफ्तार दोनों आरोपितों को जल्दी ही इंदौर न्यायालय के विशेष मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया जाएगा। आरोप है कि साल 2023 में कंपनी राज्य के छतरपुर, सागर और डिंडोरी जिलों में कुल 974 करोड़ रुपए मूल्य की तीन सिचाई परियोजनाओं में शामिल थी।

## एनआईए की छह राज्यों में छापेमारी आपत्तिजनक दस्तावेज हुए बरामद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को आतंकी साजिश मामले में पांच राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश के 21 ठिकानों पर की गयी छापेमारी में कई डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किए।

एनआईए के मुताबिक, इस छापेमारी के केंद्र में अखलाथुर उर्फ मोहम्मद अखलाक मुजाहिद है, जिसे भारत में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। आरोपी ने प्रतिबंधित आतंकी संगठनों के साथ मिलकर भारत के खिलाफ जिहाद छेड़ने और इसके लिए मानव व भौतिक संसाधन जुटाने की योजना बनाई थी। जांच में यह भी सामने आया है कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से इन संगठनों के संपर्क में था और उसके पाकिस्तान तथा सीरिया स्थित कट्टरपंथी समूहों से भी संबंध थे। छापेमारी के दौरान बरामद सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क की व्यापकता और उसकी कार्यप्रणाली के बारे में अहम सुराग मिलने की उम्मीद है।




# हिमाचल को मिलेगी 1500 करोड़ की वित्तीय सहायता

## प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश के बाढ़ग्रस्त इलाकों का किया दौरा, की समीक्षा

▸ किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से की जाएगी जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश का दौरा कर भारी वर्षा, बादल फटने, बाढ़ और भूस्खलन से उत्पन्न हालात का जायजा लिया। उन्होंने मंडी और कुल्लू जिलों के प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और इसके बाद कांगड़ा में प्रदेश की स्थिति की समीक्षा की।

यहां उन्होंने प्रभावित लोगों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। वहीं, एसडीआरएफ और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की दूसरी किस्त अग्रिम रूप से जारी की जाएगी। केंद्र सरकार ने नुकसान के आकलन करने के लिए अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय दल पहले ही भेज दिए हैं और उनकी विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आगे की सहायता पर विचार किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बाढ़ और प्राकृतिक आपदा में मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ने कांगड़ा में अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। उन्होंने हिमाचल प्रदेश में बाढ़ की स्थिति पर एक प्रस्तुति देखी। इस दौरान उनके साथ राज्यपाल शिवप्रताप शुक्ला और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह 'सुक्खू' भी थे।प्रधानमंत्री ने स्थिति की गंभीरता को स्वीकार किया और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार स्थिति से निपटने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। प्रधानमंत्री ने पूरे क्षेत्र और लोगों का जीवन पटरी पर लाने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। ये कार्य कई तरीकों से किए जाएँगे।



# इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जजों के पद भरने की याचिका की सुनवाई छह हफ्ते बाद

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीशों के खाली पदों को भरने की मांग में दाखिल बहुचर्चित जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को छह हफ्तों के लिए स्थगित कर दी गई। न्यायमूर्ति वी.के बिड़ला और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने निर्देश दिया कि यह मामला मुख्य न्यायाधीश से नामांकन प्राप्त कर उपयुक्त पीठ के समक्ष लगाया जाए।

9 सितम्बर को सुनवाई के दौरान पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह मामला छह हफ्तों बाद लिया जा सकता है, तब तक न्यायाधीशों की नियुक्तियों के मामले में और प्रगति हो सकेगी।

गौरतलब है कि, हाल ही में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 26 नामों की सिफारिश इलाहाबाद उच्च न्यायालय में जज नियुक्ति के लिए की है। याचिकाकर्ता वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश त्रिवेदी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता एस.एफ.ए. नक़वी और अधिवक्ता शाश्वत आनंद ने दलील दी कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लम्बित करीब 12 लाख मामलों का निपटारा गणितीय दृष्टि से असम्भव है, चाहे सभी 160 स्वीकृत पद ही क्यों न भर दिए जाएं। मौजूदा 87 न्यायाधीशों की स्थिति में तो यह और भी कठिन है। उनका कहना था कि यदि कोई नया मुकदमा दाखिल न भी हो, तो भी बैकलाग को खत्म करने में 5 से 10 साल लग जाएंगे।



### सीएम सचिवालय एमएएमसी, यूसीएमएस को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री सचिवालय, मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज (एमएएमसी) और यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज (यूसीएमएस) को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद मंगलवार को सुरक्षा एजेंसियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए इन प्रतिष्ठानों में तलाशी अभियान चलाया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अनुसार, धमकी से संबंधित एक अलग कॉल भी मिली, जिसके बाद एहतियातन कई दमकल गाड़ियों को मौके पर रवाना किया गया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि एक ईमेल के माध्यम से एमएएमसी, मुख्यमंत्री सचिवालय और यूसीएमएस में बम विस्फोट की धमकी दी गई थी।

## कुलगाम मुठभेड़ समाप्त, आतंकवादी ठिकाना ध्वस्त, दो सैनिक हुए शहीद

▸ एक आतंकी के पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह

एजेंसी

**कुलगाम।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम ज़िले के गुड्डार वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच दो दिनों से चल रही मुठभेड़ मंगलवार को समाप्त हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में दो जवान वीरगति को प्राप्त हुए। बलिदान हुए सैनिकों की पहचान सूबेदार प्रभात गौड़ और लांस नायक नरेंद्र सिंधु के रूप में हुई है।

मुठभेड़ के दौरान सेना के एक मेजर भी घायल हो गए। एक अधिकारी ने बताया कि सोमवार सुबह शुरू हुई मुठभेड़ में बीच-बीच में गोलीबारी होती रही लेकिन रात भर अंधेरे के कारण इसे रोक दिया गया और मंगलवार तड़के फिर से शुरू हो गई। उन्होंने कहा सुरक्षा बलों द्वारा अंतिम दौर की तलाशी के बाद आज दोपहर अभियान समाप्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादी घने जंगल में छिपने के लिए इस ठिकाने का इस्तेमाल कर रहे थे। मारे गए आतंकवादियों की पहचान का पता लगाया जा रहा है हालाँकि एक आतंकवादी के पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है। सुरक्षा बलों ने जंगल में एक ठिकाने का भी भंडाफोड़ किया जहाँ से एक इंसास राइफल और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।

### यूपी टीईटी परीक्षा 2026 29 व 30 जनवरी को

**लखनऊ।** यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज ने यूपी टीईटी समेत तीन प्रमुख परीक्षाओं की तिथि पिछले दिनों जारी की गई थी। यूपी टीईटी का आयोजन 29-30 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के बाद यह पहली टीईटी होगी। शासन ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को निर्देश दिया है कि इन तिथियों को कॉलेजों में कोई परीक्षा का आयोजन नहीं किया जाए। इन तारीखों को विद्यालयों में छात्रों की छुट्टी रहेगी। आयोग प्रवक्ता की लिखित परीक्षा 15-16 अक्तूबर व प्रशिक्षित स्नातक एलटी ग्रेड की लिखित परीक्षा 18-19 दिसंबर को प्रस्तावित है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षादीपक कुमार ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक, सचिव व संस्कृत शिक्षा परिषद के सचिव को पत्र भेजकर इस संबंध में निर्देश दिए हैं।

## बइरबी-सायरंग रेल परियोजना उत्तर-पूर्वी भारत की महत्वाकांक्षी योजना

समृद्धि न्यूज

**नई दिल्ली।** बइरबी-सायरंग रेल परियोजना उत्तर-पूर्वी भारत की सबसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है, जो आजादी के 78 वर्षों के बाद पहली बार मिजोरम की राजधानी को राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ रही है।

इसकी कुल लंबाई लगभग 51.38 किलोमीटर है। यह असम के बइरबी स्टेशन से शुरू होकर मिजोरम के सायरंग तक पहुँचती है। यह परियोजना 4 सेक्शन में पूरी हुई है। जिसमें बइरबी-सायरंग रेल परियोजना में बइरबी- हरतकी सेक्शन (16.72 किमी), हरतकी - कावनपुई सेक्शन (9.71 किमी), कावनपुई- मुअलखांग सेक्शन (12.11), मुअलखांग- सायरंग सेक्शन (12.84 किमी) शामिल हैं। इस परियोजना में 4 नए स्टेशन विकसित किए गए हैं, जो हरतकी, कॉनपुई, मुअलखांग और सायरंग हैं। यह स्टेशन आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं और यात्रियों व माल ढुलाई दोनों के लिए तैयार किए गए हैं। परियोजना की लागत करीब 8071 करोड़ रुपये है। इसका अधिकांश हिस्सा सुरंगों और पुलों से होकर गुजरता है। कठिन पहाड़ी भूभाग, घने जंगल और भारी वर्षा जैसी प्राकृतिक चुनौतियों के कारण इसे देश की सबसे जटिल इंजीनियरिंग परियोजनाओं में गिना जाता है।

चयन | इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले

# सीपी राधाकृष्णन होंगे देश के 15वें उपराष्ट्रपति, मिले 452 वोट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सीपी राधाकृष्णन ने उपराष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है। वे भारत के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे।

मंगलवार को उपराष्ट्रपति चुनाव में 452 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी इंडी गठबंधन के उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी को 300 वोट मिले। सीपी राधाकृष्णन तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में अपने कर्तव्यों के अलावा राधाकृष्णन वर्तमान में महाराष्ट्र के राज्यपाल भी हैं। मंगलवार की सुबह 10 से शाम 5 बजे तक संसद भवन परिसर में मतदान और उसके बाद मतगणना हुई।

नतीजे की घोषणा करते हुए राज्यसभा के महासचिव पीसी मोदी ने बताया कि उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए शाम 6 बजे मतगणना शुरू हुई। इस चुनाव में कुल 781 वोट थे। आज 98.2 प्रतिशत मतदान हुआ। एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले। उन्हें भारत का उपराष्ट्रपति चुना गया है। विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी. सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के 300 मत मिले। उन्होंने बताया कि इस चुनाव में कुल 767 सांसदों ने वोट डाला, जिसमें 15 अमान्य पाए गए, जबकि एक सांसद ने अपने पोस्टल बैलेट का प्रयोग किया। उपराष्ट्रपति पद पर सीपी राधाकृष्णन की जीत पर सांसद प्रह्लाद जोशी के घर पर जश्न का माहौल है। सीपी राधाकृष्णन प्रह्लाद जोशी के घर पहुंच गए हैं। वहां दक्षिण भारतीय कलाकार अपने वाद्य यंत्रों के साथ मौजूद हैं। उनके घर पर प्रधानमंत्री सहित गठबंधन के कई सांसद और नेता राधाकृष्णन को बधाई देने पहुंचेंगे।

### सीपी राधाकृष्णन के राजनीतिक सफर पर एक नजर

चंद्रपुरम पोन्नुसामी (सीपी) राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के तिरुपुर में कोंगु वेल्लालर गौंडर समुदाय में हुआ था। उन्होंने तमिलनाडु के थूथुकुडी स्थित वीओ चिदंबरम कॉलेज से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातक (बीबीए) की उपाधि प्राप्त की। अपनी शैक्षणिक उपलब्धियों के अलावा, उन्होंने कॉलेज स्तर की टेबल टेनिस चैंपियनशिप जीतकर कम उम्र में ही अपनी विविध रुचियों का प्रदर्शन किया। राधाकृष्णन ने 17 वर्ष की आयु में भारतीय जनसंघ और आरएसएस में सक्रिय रूप से भाग लेना शुरू कर दिया था। उनका लंबा राजनीतिक जीवन 1974 में शुरू हुआ जब वे जनसंघ की राज्य कार्यकारी समिति के लिए चुने गए, जो राजनीति में उनकी आधिकारिक शुरुआत थी।



समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार



## खबरें एक नजर में

### रतनापुर गांव में नकदी समेत लाखों के जेवर चोरी

**फरधान खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम रतनापुर में चोरों ने अशर्फी लाल के घर में सेंध लगाकर सात हजार की नगदी समेत जेवर और माल के बर्तन सहित लाखों का सामान चोरी किया। वारदात के बाद पुलिस गश्त पर सवाल उठ रहे है। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दे दी है। रतनापुर गांव निवासी अशर्फीलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया वह घर के बाहर टिनशेड के नीचे सोए हुए थे। रात करीब 1:00 बजे घर के अंदर आहट आने पर घर के एक व्यक्ति निकलकर दूसरे कमरे अंदर जा रहा है। वह अकेले घर में घुसने से डर गए। शोर मचाने पर आसपास के लोग जाग गए। तब घर के अंदर घुसे घुसकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा हुआ है। पीछे की दीवार में सेंध लगाकर चोरी हो गई है। कमरे में मिट्टी में गड़े सोने चांदी के जेवर भी चोर चुरा ले गए हैं। वहीं माल के बर्तन भी चोरी हो गए हैं। अशर्फीलाल ने बताया घर में रखी 7000 की नगदी समेत करीब 2 लाख के सोने चांदी के जेवर और माल के बर्तन चोरी में चला गया है। प्रभारी निरीक्षक दया शंकर द्विवेदी ने बताया तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### खेत देखने गये किसान की गोमती नदी में डूब कर मौत



**अमीरनगर खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव कंधरापुर निवासी एक किसान की गोमती नदी में डूब कर मौत हो गई । काफी खोजबीन के बाद मंगलवार की सुबह बंसी के शव को स्थानीय गोताखोरों के द्वारा ढूंढ निकाला गया। पुलिस के द्वारा शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल सोमवार 8 अगस्त को बंशीधर उर्फ वंशी( 40 )शाम को समय लगभग चार पांच बजे अपने साथी राजेश आदि के साथ अपने खेतों की तरफ अपनी फसल देखने को गया था।जो कि गोमती नदी के किनारे स्थित है। वहीं पर बंशी का पैर फिसल जाने के कारण वह गिर गया और नदी के गहरे पानी में समा गया। साथियों ने डूबे बंशी की तलाश शुरू कर दी आनन-फानन में सूचना परिजनों तथा स्थानीय पुलिस चौकी अमीर नगर को दी। रोते बिलखते परिजन भी मौके पर पहुंचे। मौके पर पहुंचे पुलिस चौकी प्रभारी राघवेंद्र प्रताप सिंह ने स्थानीय गोताखोरों के द्वारा देर रात तक डूबे बंसी की तलाश जारी रखी लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सुबह होते ही आज 9 सितंबर मंगलवार को काफी खोजबीन के बाद पुलिस की उपस्थिति में वंसी के शव को ढूंढ निकाला गया इसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लखीमपुर भेज दिया गया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### मस्जिदों से एलान कर पंजाब बाढ़ पीड़ितों को भेजी गई राहत सामग्री



**मितौली खीरी।** पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये मुस्लिम समाज के लोग। कस्बे की मस्जिदों से एलान कर पंजाब में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए चंदा इकट्ठा किया गया। इसके अलावा लोगों ने राशन कपड़ा व अन्य राहत सामग्री भी पंजाब के बाढ़ पीड़ितों को भेजी है। मंगलवार को कस्बे की नूरी जामा व कादरी जामा मस्जिद के इमामों के एलान के बाद कस्बे से राहत सामग्री इकट्ठा कर पंजाब को भेजी गई। मंगलवार को नूरी जामा मस्जिद के ईमाम मौलाना इरफान कादरी व कादरी जमा मस्जिद के ईमाम मौलाना शान मोहम्मद ने मस्जिदों से एलान किया। पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए हर संभव मदद के लिए एलान किया। कहा घरों से जो भी हो सके मदद कीजिये। पंजाब में आई त्रासदी को लेकर चंदा लेने आई टीम को लोगो ने अपने घरों से राशन कपड़ा सहित आर्थिक सहायता इकट्ठा कर पंजाब के लिए रवाना कर दी है। वहीं इसके अलावा क्षेत्र की बीरमपुर, खंजननगर कस्ता आदि की मस्जिदों से राहत सामग्री भेजी गई। इस मौके पर समाजसेवी महबूब हसन, बब्बू रस्तोगी, फारुक किराना, कल्लू टेलर, जीशान, आमिर, इमरान खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### खुला प्रश्नमंच कार्यक्रम के साथ जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह का शुभारंभ



**लखीमपुर-खीरी।** जेसीआई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित जेसीआई जनसंपर्क सप्ताह का शुभारंभ नगर पालिका परिषद सभागार में हुआ। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं के मध्य प्रश्नमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव के गरिमामय संरक्षण में संस्थाध्यक्ष शुभम टण्डन, सप्ताह संयोजक सचिन अग्रवाल, सचिव राहुल अग्रवाल, कार्यक्रम निदेशक राहुल माथुर, आलोक शुक्ला व प्रभारी अर्जित अग्रवाल द्वारा रंगीन गुब्बारे और शांति के प्रतीक श्वेत कपोत आकाश में उड़ाकर की गई। इसके बाद जेसीआई के संस्थापक सर हेनरी गिसिन्वियर के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सतगुरु टीवीएस के गौरव मेहता और अक्षत मेहता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अर्जित अग्रवाल ने किया। उन्होंने छात्रों से सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्न पूछे और सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य डॉ. राकेश माथुर, मीडिया प्रभारी आर्येन्द्र पाल सिंह, मंडल उपाध्यक्ष सौरभ गुप्ता, मंडल निदेशक कनिष्क बरनवाल, मीता गर्ग, पूर्वाध्यक्ष राममोहन गुप्ता, विद्यालय शिक्षिका पुनीता दीक्षित व लक्ष्मी रस्तोगी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### मान्यताविहीन स्कूलों पर गिरी गाज, संचालन बंद करने के आदेश



**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** खण्ड शिक्षा क्षेत्र कुम्भी गोला में शिक्षा विभाग ने एक बार फिर सख्ती दिखाते हुए मान्यताविहीन विद्यालयों पर कार्रवाई शुरू कर दी है। जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीराम और नामित शिक्षक जगदीश प्रसाद ने मंगलवार को क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई चौंकाने वाली अनियमितताएं सामने आईं। निरीक्षण टीम सबसे पहले शिव आरएमए पब्लिक विद्यालय, कस्ता रोड सिकन्द्राबाद पहुंची, जहां विद्यालय प्रबंधन मान्यता से संबंधित आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। स्कूल में बच्चों की पढ़ाई तो चल रही थी, लेकिन वैधानिक मान्यता का कोई प्रमाण नहीं दिया जा सका। इससे स्पष्ट होता है कि विद्यालय अवैध रूप से संचालित हो रहा है। इसी क्रम में टीम ने रशीदिया बरकातिया मदरसा का भी निरीक्षण किया। यह मदरसा केवल कक्षा 1 से 5 तक के लिए मान्यता प्राप्त है, लेकिन मौके पर कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों की पढ़ाई होती पाई गई। यह मुफ्त एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 का खुला उल्लंघन है। एक अन्य विद्यालय में निरीक्षण टीम के पहुंचने से पहले ही प्रबंधन ने छात्रों की छुट्टी कर दी। इससे संदेह और गहराता है कि विद्यालय में अनियमितताओं को छिपाने का प्रयास किया गया। इन सभी अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीराम ने संबंधित विद्यालयों को तत्काल प्रभाव से विद्यालय संचालन बंद करने का नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि विद्यालयों का संचालन बिना मान्यता के जारी रहा, तो उनके विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में विद्यालय को स्थायी रूप से बंद करने के साथ-साथ प्रबंध समिति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जा सकता है। खण्ड शिक्षा अधिकारी श्रीराम ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश केवल उन्हीं विद्यालयों में कराएं, जो वैध रूप से मान्यता प्राप्त हों। विभाग की ओर से समय-समय पर ऐसे स्कूलों की सूची जारी की जाती है, जिन्हें मान्यता प्राप्त है। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य सर्वोपरि है, इसलिए शिक्षा के अधिकार के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ सहन नहीं किया जाएगा।

### नेपाल के धनगढ़ी में हिंसक प्रदर्शन, कर्फ्यू लागू सीमाओं पर कड़ी सुरक्षा



**गौरीफंटा खीरी।** नेपाल के सुदूर पश्चिमी शहर धनगढ़ी में मंगलवार को आंदोलनकारियों ने उग्र रूप धारण कर लिया। आक्रोशित भीड़ ने कई सरकारी कार्यालयों को आग के हवाले कर दिया और सड़क पर खड़ी कई गाड़ियों को भी फूंक डाला। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि भीड़ ने नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा एवं उनकी पत्नी पर हमला कर उन्हें चोटिल कर दिया। इतना ही नहीं उनका घर भी आग के हवाले कर दिया गया। हिंसा का शिकार नेपाल की विदेश मंत्री आरजू राणा देउवा भी बनीं जिन्हें भीड़ ने बीच सड़क पर पीट दिया। अचानक भड़की हिंसा के चलते पूरे धनगढ़ी शहर में कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बल स्थिति को नियंत्रित करने में जुटे हुए हैं। घटनाओं की गंभीरता को देखते हुए भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। लखीमपुर खीरी जिले से सटी सभी नेपाल सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सशस्त्र सीमा बल को हाई अलर्ट पर रखा गया है और सीमावर्ती इलाकों में सघन गश्त की जा रही है ताकि हिंसक भीड़ भारत की सीमा में प्रवेश न कर सके। अचानक भड़की इस हिंसा से नेपाल में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। वहीं सीमा से सटे भारतीय कस्बों में भी लोग सतर्कता बरत रहे हैं। स्थिति नियंत्रण में लाने के लिए नेपाल सरकार ने सेना और अर्धसैनिक बलों को अलर्ट पर रखा है। आपको बता दे कि सोमवार को काठमांडू में हुए हिंसक प्रदर्शन में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई और लगभग 250 लोगों के घायल होने की सूचना मिल रही है तो वही मंगलवार को प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने भी अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

# छोटी काशी कॉरिडोर का निरीक्षण: गुणवत्ता व समय-सीमा पर विशेष जोर

- प्रबुद्ध जल समिति की टीम ने भोलेनाथ की पूजा कर कार्य का लिया जायजा, दिए सख्त निर्देश



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध गोला गोकर्णनाथ स्थित निर्माणाधीन भव्य कॉरिडोर का मंगलवार को प्रबुद्ध जल समिति की टीम ने निरीक्षण किया। राजधानी लखनऊ से आई टीम ने निरीक्षण की शुरुआत भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना कर की। इसके उपरांत समिति ने कॉरिडोर परिसर का बारीकी से अवलोकन करते हुए निर्माण कार्य की प्रगति और गुणवत्ता का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम का नेतृत्व एक सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी ने किया। उनके साथ मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। टीम ने निर्माण स्थल पर मौजूद कार्यदायी संस्था के अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली और निर्माण की हर गतिविधि का सूक्ष्म अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान समिति ने साफ शब्दों में निर्देश दिए कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। समिति ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाई गई तो संबंधित विभाग एवं संस्था की जवाबदेही तय की जाएगी।

समिति ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य को तय समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण किया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को शीघ्र ही इस भव्य कॉरिडोर की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। निरीक्षण के दौरान कॉरिडोर की डिज़ाइन, सामग्रियों की गुणवत्ता, सीवरेज और जल निकासी की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया गया। छोटी काशी कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा होने के पश्चात न केवल शहर की धार्मिक पहचान को और बल मिलेगा, बल्कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को भी एक अत्याधुनिक और सुविधाजनक वातावरण प्राप्त होगा। समिति ने यह भी संकेत दिया कि निर्माण के बाद यह स्थल राज्य के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थलों में शामिल हो सकता है। निरीक्षण के प्रमुख बिंदुओं में निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष जोर, निर्धारित समय में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश, श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाओं की व्यवस्था का लक्ष्य तय किया गया।

> छोटी काशी का यह कॉरिडोर केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को सहेजने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। शासन प्रशासन इसकी गुणवत्ता और समय-सीमा दोनों पर गंभीर हैं। निरीक्षण के बाद समिति ने सभी अधिकारियों को पुनः बैठक में बुलाकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने और प्रत्येक कार्य की समय-सीमा निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। अब सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि यह परियोजना कब तक श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार होगी।
>
> -युगांतर त्रिपाठी, एसडीएम

# बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर अभिभावकों के लिए काउंसलिंग सेशन आयोजित

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**




एब्लॉन पब्लिक स्कूल, सिंगाही रोड निघासन में मंगलवार को अभिभावकों के लिए पेरेंट्स काउंसलिंग सेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को बच्चों के सर्वांगीण विकास, अनुशासन और सकारात्मक माहौल बनाने की दिशा में मार्गदर्शन देना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर राकेश कश्यप एवं प्रबंधिका मीनाक्षी कश्यप ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीबीएसई रिसोर्स पर्सन यासिर आजम ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों के साथ संवाद, प्यार और अनुशासन का संतुलन बेहद जरूरी है। उन्होंने मोबाइल, टीवी और इंटरनेट के सही उपयोग पर भी विशेष जोर दिया और बताया कि अगर बच्चों के साथ अभिभावक दोस्ताना और अनुशासित व्यवहार अपनाएं तो बेहतर परिणाम देखने को मिलते हैं। काउंसलर कल्याणी भाटिया ने बच्चों के गुस्से, जिद और अनुशासन संबंधी चुनौतियों पर अभिभावकों को सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों के बीच संतुलन बनाने से बच्चे मानसिक और शारीरिक दोनों स्तर पर आगे बढ़ते हैं। बतौर अतिथि पधारी मोटिवेशनल स्पीकर दिव्या मीरा ने कहा कि बच्चों के लिए घर का माहौल सबसे बड़ा सीखने का स्थान होता है। अगर परिवार में खुला और विश्वासपूर्ण वातावरण हो तो बच्चे आत्मविश्वासी और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ते हैं। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों का रोल मॉडल बनने और उनके सामने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रगति तभी संभव है जब शिक्षक और अभिभावक मिलकर उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रयास करें।एब्लॉन पब्लिक स्कूल, सिंगाही रोड, निघासन, खीरी द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम अभिभावकों को बच्चों की परवरिश में सहयोगी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करने वाला साबित हुआ।

# ग्रीन फील्ड एकेडमी में योग शिविर का आयोजन

- योग वेलनेस सेंटर महेवागंज की पहल से बच्चों को मिला योगाभ्यास का प्रशिक्षण



**लखीमपुर खीरी।** योग वेलनेस सेंटर, महेवागंज द्वारा प्रतिष्ठित ग्रीन फील्ड एकेडमी में योग शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राज्य आयुष समिति के मार्गदर्शन में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुमन कुमार के नेतृत्व, कार्यक्रम प्रबंधक श्री सुरेन्द्र सिंह के संयोजन तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी विनय भारती के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर संविदा योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल ने योग के महत्व और उसके लाभों की जानकारी साझा की। वहीं योग सहायक राजदीपिका तिवारी ने विभिन्न योगासन प्रस्तुत कर बच्चों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यक्रम में कक्षा 4 से 8 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि योग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी है।

# कटान पीड़ित परिवारों के लिए रेडक्रॉस ने लगाया स्वास्थ्य शिविर

- त्रिपाल व हाइजीन किट वितरित, डीएम के निर्देश पर हुआ आयोजन

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी खीरी के निर्देश पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी खीरी की ओर से ब्लॉक निघासन के ग्राम ग्रांट नंबर 12 में स्वास्थ्य/प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कटान पीड़ित परिवारों का सर्वेक्षण कर उन्हें राहत सामग्री वितरित की गई। शिविर की अध्यक्षता रेडक्रॉस खीरी चेयरमैन व पूर्व एसीएमओ डॉ. रवींद्र शर्मा ने की। कटान की त्रासदी झेल रहे ग्राम ग्रांट 12 के लगभग 70 परिवार नदी में समा चुके हैं। प्राचीन शिव मंदिर सहित दो मंदिर भी नदी में विलीन हो गए। खुले आसमान के नीचे कड़ी धूप और बरसात में रहने को मजबूर ग्रामीण अब स्किन रोग, वायरल बुखार और बाढ़जनित बीमारियों से पीड़ित हो रहे हैं। इन्हीं परिस्थितियों को देखते हुए रेडक्रॉस द्वारा शिविर लगाया गया, जिसमें डॉ. शर्मा ने मरीजों को आवश्यक दवाइयां और परामर्श दिया। रेडक्रॉस सचिव आरती श्रीवास्तव ने ग्रामीणों की मदद से प्रभावित परिवारों की सूची तैयार कराई। इस दौरान रेडक्रॉस आजीवन सदस्य लेखपाल आदित्य मिश्रा, बबीता सक्सेना, अनुराग सक्सेना, हरयंक सिंह, सुनीता सिंह और अमरनाथ शुक्ला ने मिलकर 10 अत्यंत गरीब परिवारों को त्रिपाल व हाइजीन किट वितरित किए। कुल 26 परिवारों को हाइजीन किट भेंट की गई। कटान से घर उजड़ने के बाद ग्रामीणों का दर्द भी सामने आया। राजाराम की पत्नी ने अपना घर कटते देख गहरे सदमे में दम तोड़ दिया। वहीं ग्रामीणों ने आक्रोश जताते हुए कहा ङ्क ÷हम लोगन का सब बिगड़ गवो है, घर-बखरी, गन्ना सब कट गवो। अब बस बंधे के बाहर जमीन दिलवा दव।÷ उन्होंने त्वरित राहत के तौर पर त्रिपाल, मच्छरदानी, बर्तन, कपड़े, खाद्य सामग्री और दवाइयों की मांग की।रेडक्रॉस पदाधिकारियों ने आश्वासन दिया कि प्रभावितों को जल्द से जल्द इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी मुख्यालय से अतिरिक्त राहत सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम में डॉ. रवींद्र शर्मा, लेखपाल आदित्य मिश्रा, बबीता सक्सेना, हरयंक सिंह, अमरनाथ शुक्ला, सुनीता सिंह व अनुराग सक्सेना की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना पर कार्यशाला, तीन लाभार्थियों को मिले पांच-पांच लाख के चेक

**मोहम्मदी (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**




मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत गिरिराज मैरिजलॉन् में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद रेखा वर्मा, विशिष्ट अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, उपायुक्त उद्योग उज्ज्वल सिंह, खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, राजापुर मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख महेन्द्र कुमार बाजपेई, इंद्रजीत सिंह सहित उद्योग विभाग के कर्मचारी व ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे। करीब दो घंटे विलंब से शुरू हुई कार्यशाला में युवाओं को योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि नौकरी को ही जीवन का अंतिम लक्ष्य मानना उचित नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में युवाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने युवाओं से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने का आह्वान किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर योजनाओं को धरातल पर उतार रही हैं और युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त उद्योग उज्ज्वल सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है, जिसके तहत बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने युवाओं से इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। अंत में योजना के अंतर्गत ममता देवी, ऋषभ वर्मा और लखबेन्द्र सिंह को विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने पाँच-पाँच लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

# पूर्व विधायक ने सपा अध्यक्ष से की भेंट, संगठन की मजबूती पर जोर



**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी पूर्व विधायक अनवर महमूद खां ने समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात में पूर्व सपा विधायक अनवर महमूद खां ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव की अगुवाई में चुनाव लड़कर पूर्व बहुमत की अखिलेश यादव नेतृत्व में सपा सरकार बनायेंगे। सपा पूर्व विधायक अनवर महमूद खां ने सपा संगठन की मजबूती, पीडीए कार्यक्रम व उतरौला विधानसभा की समस्यायों पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से चर्चा की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि शाकिब महमूद खां, शाहिद महमूद खां, राशिद महमूद लवी, सपा युवजन सभा जिलाध्यक्ष मोहम्मद हबीब खां आदि मौजूद रहे।

# जय गुरुदेव के अनुयायी बाबा पतिराम ने की मौत की भविष्यवाणी

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



अंधविश्वास में आत्मा मुक्ति का दावा, प्रभारी निरीक्षक की सतर्कता ने बचाई युवक की जान । मंगलवार की दोपहर 12:55 बजे ग्राम पतकरपुर, थाना सादुल्लानगर क्षेत्र में अंधविश्वास का खतरनाक खेल सामने आया। गाँव निवासी पतिराम वर्मा पुत्र दुखराम ने यह दावा किया कि वह आत्मा की मुक्ति के लिए विशेष अनुष्ठान करने जा रहे हैं। पतिराम का कहना था कि उनके गुरु ने उन्हें शुद्ध शिष्य घोषित कर यह समय तय किया है। जैसे ही यह सूचना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह को मिली, उन्होंने तत्काल टीम के साथ मौके पर पहुँचकर पतिराम को रोक लिया। पुलिस ने समझा-बुझाकर पतिराम को सुरक्षित कब्जे में लिया और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सादुल्लानगर भेजा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. विजय भान ने उनकी पूरी चिकित्सीय जाँच की। डॉक्टर ने बताया, पतिराम पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उनके शरीर में किसी प्रकार की गंभीर बीमारी नहीं है। यह सब अंधविश्वास और मानसिक वहम का परिणाम है। कुछ लोग पतिराम की गुरु भक्ति को श्रद्धा की दृष्टि से देख रहे थे, तो अधिकांश लोग इसे अंधविश्वास का खतरनाक रूप मानते हुए पुलिस की सराहना कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने कहा, हमारा उद्देश्य किसी की आस्था या भावना को आहत करना नहीं है, बल्कि लोगों की जान बचाना है। पतिराम को समझाकर उनके परिजनों को सुरक्षित सुपुर्द कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अंधविश्वास पर आँख मूंदकर भरोसा न करें और ऐसी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें। यह घटना एक बार फिर यह संदेश देती है कि अंधविश्वास से जीवन को खतरा हो सकता है और समाज को जागरूक रहने की आवश्यकता है।

### जेएम हॉस्पिटल का भाजयुमो के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने किया उद्घाटन



**रेहराबाजार/बलरामपुर।** विकास क्षेत्र ग्राम पंचायत अधीनपुर बाज़ार में डॉ. अहमद अंसारी के जेज़एम हॉस्पिटल का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह ने फीता काटकर हॉस्पिटल का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह के दौरान वैभव सिंह ने कहा कि इस हॉस्पिटल के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी सुविधा मिलेगी। ग्रामीण अंचल में आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होना एक सराहनीय कदम है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा महेन्द्र पाण्डेय, पूर्व प्रधान रुधौली ओम प्रकाश सिंह, पूर्व प्रधान भैरवा दिनेश सिंह, प्रधान अनिल चतुर्वेदी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुरेंद्र चौबे, क्षेत्र पंचायत सदस्य सतीश कुमार सिंह, मनोज सिंह मोनू, नब्बन वर्मा, संजय सिंह, अरविन्द सिंह, आनंद बाबा, रमेश चौहान सहित बड़ी संख्या में सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# सीएचसी श्रीदत्तगंज में मरीजों को नहीं मिल रही हैं मूलभूत सुविधाएं

- अस्पताल के स्टोर रूम के सामने जलाई गईं बेसकीमती दवाइयां
- अस्पताल के मुख्य द्वार पर जलभराव से आवागमन बाधित

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**








जनपद बलरामपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में अव्यवस्थाओं का टोटा अस्पतल में न तो दवाई है तथा न ही डॉक्टर भगवान भरोसे से चल रहा है अस्पताल। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में केवल 3 डॉक्टर है जो प्रतिनदिन अस्पताल में बैठते है मगर आए दिन उच्चाधिकारियों के निर्देशन में अस्पताल छोड़कर जिले मीटिंग व अन्य कार्य के लिए जाना पड़ता है जिससे डॉक्टर की कुर्शी खाली हो जाती है मरीज को बराबर दवा नही मिल पाती है । कृष्णावती का कहना है कि अस्पताल में महिला डॉक्टर न होने से महिलाओं को 25 किलोमीटर जाना पड़ता है तथा अस्पताल में महिलाओं को दवा नही मिल पाती है। ज्योती मौर्या ग्राम बीरवल डीह निवासी का कहना है कि अस्पताल में केवल 1 अदद एक्सरे की मशीन लगी है अल्ट्रासाउंड की मशीन नहीं है जिससे गर्भवती महिलाओं को दर दर भटकना पड़ता है तथा महंगे दाम लगाकर अल्ट्रासाउंड बाहर दूरी तय करके कराना पड़ता है। मुस्तकीम नवी डीह का कहना है कि अस्पताल में गर्भवती का पार्श्व कराने के लिए जब लाओ तो बाहर सिरिंज व दर्द बढ़ाने का इंजेक्शन खरीदना पड़ता है। विमला ने बताया कि सुबह 10 बजे से अस्पताल में दवा कराने लिए आई हूं अभी तक 12 बजे तक दवा नही मिल पाई है । दवा कराने आए जगदीश ने बताया कि अस्पताल के मुख्य द्वार पर जलभराव है जिससे मरीजो को आने जाने में भारी समस्या होती है।कुल मिलाकर अस्पताल से मरीजो को संतोष जनक सुख सुविधा नही मिल रही है अस्पताल के अधिकारियों व कर्मचारियों कागजी घोड़ा चलाकर कार्य को इति श्री करते है। अस्पताल परिसर में साफ सफाई ठीक ढंग नही होता है अस्पताल के पीछे बेसकीमती दवाई जला दी जाती है। अधीक्षक डॉ आनंद प्रकाश त्रिपाठी का कहना है कि डेली 200 ओपीडी देखा जाता है अस्पताल में महिला डॉक्टर व चाइल्ड रोग विशेषज्ञ की जरूरत है उन्होंने बताया कि उच्चाधिकार्यो को अवगत कराकर महिला डॉक्टर व बच्चों रोग विशेषज्ञ की मांग बराबर किया जा रहा है शासन के मंसारूप मरीजो की दवाई की जाती तथा मरीजो को सब सुख सुविधा मिलती है।

लकी टी स्टाल एंड रेस्टोरेंट
स्वादिष्ट फास्ट फूड एवं मनभावन चाय
पताः निकट अरबिंदो पुलिस चौकी, तकरोही रोड, इंदिरानगर, लखनऊ

# विद्यार्थी के जीवन को आलोकित कर राष्ट्र को रोशन करती है शिक्षा

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि का 23वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

▸ राज्यपाल ने 55,634 उपाधियां व कुल 88 पदक प्रदान किए

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने विद्यार्थियों से कहा कि उपाधि के साथ एक नए दायित्व का भी संचार होता है। स्नातक केवल व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक नहीं, बल्कि समाज और देश के लिए आशा का संदेशवाहक होता है। शिक्षा और विज्ञान का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि मानवता की सेवा, नवाचार और राष्ट्र के उत्थान में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का दीपक है जो प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन को आलोकित कर राष्ट्र को रोशन करता है। यह अवसर विद्यार्थियों के लिए आत्ममंथन और संकल्प का है कि वे अपने अर्जित ज्ञान का उपयोग राष्ट्रहित में करें और भारत की गरिमा को वैश्विक पटल पर और प्रखर बनाएं। कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में मंगलवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय का 23वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। कुलाधिपति ने छात्र-छात्राओं को 55,634 उपाधियां एवं कुल 88 पदक प्रदान किए, जिनमें 35 स्वर्ण पदक, 26 रजत पदक तथा 25 कांस्य पदक शामिल रहे। राज्यपाल ने तकनीकी युग की आवश्यकताओं के अनुरूप ब्लॉकचेन आधारित डिजिलॉकर में सभी उपाधियों का समावेश किया।

**शुभांशु शुक्ला को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि**

इस अवसर पर राज्यपाल ने गगनयात्री शुभांशु शुक्ला को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान करते हुए उन्हें राष्ट्रगौरव और विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह किसी भी विश्वविद्यालय का केवल औपचारिक आयोजन नहीं होता, बल्कि यह संस्था की शैक्षणिक यात्रा का उज्ज्वल पड़ाव होता है। यह दिन विश्वविद्यालय के लिए गौरव का और छात्र-छात्राओं के जीवन का अविस्मरणीय क्षण है।

उन्होंने बताया कि उपाधियाँ वितरित की गई हैं, जिनमें 70 प्रतिशत छात्र और 30 प्रतिशत छात्राएँ हैं। लम्बे समय के बाद छात्रों की संख्या छात्राओं से अधिक होना यह इंगित करता है कि तकनीकी क्षेत्र में छात्राओं की भागीदारी अपेक्षाकृत कम है। उन्होंने छात्राओं से विशेष रूप से अपील की कि वे भी विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में आगे आएँ और अपनी प्रतिभा से देश का नाम रोशन करें।

# बीएसए-डीआईओएस की तरह होंगे जिला उच्च शिक्षा अधिकारी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जिलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीएसए व जिला विद्यालय निरीक्षक डीआईओएस की तर्ज पर जिला उच्च शिक्षा अधिकारी भी बनाए जाने की तैयारी की जा रही है।

जिला स्तर पर निजी विश्वविद्यालयों व डिग्री कॉलेजों की जांच की जा सके, इसके लिए तैयारी की जा रही है।यूपी में निजी विश्वविद्यालयों व कॉलेजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसे में भविष्य में प्रभावी शिकंजा कसने पर मंथन किया जा रहा है। अभी प्रदेश में आठ मंडलों में ही क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी आरएचओ कार्यालय हैं। ऐसे में एक-एक क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों के पास अपने मंडल के अलावा कई जिलों की जिम्मेदारी है। अब 10 मंडल में आरएचओ कार्यालय खोलने और उसके लिए स्टॉफ की भर्ती प्रक्रिया चल रही है, जिसमें अलीगढ़, आजमगढ़, प्रयागराज, चित्रकूट, देवीपाटन, अयोध्या, बस्ती, विंध्याचल, मुरादाबाद व सहारनपुर मंडल शामिल हैं।

अब पर्याप्त सख्ती बढ़ेगी। जिलों में मान्यता से संबंधित जांच और फीस के प्रकरणों को और बेहतर ढंग से सुलझाया जा सके, इसके लिए जिला स्तर तक अधिकारी तैनात करने की तैयारी है।

## बिजली कर्मियों ने प्रान्त भर में व्यापक विरोध प्रदर्शन

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश ने आरोप लगाया है कि यद्यपि अभी पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण की बात खुलकर की जा रही है किंतु वस्तुतरू प्रदेश सरकार संपूर्ण ऊर्जा क्षेत्र का निजीकरण करने की तैयारी कर रही है। संघर्ष समिति के केंद्रीय पदाधिकारियों ने आज यहां कहा कि 220 केवी और इससे अधिक क्षमता के विद्युत उपकेंद्रों और लाइनों का कार्य टी बी सी बी प्रक्रिया के तहत देने का निर्णय वस्तुतः पूरे ट्रांसमिशन सेक्टर के निजीकरण का राजमार्ग है। 100 करोड रुपए की लागत से अधिक की ट्रांसमिशन परियोजनाओं पहले ही टी बी सी बी प्रक्रिया के तहत निजी घरानों को दी जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### शक्ति भवन पर किसानों का हल्ला बोल आंदोलन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में भारतीय किसान यूनियन ने हजरतगंज स्थित शक्ति भवन का घेराव किया। बिजली और पानी के मुद्दे को लेकर बड़ी संख्या में किसानों पहुंचे हैं। भारतीय किसान यूनियन (भानु) गुट के लोग शक्ति भवन और श्रीराम टावर के बीच की रोड को घेर लिया है। प्रदर्शन में शामिल होने के लिए लखनऊ और आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं। किसान ट्रैक्टर और दूसरी खुली गाड़ियों से पहुंचे हैं। इससे हजरतगंज चौराहा और श्रीराम टावर के बीच में भीषण जाम लग गया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अन्नू ने कहा कि किसानों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। हमें नलकूप के लिए 15 घंटे बिजली की आवश्यकता है। मगर बिजली विभाग के द्वारा हर 2 घंटे पर कटौती कर दी जाती है। बिजली कटौती से किसान लगातार परेशान है। लाइन मैन कहीं भी किसानों की बात नहीं सुनता है। बिजली न होने से खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। बिना पानी के फसलों को कैसे उगाया जाए या संभव नहीं है। प्रदर्शनकारी किसानों ने कहा कि प्रदेश भर में खराब पड़े तमाम ट्रांसफॉर्मर को 24 घंटे में बदला जाए। प्रदेश के किसानों के निजी नलकूप और एग्रीकल्चर फीडर पर कम से कम 15 घंटे बिजली सप्लाई की जाए।

### आंचलिक विज्ञान नगरी धूमधाम से मना रही अपनी 36वीं वर्षगांठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी में इन दिनों विज्ञान नगरी का 36वीं वर्षगांठ समारोह का आयोजन किया जा रहा है। सात सितम्बर से बीस सितम्बर तक चलने वाले इस समारोह में विभिन्न वैज्ञानिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। विज्ञान नगरी के परियोजना समन्वयक डा0 स्वरूप मंडल ने इस आषय की जानकारी देते हुये बताया कि 36वी वर्षगांठ के अवसर पर बच्चों के लिये विभिन्न वैज्ञानिक गोष्ठियों, परिचर्चा, फिल्म शो आकाश दर्शन, गैलरियों का भ्रमण आदि का आयोजन किया जाता है। साथ ही जूनियर व सीनियर वर्गों में पोस्टर मेंक्रिग, एक्जिविट हंट, इन्नोवेटिव हैण्ड जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। जिसके विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाता है। वर्षगांठ उत्सव का समापन पुरस्कार वितरण के साथ बीस सितम्बर को होगा।

### नाले में उतराता मिला युवक का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज में नाले में एक युवक का शव उतराता मिला। पास ही सड़क पर खून के धब्बे और खून से सनी चप्पल बरामद हुई है। लोगों ने कहा कि युवक की हत्या करके नाले में शव फेंका गया है। घटना निगोहां थाना क्षेत्र के गौतमखेड़ा गांव की है। मंगलवार सुबह बांक नाले के पास से गुजर रहे लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई। मृतक की पहचान सनी रावत निवासी शंकर बक्श खेड़ा थाना मोहनलालगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बिप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** त्रिवेणी नगर में हो रही श्रीराम कथा के तृतीय दिवस राम के इस धरा पर अवतरण के हेतु भारतीय संस्कृति के पोषक विप्र (ब्राह्मण, विद्वान), धेनु (गौ और पृथ्वी) सुर (देवता ) संत (लोक-मंगल कारी शक्तियां) के संरक्षण एवं संवर्धन था। इन चारों के बिना सनातन कभी पुष्ट नहीं हो सकता। कथा व्यास भाईश्री दिलीप शुक्ल जी ने कहा कि आज समाज भौतिक सम्पन्नता के बाद भी कष्ट में है क्योंकि वह गौ, ब्राह्मण, देवता और संत की उपेक्षा और परिहास में नहीं चुकता। भारत ही नहीं सम्पूर्ण विश्व मानवता बिना इनके संरक्षण के कभी भी प्रफुल्लित नहीं हो सकती। कथा में राम जन्मोत्सव पर भावविभोर हो झूम उठे सभी भक्तगण। अनिल कुमार अग्रवाल, शिवशंकर अवस्थी, विशाल तोमर, हेमन्त रस्तोगी, मुकेश शुक्ला, विनोद शुक्ला, अखिलेश नित्य व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### दबंग से परेशान युवती, आत्महत्या की चेतावनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में एक युवती और उसके घरवाले दबंगों से परेशान हैं। उनका कहना है कि वे लोग शिकायत करने थाने गए। वहां पुलिस ने उन पर समझौता करने का दबाव बनाया। कहीं सुनवाई न होती देख पीड़ित परिवार की युवती ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दिया। वीडियो में युवती कहती दिख रही है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला, तो वह मुख्यमंत्री आवास के सामने आत्महत्या कर लेगी। आरोप है कि एक दबंग युवक उसे लगातार परेशान कर रहा है, लेकिन मड़ियांव पुलिस ने चार दिनों तक शिकायत करने के बावजूद एफआईआर दर्ज नहीं की। मड़ियांव निवासी अर्चना कुमारी ने बताया कि इलाके का एक लड़का उसको कई दिनों से परेशान कर रहा है। महिला ने वीडियो वायरल कर कहा, अगर किसी लड़की को न्याय चाहिए तो उसे मरना पड़ेगा... और शायद मुझे भी मरना पड़ेगा। पीड़िता के मुताबिक, 4 सितंबर से भोला यादव नाम का युवक लगातार उसके घर आकर उसे जातिसूचक गालियां देता है, अशब्द भाषा का इस्तेमाल करता है और डराता-धमकाता है। विरोध करने पर वह जान से मारने और बदनाम करने की धमकी देता है।

### नौकरानी के पति ने रिटायर्ड एई को घर में सीने पर गोली मारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में रिटायर्ड एई (असिस्टेंट इंजीनियर) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात उनकी नौकरानी के पति ने की है। उसने घर में घुसकर अपनी दुनाली बंदूक से उनके सीने पर से गोली मारी है। रिटायर्ड एई की पत्नी प्रिंसिपल पद से रिटायर हुई हैं। मामला मड़ियांव थाना क्षेत्र का है। मृतक की पहचान दिलकश विहार में रहने वाले अरुण कुमार मिश्रा (68) के रूप में हुई है। वह 8 साल पहले पीडब्लयूडी से रिटायर हुए थे। उनका बेटा विदेश में रहकर जॉब करता है। पुलिस और फोरेंसिक टीम घटनास्थल की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, घर में काम करने वाली नौकरानी रामा देवी के पति मनोज पांडे (40) ने गोली मारकर अरुण की हत्या की है। मनोज बीकेटी थाना क्षेत्र के भैंसमऊ क्रॉसिंग का रहने वाला है। परिवार की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मनोज को गिरफ्तार करने के लिए टीम लगाई गई है।

### सी.एम.एस. छात्रों से मिलकर स्कूली दिनों की यादें की ताजा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के पूर्व छात्र एवं सिएटल, अमेरिका में भारत के काउन्सेल जनरल श्री प्रकाश गुप्ता, आई.एफ.एस. ने आज सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस में पधारकर छात्रों से मुलाकात की। यह वही विद्यालय परिसर है, जहाँ प्रकाश गुप्ता ने एक छात्र के रूप में अपने भावी जीवन के सपनों को संजोया और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में मेहनत व लगन से उसे साकार भी किया। खास बात रही श्री प्रकाश गुप्ता के स्कूली दिनों के दौरान सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या रहीं सुश्री मंजीत बत्रा एवं वर्तमान प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली गौतम ने विद्यालय परिसर में श्री गुप्ता का हार्दिक स्वागत किया। अपने स्कूल पहुँचने पर श्री गुप्ता खुशी से अभिभूत दिखे। उन्होंने बड़ी आत्मीयता से छात्र-छात्राओं व शिक्षकों से मुलाकात की और छात्रों में भी श्री प्रकाश गुप्ता से मिलने व बातचीत का अभूतपूर्व उत्साह नजर आया। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने पूरे विद्यालय परिसर का भ्रमण कर आधुनिक शैक्षिक संसाधनों का अवलोकन किया और भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री प्रकाश गुप्ता ने सी.एम.एस. संस्थापक स्वं. डा. जगदीश गाँधी को हार्दिक श्रद्धान्जलि अर्पित करते हुए कहा कि सन् 1982 से 1996 तक मैं इस परिसर का हिस्सा रहा और मैं स्वयं को भाग्यशाली समझता हूँ कि यहाँ मुझे ऐसे शिक्षक मिले, जिन्होंने मुझे भविष्य के जीवन के लिए तैयार किया।

---

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम की नगर विकास व ऊर्जा मंत्री ने की समीक्षा

# स्वच्छता पखवाड़ा सिर्फ अभियान न होकर बल्कि एक उत्सव

▸ पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गांधी जयंती तक मनाया जाएगा स्वच्छता पखवाड़ा

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से महात्मा गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक प्रदेशभर में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा मनाया जाएगा। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने लखनऊ स्थित संगम सभागार में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की और स्वच्छता पखवाड़े को उत्सव की तरह मनाने के निर्देश दिए।

श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं बल्कि जनभागीदारी से चलने वाला सामाजिक आंदोलन है। उन्होंने नगर निगमों और निकायों को वार्ड स्तर पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिये। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, स्कूल-कॉलेज, रामलीला स्थल और सार्वजनिक जगहों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

श्री शर्मा ने खास तौर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर सफल बनाने के साथ वार्डवार पूरी क्षमता से स्वच्छता अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे अपने नगर निगम क्षेत्र के साथ ही अपने समीपवर्ती नगर पंचायतों में मशीनरी भेजकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाएंगे।

श्री शर्मा ने कहा कि पंद्रह दिन के इस विशेष अभियान में प्रारंभ के दस दिन सघन स्वच्छता पर और अंतिम के पांच दिन सुशोभन सुंदरीकरण पर बल दिया जाएगा। इस दौरान वृक्षारोपण, मियावाकी, एक पेड़ मां के नाम, नमो पार्क की स्थापना, दीवालों की पेंटिंग तथा चौराहों का सुंदरीकरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के प्रथम दिन मुख्यमंत्री मंत्री जनप्रतिनिधि अधिकारी स्वयंसेवी संस्थाएं और स्कूलकॉलेज के विद्यार्थी श्रमदान कर स्वच्छता अभियान का शुभारंभ करेंगे। नगरी निकाय के निदेशक अनुज झा ने बताया कि पखवाड़े के दौरान जागरूकता रैली, जनसंवाद, क्लीन ग्रीन उत्सव, चिन्हित सी टी यू का विलोपन, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नगर आयुक्त एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक जनपदों में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में जनप्रतिथियों को आवश्यक रूप से आमंत्रित करें। पखवाड़े की गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रचारित किया जाए, ताकि हर नागरिक इसमें भागीदार बन सके और स्वच्छता आंदोलन को नई गति मिल सके। बैठक के दौरान एमडी जलनिगम रमाकांत पांडेय,अपर निदेशक नगरीय निकाय रितु सुहास सहित जनपदस्तरीय अधिकारी वर्चुअल सम्मिलित हुए।

# बड़ा खुलासा : ट्रांसमिशन हो जाएगा निजी क्षेत्र का कब्जा

समृद्धि न्यूज

▸ टीबीसीबी की व्यवस्था पर 500 करोड़ रुपए तक प्रतिबंध लगाया जाए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन का कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता के आधार पर ट्रांसमिशन की दर का निर्धारण करते हुए नियामक आयोग ने इसका ऐलान भी कर दिया।

उपभोक्ता परिषद नहीं जब आंकड़ों का अध्ययन किया तो बहुत चौंकाने वाले मामले सामने आए उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए जो वार्षिक राजस्व आवश्यकता पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन की अनुमोदित की गई है वह 5442 करोड़ है। दूसरी तरफ देश के निजी घरानो की टैरिफ बेस कॉम्पिटेटिव बिडिंग का जो कुल ट्रांसमिशन सर्विस चार्ज अनुमोदित किया गया वह 2294 करोड़ का है। दोनों को मिलाकर कुल ट्रांसमिशन सिस्टम कार्ड 7737 करोड़ अनुमोदित की गई यानी की पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन की कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता कब 42 प्रतिषत केवल निजी क्षेत्र है। विद्युत नियामक आयोग ने इस पर ध्यान ना दिया तो आने वाले कुछ वर्षों में पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

## रिकवरी एजेंट की सिर कूचकर हत्या, आंखें फोड़ीं

**लखनऊ।** लखनऊ में 26 साल के रिकवरी एजेंट की ईट से सिर कूचकर हत्या कर दी गई। उसका खून से लथपथ शव ऑफिस में पड़ा मिला। मंगलवार सुबह महिला सफाईकर्मी ऑफिस पहुंची। देखा तो फर्श पर शव पड़ा हुआ था। भाई का कहना है कि आंखें भी फोड़ दीं। इस तरह मारा कि छत तक खून के छीटें पड़ी थीं। 5 से 6 लोगों ने मिलकर मारा है, उसका मोबाइल भी उठा ले गए हैं। घटना बंथरा थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान बंथरा के न्यू डेस्टिन सिटी कॉलोनी में रहने वाले कुनाल शुक्ला के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# एक आदमी छह जिलों में कर रहा था नौकरी, एफआईआर

▸ पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की जांच

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक्स-रे टेक्निशियन भर्ती में बेहद चौंकाने वाला फर्जीवाड़ा सामने आया है। आरोप है कि एक ही नाम पर 6 लोगों ने फर्जी तरीके से अलग-अलग जिलों में नियुक्ति हासिल कर ली थी। खुलासे के बाद लखनऊ स्थित वजीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है।

यह भर्ती 2016 में हुई थी। उस समय प्रदेश में अखिलेश यादव की सरकार थी। मामले का खुलासा मामला मानव संपदा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने के बाद हुआ है। यह भर्ती अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से 25 मई 2016 को हुई थी। आयोग ने उस समय 403 उम्मीदवारों की सूची जारी की थी। इसमें क्रम संख्या 80 पर अर्पित सिंह पुत्र अनिल कुमार सिंह का नाम शामिल था लेकिन जांच में पाया गया कि इस नाम से छह अलग-अलग व्यक्तियों ने फर्जी और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर नियुक्ति हासिल की है। इस मामले में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ की निदेशक पैरामेडिकल डॉ. रंजना खरे की ओर से इस मामले में एफ आईआर दर्ज कराई गई है। जांच में पता चला कि आगरा निवासी अर्पित सिंह बलरामपुर, फर्रुखाबाद, रामपुर, बांदा, अमरोहा और शामली में तैनात था। आरोप लगा कि इन सभी ने फर्जी आधार कार्ड और प्रमाण पत्र लगाकर नियुक्तियां पाई और साल 2016 से लगातार वेतन उठाते रहे थे जिससे विभाग को करोड़ों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

फिलहाल इस मामले में 8 सितंबर को वजीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज हो गया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 419, 420, 467, 468 और 471 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने अपनी जांच भी शुरू कर दी है। सोमवार को सीएम योगी ने नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान भर्ती फर्जीवाड़ा को लेकर सपा सरकार पर तगड़ा हमला बोला था।

# ड्रिप सिंचाई से बढ़ेगा उत्पादन, समृद्ध होंगे किसान

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** किसानों की मददगार डबल इंजन की सरकार निरंतर किसानों के हित में कार्य कर रही है। इसी क्रम में किसानों की समृद्धि एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु ड्रिप सिंचाई प्रणाली को बढ़ावा दे रही है। बागवानी फसलों में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने से औसतन 50 प्रतिशत तक फसल उपज में वृद्धि दर्ज की जा रही है।

इसी प्रकार गन्ना जैसी प्रमुख नकदी फसल में भी ड्रिप तकनीक के प्रयोग से समान परिणाम सामने आए हैं। ये बातें प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने कही। श्री सिंह ने बताया कि प्रदेश में माइक्रोइरीगेशन के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 1.02 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल आच्छादन के सापेक्ष 82 हजार से अधिक कृषकों को ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से लाभान्वित किया गया है। यह उपलब्धि किसानों की मेहनत, तकनीक के समुचित उपयोग तथा सरकार द्वारा दिए जा रहे सहयोग का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अधिक से अधिक किसानों को पर ड्रॉप मोर क्रॉप-माइक्रो इरीगेशन योजना के अंतर्गत सूक्ष्म सिंचाई पद्धति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु ड्रिप सिंचाई के उपयोग व लाभ समझाने तथा उन्हें आवेदन प्रक्रिया में हर संभव सहयोग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। अपर मुख्य सचिव उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी.एल. मीणा ने बताया कि पारंपरिक सिंचाई पद्धतियों की तुलना में ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति से जल की 40 से 50 प्रतिशत तक बचत संभव है। साथ ही, यह तकनीक मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, पौधों को संतुलित पोषण उपलब्ध कराने और उत्पादन की गुणवत्ता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि योजना का लाभ उठाने के लिए आधार कार्ड, भू-अभिलेख एवं बैंक खाता अनिवार्य है। लाभार्थी कृषक को अधिकतम 5 हेक्टेयर भूमि पर अनुदान अनुमन्य होगा, उसी भूमि पर 7 वर्ष पश्चात पुनः योजना के लाभ की व्यवस्था भी है।

## नगर निगम सदन में मेयर व पार्षदों के बीच बहस विरोध में पार्षदों का धरना

**लखनऊ।** लखनऊ नगर निगम मुख्यालय में सदन का आयोजन किया जा रहा है। सदन के शुरुआत से ही पार्षद सभी वार्डों में 40-40 लाख रुपए देने की मांग उठा रहे हैं। इसको लेकर पार्षदों-मेयर में बहस जारी है। भाजपा से इस्तीफा दे चुके पार्षद मुकेश सिंह मोंटी और मेयर में जबरदस्त हॉट टॉक हुई है। मेयर ने कहा- बदतमीजी से बात मत करिए। इसके बाद मोंटी अपनी बात कहकर सदन को छोड़कर चले गए। भाजपा पार्षद रंजीत सिंह धरने पर बैठ गए। इससे सदन कुछ देर के लिए स्थगित रहा। भाजपा पार्षद गिरीश गुप्ता ने कहा इसके पहले सदन के पहले ही प्रश्नों का उत्तर मिल जाता था। आज ऐसा हुआ कि सदन से पहले प्रश्न का उत्तर नहीं मिला। सपा पार्षद सुरेन्द्र वाल्मीकि ने कहा उत्तर नहीं मिलने से पार्षद क्रॉस क्वेश्चन नहीं कर पा रहे हैं।

# दिव्यांगजनों व महिलाओं की सहभागिता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा : पुलकित

समृद्धि न्यूज

▸ ओरिएंटेशन वर्कशॉप में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही पर जोर

**लखनऊ।** मिशन मुख्यालय में ओरिएंटेशन वर्कशॉप के सातवें दिन मिशन निदेशक पुलकित खरे ने प्रशिक्षण प्रदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप सबको हुनर, सबको काम के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। यह वर्कशॉप प्रशिक्षण प्रदाताओं से प्रत्यक्ष संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से पहली बार आयोजित की गई है, ताकि प्रशिक्षण संचालन में आ रही चुनौतियों का समयबद्ध समाधान किया जा सके।

मिशन निदेशक ने कहा कि मंत्री कपिल देव अग्रवाल के मार्गदर्शन में सभी जिलों में प्रशिक्षण केंद्रों का उद्घाटन विधायकों द्वारा कराया जाएगा। प्रशिक्षण बैचों का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा, जिससे पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही को मजबूती मिलेगी।

प्रदेश सरकार सामाजिक समावेशन को प्राथमिकता दे रही है। प्रशिक्षण बैचों में दिव्यांगजन हेतु 5 प्रतिशत आरक्षण तथा महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सहभागिता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्रदाताओं के पूर्व प्रदर्शन की समीक्षा की गई तथा युवाओं को स्थानीय उद्योगों में रोजगार से जोड़ने हेतु रणनीति पर भी चर्चा हुई। आगामी समय में हर 2 से 3 महीनों के अंतराल पर ओरिएंटेशन वर्कशॉप की जाएंगी।

## हर हाथ को हुनर, हर युवा को रोजगार पर मुख्यमंत्री का फोकस

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश की सबसे बड़ी ताकत इसकी युवा आबादी है और योगी सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा को उसकी रुचि और योग्यता के अनुसार प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जाए। हर हाथ को हुनर और हर युवा को रोजगार इसी दृष्टिकोण के तहत प्रदेश में कई कौशल विकास योजनाएं संचालित हो रही हैं। भारत सरकार ने 2015 में राष्ट्रीय कौशल विकास और उद्यमिता नीति लागू की थी। योगी सरकार ने इस नीति को जमीनी स्तर तक ले जाकर प्रदेश के युवाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने का कार्य किया है।

**पहल** | पर्यटन और कृषि को जोड़कर ग्रामीण अंचलों को आत्मनिर्भर बनाने की पहल : जयवीर

# फॉर्म-स्टे योजना में निवेश के लिए निवेशकों से मांगे जाएंगे प्रस्ताव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य में पहली बार फार्म-स्टे आवास विकसित व संचालित करने के लिए निवेशकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। इस पहल को राज्य को कृषि-पर्यटन का अग्रणी केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि योजना के तहत परिभाषित फार्म स्टे ऐसा पर्यटक आवास है, जो खेत या उसके निकट बनाया जाएगा। यह आवास मालिक के घर से अलग होगा। इसमें कम से कम दो किराए पर देने योग्य कमरे तथा एक रिसेप्शन क्षेत्र अनिवार्य रूप से होगा। हर फार्म स्टे में पर्यटकों को ग्रामीण जीवन का प्रत्यक्ष अनुभव देने के लिए कृषि कार्य, बागवानी, मत्स्य पालन, डेयरी फार्मिंग, पशुपालन, फार्म टूर या अन्य स्वीकृत ग्रामीण गतिविधियां उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। आगंतुक के लिए पूरा गांव ही आकर्षण का केंद्र बनेगा।पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पर्यटकों को खेती-बाड़ी, ग्रामीण संस्कृति और गांवों में आतिथ्य सत्कार का विशेष अनुभव मिलेगा। फार्म-स्टे से न केवल पर्यटन को नई पहचान मिलेगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी। योजना के तहत प्रोत्साहन पैकेज का प्रावधान है। पूंजी निवेश पर सब्सिडी प्रदान की जाएगी, जो इस प्रकार है-10 लाख रुपए से 10 करोड़ रुपए के बीच 25 प्रतिशत अधिकतम 02 करोड़ रुपए, 50 करोड़ तक 20 फीसदी अधिकतम 07.5 करोड़ रुपए 200 करोड़ रुपए तक 15 फीसदी अधिकतम 20 करोड़ रुपए, 500 करोड़ रुपए तक 10 प्रतिशत अधिकतम 25 करोड़ रुपए और 500 करोड़ रुपए से अधिक पर 10 फीसदी अधिकतम 40 करोड़ रुपए होगी। निवेशकों को सामान्य प्रोत्साहनों के अलावा अतिरिक्त सब्सिडी दी जाएगी। महिला उद्यमियों, अनुसूचित जाति जनजाति और पिछड़ा वर्ग के निवेशकों को विशेष रियायतें मिलेंगी। फोकस टूरिज्म डेस्टिनेशन में स्थापित किए जाने वाले प्रोजेक्ट्स को भी 5 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान की जाएगी।

**औद्योगिक व पर्यटन परियोजनाओं को मिलेगी गति**

नई घोषणा के तहत स्टाम्प ड्यूटी, भूमि रूपांतरण शुल्क व विकास शुल्क पर 100 प्रतिशत छूट दी जाएगी। इस निर्णय से निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के साथ-साथ राज्य में औद्योगिक और पर्यटन परियोजनाओं को गति मिलेगी। औद्योगिक इकाइयों को प्रोत्साहित करने और युवाओं को अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। नई व्यवस्था के तहत ऐसी इकाइयों जो 50 या उससे अधिक स्थानीय कर्मचारियों की नियुक्ति करेंगी, उन्हें नियोक्ता द्वारा जमा किए जाने वाले ईपीएफयोगदान की प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा की जाएगी। यह सुविधा अधिकतम 5 वर्षों तक उपलब्ध रहेगी। दिव्यांग जनोन्मुखी इकाइयों को प्रोत्साहित करने के लिए नई सुविधा लागू की है। इसके तहत यदि कोई इकाई दिव्यांग कर्मचारियों को रोजगार देती है, तो उसे प्रति कर्मचारी 1,500 रुपए प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में प्रभारी मंत्री व विधायक ने बांटी राहत सामग्री

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।**

जनपद गोंडा में आई बाढ़ की स्थिति से प्रभावित गांवों में राहत कार्यों की समीक्षा एवं प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से तहसील करनैलगंज अंतर्गत ग्राम पसका तथा तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम ऐलीपरसौली व जैतपुर माझा में बाढ़ राहत सामग्री किट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के जनपद प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान, विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पांडेय, विधायक गौरा प्रभात वर्मा, विधायक करनैलगंज अजय कुमार सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन तथा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल उपस्थित रहे। राहत




सामग्री वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित परिवारों को दैनिक आवश्यक वस्तुओं से युक्त किट प्रदान की गई, जिसमें खाद्य सामग्री (चावल, आटा, दाल, नमक, तेल आदि), पीने का पानी, मोमबत्ती, माचिस, तिरपाल, आदि किट तथा आवश्यक दवाइयां शामिल थीं।

प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने राहत वितरण के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार बाढ़ पीड़ितों के साथ पूरी संवेदनशीलता से खड़ी है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रभावित परिवार को भूखा नहीं रहने दिया जाएगा और सभी को समय से सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिए कि राहत वितरण में पारदर्शिता और त्वरितता सुनिश्चित की जाए तथा आवश्यकता अनुसार और भी संसाधन उपलब्ध कराए जाएं।

इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी हैं। प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत शिविर, स्वास्थ्य शिविर एवं पशु चिकित्सा सेवाएं भी चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की गई है तथा आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति में प्रशासन को तत्काल सूचित करें। जनप्रतिनिधियों ने भी मौके पर ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और आवश्यक समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि सरकार व प्रशासन पूरी तरह बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ा है और हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर स्थानीय अधिकारी, राजस्व विभाग की टीम, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने राहत सामग्री प्राप्त कर शासन-प्रशासन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उप जिलाधिकारी करनैलगंज जितेंद्र गौतम, उपजिलाधिकारी तरबगंज विश्वामित्र तथा जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जनपद को प्राप्त हुई 48122 बैग कृभकों यूरिया उर्वरक

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव द्वारा अवगत कराया गया है वर्तमान में जिले में 5825 मैट्रिक टन यूरिया, 5513 मैट्रिक टन डीएपीए 3756 मैट्रिक टन एनपीके एवं 13016 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आलू एवं तोरिया की बुवाई के लिए भी डीएपी एवं एनपीके उर्वरक की रैक मंगा कर उर्वरक का भंडारण कराया जा रहा है। जनपद में यूरिया एवं डीएपी उर्वरक की कमी नहीं होने दी जाएगी। जनपद में अब तक 62331 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया जा चुका है। गत सोमवार को जिले में 384 मैट्रिक टन यूरिया का वितरण किया गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद की सभी समितियो पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा रहा है।




## सेना ने व्यक्त की कृतज्ञता, भेजा उपहार व पत्र

**गोण्डा समृद्धि न्यूज़।** गत माह रक्षाबंधन के अवसर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट दर्जीकुआ के प्रवक्ता अमित कुमार मिश्र के द्वारा संस्थान की प्रशिक्षुओ को प्रेरित करके गत माह अगस्त में संस्थान में राखी निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया । कार्यशाला में निर्मित रखियों एवं प्रशिक्षुओ के द्वारा सेना के जवानो के नाम लिखें गए बधाई पत्र को स्पीड पोस्ट द्वारा डायट प्राचार्य रामसागर पति त्रिपाठी के माध्यम से देश की सेवा करने वाले सेना के जवानो को प्रेषित किया गया फ्लस्वरूप मंगलवार को संस्थान के प्राचार्य के नाम आर्मी के मेजर जनरल इंचार्ज प्रशासन नवनीत नारायण के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन पत्र एवं वायु कमान अधिकारी एयर कमांडर प्रशांत कुमार नरेंद्र द्वारा कृतज्ञता पत्र के साथ भेजा गया उपहार प्राप्त हुआ।

## गांव में रात को दिखा तेंदुआ पिंजरा लगाने की मांग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के कर्तनिया वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज के अड़गोड़वा गांव में तेंदुए की दस्तक से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।



देर रात कुछ ग्रामीणों ने सड़क पर तेंदुए को घूमते हुए देखा। जंगल से सटे इस गांव में वन्य जीवों की आवाजाही बढ़ती जा रही है। रात के समय तेंदुए और सियार गांव के आस.पास दिखाई दे रहे हैं। इस कारण ग्रामीण रात में घर से बाहर निकलने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के पास पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने की मांग की है। वन विभाग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग की टीम स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# सरकारी नियमों का हो रहा खूब उल्लंघन

- एडीओ पंचायत की कार पर लगा मिला विधानसभा का पास

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

विशेश्वरगंज क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब सहायक विकास अधिकारी पंचायत तेज नारायण की स्विफ्ट कार ;यूपी 32 एमएस 4366 पर विधानसभा का पास लगा हुआ पाया गया। अब बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर एक सरकारी अधिकारी के वाहन पर विधानसभा पास लगाने का अधिकार किसे है और यह किस नियम.कायदे के तहत किया गया। इस खुलासे के बाद क्षेत्र में तरह.तरह की चर्चाएं तेज हो गई हैं और आम जनता में दहशत का माहौल बन गया है। विभाग और प्रशासन की चुप्पी ने भी सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

लोगों का कहना है कि एडीओ साहब की पकड़ इतनी मजबूत है कि कोई अधिकारी इस मामले में बोलने तक से कतरा रहा है। वहीं जब इस प्रकरण को लेकर जिला विकास अधिकारी ;डीडीओ बहराइच राज कुमार से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मामला उनकी जानकारी में नहीं है। फिलहाल यह मुद्दा अब सुर्खियों में आ चुका है और लोगों की निगाहें प्रशासन की कार्रवाई पर टिक गई हैं।

# समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश-2047 कार्यक्रम आयोजित

## जिला पंचायत परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों का जनपद की नोडल अधिकारी ने किया अवलोकन

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज।**

जिला पंचायत सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश -2047 विषय पर एक महत्वपूर्ण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद की नोडल अधिकारी श्रीमती कंचन वर्मा (विशेष सचिव), जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, प्रबुद्धजन, विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाएं, शिक्षक, छात्र-छात्राएं, उद्यमी, महिला समूह, किसान एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश को वर्ष- 2047 तक एक समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने की दिशा में जनभागीदारी को




प्रोत्साहित करना रहा। संवाद के दौरान विभिन्न वक्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और भावी योजनाओं पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में सहभागी प्रबुद्धजनों ने सुझाव दिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सशक्तिकरण, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। इसी क्रम में, जिला पंचायत परिसर में दीनदयाल शोध संस्थान, लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र, गोपाल ग्राम द्वारा आयोजित समर्थ उत्तर प्रदेश, विकसित उत्तर प्रदेश - 2047 कार्यक्रम के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा लगाए गए विविध स्टालों का अवलोकन भी किया गया। इन स्टालों पर आधुनिक कृषि तकनीकों, जैविक खेती, सौर ऊर्जा आधारित उपकरणों, प्राकृतिक खेती, नवीन बीजों एवं उन्नत कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई थी।

नोडल अधिकारी कंचन वर्मा एवं जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने कृषकों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं की जानकारी साझा की। कृषकों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए तकनीकी सहायता, बाजार से जोड़ने एवं प्रशिक्षण की निरंतर उपलब्धता की आवश्यकता जताई। मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने समूहों द्वारा उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी को देखकर उनकी सराहना की और स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने विकसित उत्तर प्रदेश - 2047 के संकल्प को साकार करने हेतु अपने स्तर से सक्रिय योगदान देने का आश्वासन दिया। वहीं कार्यक्रम का संचालन एडीएसटी अरुण कुमार सिंह ने किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रश्मि वर्मा, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक अजय प्रताप सिंह, सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# चॉकलेट व पुष्प देकर शिक्षक ने छात्रा को किया विश




**फखरपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज**

जन्मदिन के अवसर पर बच्चें उत्साहित रहते है। मन में एक नई उमंग व जोश भरा रहता है। संविलयन विद्यालय कोदही में कक्षा 3 की छात्रा पायल तिवारी की बहन प्रियंका तिवारी ने अपने बर्थडे के बारे में कक्षाध्यापक रवींद्र कुमार मिश्र से बताया। शिक्षक ने छात्रा को विश करने के लिए चॉकलेट टॉफी और पुष्प की व्यवस्था किया। कक्षा के सभी सहपाठियों के संग शिक्षक रवींद्र कुमार मिश्र व राजेश तिवारी ने छात्रा प्रियंका को चॉकलेट, टॉफी और पुष्प देकर भविष्य की शुभकामनाएं दिया। रवींद्र कुमार मिश्र ने बताया कि बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला सकें तो सुखद अनुभूति का अहसास होता है। ऐसे में कक्षा कक्ष का माहौल सहज और खुशनुमा बना रहता है। सभी सहपाठियों को टॉफी वितरित किया गया। आशीष, राजन, प्रवेश, किशन अरीबा, मोहिनी, सुलोचनी, खुशबू सहित सभी छात्र . छात्राओं ने हैप्पी बर्थडे बोलकर बधाई दिए।

## जेठानी की मारपीट से गर्भवती की हालत बिगड़ी गर्भस्थ शिशु की मौत

**बहराइच। समृद्धि न्यूज़।** रामगांव इलाके के तेलियन पुरवा गांव में एक पारिवारिक विवाद ने गंभीर मोड़ ले लिया। सोमवार को जेठानी और देवरानी के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। घटना की जानकारी देते हुए छैलू ने बताया कि उसकी भाभी ने उसकी गर्भवती पत्नी मायावती पर हमला कर दिया। मारपीट में मायावती के पेट पर चोट लगी जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन तुरंत मायावती को स्थानीय अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने जांच के बाद बताया कि गर्भस्थ शिशु की मौत हो चुकी है। पीड़िता मायावती ने स्थानीय थाने में जेठानी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



## लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।** वादी राजेश कुमार पुत्र जगतराम निवासी सोखापुरवा अमलोलवां, थाना विशेश्वरगंज, जनपद बहराइच द्वारा थाना कोतवाली नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 05.09.2025 को लुधियाना से कमाकर सुबह लगभग 09:30 बजे गोण्डा रेलवे अस्पताल के पास बस से उतरकर सेमरा कॉलोनी जा रहा था कि स्टेडियम मोड़ पर दो अज्ञात व्यक्तियों ने मारपीट कर जेब में रखे 5000/- छीन लिये है। वादी की तहरीर पर थाना कोतवाली नगर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 09..09.2025 को थाना को0 नगर पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 02 आरोपी अभियुक्तों-01. प्रदीप कुमार सोनकर, 02. सुनील कुमार उर्फ नकछेद को सेमरा कालोनी स्थित रेलवे स्टेडियम के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट के 5,000/- रू0 नगद बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय रवाना किया गया।

# आईआरसीटीसी यूजर आईडी से टिकट बनाने वाला गिरफ्तार

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज।**

बीते सोमवार को आपरेशन उपलब्ध के अन्तर्गत रेल यात्रा टिकटों के अवैध खरीद फरोख्त पर अंकुश हेतु वरि. मंडल सुरक्षा आयुक्त रेसुब लखनऊ एवं सहायक सुरक्षा आयुक्त रेलवे सुरक्षा बल गोंडा के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक रेसुब गोण्डा के सुपरवीजन में उनि मो. शमीम खॉ, कान्स रमेश कुमार साहनी, कान्स श्रवण कुमार साहनी, कान्स आनन्द कुमार सभी रेसुब पोस्ट गोण्डा एवं सउनि वासुदेव शुक्ल अ.आ.शा. रेसुब गोण्डा द्वारा संयुक्त निगरानी कार्यवाही में अभियुक्त अफताब खान पुत्र स्व. महमूद खान निवासी पूरब टोला खोराहसा , पोस्ट खोराहसा थाना देहात कोतवाली जनपद गोण्डा उम्र 28 वर्ष को जमुनिया बाग़ थाना देहात कोतवाली गोण्डा से समय



17:00 बजे गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से जप्त मोबाइल की गहनता से जॉच में अभियुक्त अफताब खान द्वारा 02 पर्सनल यूजर आईडी का उपयोग कर जरूरतमंदो को रेल यात्रा टिकट बनाकर प्रति यात्री टिकट के दाम से 200 रुपये से 300 रुपये अधिक का लाभ लेकर अवैध रूप से बेचना पाया गया है। कुल 12 अदद टिकट कुल कीमत 22516.07 रुपया बरामद हुआ। अपराध में प्रयुक्त उपकरण - 01 अदद मोबाईल अपराध का पंजीकरण मुअसं. 1024/2025 अंतर्गत धारा 143 रेल अधि. सरकार बनाम अफताब खान पुत्र स्व. महमूद खान निवासी पूरब टोला खोराहसा , पोस्ट खोराहसा थाना देहात कोतवाली जनपद गोण्डा उम्र 28 वर्ष दिनांक 08.09.2025 अभियुक्त को न्यायालय में भेजा गया।

# बीएसए ने किया बीआरसी जरवलरोड का निरीक्षण



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

मंगलवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बीआरसी जरवल रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां शिक्षकों के पांच दिवसीय बुनियादी गणित व भाषा प्रशिक्षण कार्यक्रम का जायजा लिया। इस दौरान प्रशिक्षण में मौजूद प्रतिभागियों से बातचीत कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये। बीएसए आशीष कुमार सिंह ने प्रतिभागी शिक्षकों से कहा कि आने वाले दिनों में सरकारी स्कूलों की साख बनाये रखने के लिए उन्हें बेहतर और सर्वश्रेष्ठ शिक्षण करना पड़ेगा। उन्होंने कहा किए प्रत्येक विषय और पाठ के लिए शिक्षण अधिगम निर्धारित हैं शिक्षक छात्रों को उन अधिगमों को प्राप्त कराने के लिए तैयारी के साथ कक्षा मे शिक्षण करें। निरीक्षण के दौरान बीईओ जरवल अरविन्द बहादुर सिंह, प्रशिक्षण संदर्भदाता एआरपी अभिषेक श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव, विनय शुक्ल, विनय कुमार सिंह, सनत तिवारी समेत प्रतिभागी शिक्षक मौजूद रहे।

# गणेश विसर्जन में शामिल डीजे ने किया नियमों का उल्लंघन

- बलरामपुर और गोंडा के डीजे संचालकों पर मुकदमा दर्ज
- तेज आवाज और ऊंचाई पर स्पीकर लगाने का आरोप

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

जिले के रिसिया कस्बे में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान नियमों का उल्लंघन करने पर दो डीजे संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

आरोपी डीजे संचालकों में बलरामपुर निवासी उमेश चौधरी उर्फ विक्की और गोंडा निवासी रितेश कुमार गुप्ता शामिल हैं। दोनों ने शोभायात्रा के दौरान मानक से अधिक तेज आवाज



में डीजे बजाया और स्पीकर को अनुमति से ज्यादा ऊंचाई पर लगाया। 6 सितंबर को निकाली गई शोभायात्रा जब सिसई सलोन स्थित नथुनिया चौराहे पर पहुंची तो डीजे की अत्यधिक ऊंचाई के कारण वह बिजली के तारों और खंभों को छू रहा था। प्रशासन और पुलिस ने पहले ही दोनों संचालकों को नियमों का पालन करने की हिदायत दी थी। लेकिन दोनों ने एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए नियमों की अवहेलना की। दोनों डीजे संचालक कस्बे मे शोभायात्रा के दौरान कई स्थानों पर तेज ध्वनि मे डीजे संचालित कर कंपटीशन भी किया था जिसके कारण शोभायात्रा मे शामिल तमाम लोगो व आसपास को घरों मे रहने वाले लोगो को काफी परेशानी भी हुई थी।

कस्बा चौकी इंचार्ज बिहारी सिंह यादव की शिकायत पर रिसिया थाने में दोनों के खिलाफ धारा 289, 125ए 15;1, 4 और 6 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी मदनलाल के अनुसार दोनों डीजे संचालकों ने न्यायालय के नियमों का उल्लंघन किया और तेज आवाज से लोगों को परेशानी पहुंचाई। मामले की जांच जारी है।

# पिकअप पेड़ से टकराकर पलटी मजदूर की मौत, दो साथी घायल



**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

हरदी थाना क्षेत्र में सोमवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। खैरीघाट थाने के सीतापुरवा गांव के तीन मजदूर पिकअप में सवार होकर भगवानपुर से वापस लौट रहे थे। रात करीब 10 बजे भगवानपुर.सिकंदरपुर मार्ग पर पिकअप अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में सीतापुरवा निवासी ननकू पुत्र चंदर की मौके पर मौत हो गई। उनके साथी गुड्डू और हरिनाम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल ले गई। चिकित्सकों ने जांच के बाद ननकू को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घायल गुड्डू और हरिनाम सिंह का अस्पताल में इलाज जारी है।

# भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई त्रिस्तरीय पंचायत मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला

- हम किसी भी कार्य में तब सफल होंगे जब हम एकाग्रचित होकर अपने मिशन को पूरा करने में पूरी निष्ठा के साथ लगेंगे: सुरेश्वर सिंह

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा त्रिस्तरीय पंचायत मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे ने की। मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री और जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह की




उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन अभियान संयोजक जिला महामंत्री नन्हेंलाल लोधी द्वारा किया गया। जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे द्वारा अध्यक्षीय भाषण देते हुए सबका धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अभियान को लेकर प्रदेश नेतृत्व की जैसी मंशा है उसे पूर्ण किया जाएगा। जिला प्रभारी शिव भूषण सिंह ने सभी अभियानों की विस्तृत रूप रेखा उपस्थित कार्यकर्ताओं व मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी ब्लॉक प्रमुख व कार्यक्रम के सभी संयोजक के मध्य रखा। अभियान संयोजक डॉ जितेंद्र त्रिपाठी ने शिक्षक एमएलसी को कैसे अपने पक्ष में किया जाए इस विषय को रखा। जिसका अभियान संयोजक त्रिस्तरीय पंचायत राघवेंद्र प्रताप सिंह ने पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी किस तरह से प्रभावी भूमिका का निर्वहन करें साथ ही किस तरह से हम अपना प्रभाव मतदाता और समाज के बीच स्थापित कर भाजपा का परचम लहराये मतदाता प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियान के संयोजक रण विजय सिंह ने बताया कि किस तरह से हम मतदाता संयोजक प्रयोजन में अपनी भूमिका का निर्वहन कर अधिक से अधिक मतों का संयोजन कर पंचायत चुनाव सहित 2027 को विधानसभा चुनाव में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके। महसी विधायक सुरेश्वर सिंह ने कहा कि हम किसी भी कार्य में तब सफल होंगे जब हम एकाग्रचित होकर अपने मिशन को पूरा करने में पूरी निष्ठा के साथ लगेंगे।

# अतिक्रमण हटाने को लेकर हुआ तनाव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष और पुलिस के बीच झड़प

**बहराइच,समृद्धि न्यूज़।**

रानीपुर थाना क्षेत्र में रमवापुर चौराहे पर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर इस कार्रवाई का विरोध किया। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों का कहना था कि वे केवल सड़क किनारे के अतिक्रमण को हटा रहे थे। स्थिति को देखते हुए भाजपा सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल ने हस्तक्षेप कर मामले को



शांत कराया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने रानीपुर थाना प्रभारी पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। थाना प्रभारी का कहना है कि वे सरकारी निर्देशों के अनुसार अतिक्रमण हटाने का कार्य कर रहे थे जिस पर कुछ लोग दबाव बना रहे थे।

## शिक्षक हित के लिये कटिबद्ध राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद देश के शिक्षण संस्थानों मे पड़ा रहे शिक्षकों को सेवा में बने रहने हेतु टेट की अनिवार्यता के फैसले पर बीते 6 सितंबर 2025 को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश ;प्राथमिक संवर्ग की वर्चुअल बैठक संपन्न हुई जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 12 सितम्बर 2025 को विशाल शिक्षक समूह के साथ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की समस्त जिला इकाइयां प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर टीईटी की अनिवार्यता संबंधी आरटीई एक्ट में संशोधन ज्ञापन देकर आग्रह करेंगी। इसके अलावा यदि आवश्यकता पड़ी तो दिनांक 15 सितंबर 2025 से दिनांक 25 सितंबर 2025 के मध्य उत्तर प्रदेश के सभी माननीय सांसदों से मिलकर केंद्र सरकार के माध्यम से आरटीई एक्ट में संशोधन कराने का आग्रह किया जाएगा।

## खबरें एक नजर में

### युवती को शादी को झांसा देकर भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**सरेनी, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत युवती को शादी को झांसा देकर भगा ले जाने का एक मामला सामने आया है। आरोप है कि एक मुस्लिम युवक ने हिंदू युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। घटना की जानकारी होते ही युवती के पिता ने सरेनी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने तुरंत वादी कि तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर युवती की बरामदगी व आरोपी की तलाश शुरू कर दी। मंगलवार को पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी और आरोपी इरशाद पुत्र दोस्त मोहम्मद निवासी रामगाँव मजरे काली थाना सरेनी जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने युवती को सुरक्षित बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक मानसिंह मुख्य आरक्षी विनीत कुमार की महती भूमिका रही।

### कई समस्याओं को लेकर सौंपा गया ज्ञापन




**सरेनी, रायबरेली।** सरेनी ब्लॉक की जनता ने मंगलवार को मूलभूत समस्याओं के समाधान की लगाई गुहार खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर मूलभूत समस्याओं की समाधान की मांग करते हुएं ग्रामीणों का कहना है कि खेत में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है ग्रामीणों ने बताया कि लगातार बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या बनी रहती है वही हैंडपंप वह पानी की टंकियां वर्षों से खराब पड़ी है जिससे लोगों को पीने का पानी तक बड़ी मुश्किल से मिल पाता है सड़के टूट कर गड्ढों में तब्दील हो चुकी है तमाम समस्याओं से खंड विकास अधिकारी को अवगत कराकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें अभिनव संगम के साथ कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### साहित्य सृजन संस्थान बिसवां द्वारा विपरीत की गई निशुल्क पाठ्य पुस्तकें व स्टेशनरी



**बिसवां (सीतापुर)।** साहित्य सृजन संस्थान बिसवां द्वारा 'सृजन पुस्तकालय में हाई स्कूल व इंटर के छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी व स्कूल बैग वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिसवां के जिला प्रचारक सुरेंद्र जी रहे, जिन्हें संस्थान ने सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र प्रमोद कुमार सहित कई बच्चों को स्व. रीता देवी की पुण्यस्मृति में उनके सुपुत्र शिवांशु पांडे रोहित के सहयोग से किट प्रदान की गई। संस्थान अध्यक्ष संदीप मिश्र सरस ने बताया कि प्रतिवर्ष जरूरतमंद मेधावी छात्रों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। कार्यक्रम में भाजपायुवा मोर्चा अध्यक्ष शिवांशु पांडे, रोहित ऋतुराज सिंह, दीपक शुक्ला, मोहम्मद मकसूद, गंगा स्वरूप मिश्रा सहित गणमान्य लोग व अभिभावक मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर से गिरकर मजदूर की मौत, शव किनारे रख भागा मालिक

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के थाना क्षेत्र रामगंज में एक व्यक्ति की ट्रैक्टर से गिरकर हुई मौत के बाद परिजनों को सूचित किए बिना बिना शव सड़क के किनारे फेंक देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मामले की जांच में संलिप्त चार लोगों को नामजद किया है और मुकदमे में बीएनएस की धाराओं के साथ एससी एसटी एक्ट भी बढ़ा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यह घटना 4 सितंबर को हुई है। ग्राम अग्रेसर पंवारिया निवासी रामबहाल उम्र 45 वर्ष पुत्र रामसुख गांव के ही त्रिलोकी नाथ मिश्रा की ढलाई मशीन पर मजदूरी करने गए थे। वहीं से लौटते समय ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से वे गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें कस्बा दुर्गापुर के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। इसके बाद सुल्तानपुर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। आरोप है कि मृतक के परिजनों को सूचना देने की बजाय ट्रैक्टर मालिक त्रिलोकी नाथ मिश्रा ने अपने लेबर नन्हेलाल, जय प्रकाश और सुरजीत की मदद से मृतक का शव मोटरसाइकिल से गांव के बाहर सड़क के किनारे छोड़ दिया। ट्रैक्टर मालिक व अन्य किसी ने परिजनों को किसी ने भी घटना की जानकारी नहीं दी। रामगंज थाना प्रभारी कृष्ण मोहन सिंह ने सोमवार को बताया कि घटना की जांच में सीसीटीवी फुटेज, गवाहों और साक्ष्यों से आरोप पुख्ता हुए। नामजद अभियुक्तों में त्रिलोकी नाथ मिश्रा ग्राम अग्रेसर, नन्हेलाल पुत्र बृजलाल ग्राम सॉंगापुर, जय प्रकाश पुत्र रोघई ग्राम रायपुर और सुरजीत पुत्र पूर्णवासी ग्राम खरगीपुर शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम विवेचना जारी है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी 54ली अवैध कच्ची शराब



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में मंगलवार को जनपद में गठित टीम द्वारा ग्राम-शंकरगंज, धोबहा, बैसरा, गौरीगंज, में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र-तिलोई में थानाङ्कमोहनगंज के अंतर्गत ग्राम-शंकरगंज,धोबहा से कुल 54लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया गया व 350 कि.ग्रा लहन मौके पर नष्ट किया गया इस कार्यवाही में 3 अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किया गया। साथ ही ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण, बेचने व रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई!एवं आबकारी दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। उक्त कार्यवाही में रानी सागर आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तिलोई मय स्टॉफ मनोज कुमार, सुबोध कुमार, कौशल सिंह आदि दबिश में सम्मलित रहे।

### नाली विवाद में पुलिस ने 15 लोगों का किया चालान




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के पालपुर गाँव में ग्राम प्रधान पति निजाम हैदर पर ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीण गोविन्द यादव, मोहम्मद अनीस, शाहिद अली, मोहम्मद रफीक, जगदीश यादव, जागनारायण यादव, समर बहादुर, चंद्रभान और विनोद समेत दर्जनों लोगों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान की मिलीभगत से मोहम्मद सफीक आबादी भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण करा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान नाली और विद्युत पोल को भी बिल्डिंग की जद में लिया जा रहा है और खड़ंजे की ओर जबरन छज्जा निकाला जा रहा था। जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सूचना पर ग्राम प्रधान पति निजाम हैदर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से अभद्रता करने लगे। मामले को शांत कराने पूर्व प्रधान पालपुर नसीम भी पहुंच गये जिसके बाद मामला गर्म हो गया और हाथापाई की नौबत आ गई। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर थाने ले गई। पुलिस ने शांति भंग की आशंका में दोनों पक्षों के करीब 15 लोगों का चालान कर दिया है।

# राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी पहुंचे रायबरेली, की बैठक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी ने रायबरेली पहुंचकर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बचत भवन में सूचना प्रथम अपील द्वितीय अपील के अधिकारियों समेत जिले के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने आरटीआई अधिनियम के तहत मांगी गई सूचनाओं को समय पर जवाब देने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। जनपद में प्रथम अपील व द्वितीय अपील के लंबित मामले को लेकर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। 12 अक्टूबर को सूचना का अधिकार अधिनियम के 20 वर्ष पूरे हो रहे हैं उससे पहले जिले की सभी सूचनाओं का निस्तारण किया जाएगा, जिले में कुल 108 मामले अभी लंबित है। लोगों को जिले स्तर पर ही सूचनाओं समय पर उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को दिशा निर्देशित भी किया। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ, सीएमओ डॉक्टर नवीन चंद्रा सहित समस्त विभागों के आला अधिकारी एवं जन सूचना विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।



## क्षेत्र की समस्याओं को लेकर किसान नेताओं ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज, रायबरेली।** रघुनाथ खेड़ा भारतीय किसान सेवा सीमित संगठन अराजनैतिक उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने ब्लॉक से नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे और वहां पर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि तहसील क्षेत्र के सभी ग्राम सभाओं का वर्षा से फसलों का जो नुकसान हुआ है उसकी जांच कर कर किसानों को तत्काल मुआवजा दिलाया जाए तहसील क्षेत्र के सभी किसान साघन सहकारी समितियां एवं इफको केन्द्रों पर यूरिया एवं डीएपी की उपलब्ध कराई जाए तथा बछरावां इफको केंद्र पर उपलब्ध कराई जाए पात्र व्यक्तियों के आवास जांच करा कर आवास मुहैया कराए जाएं। विद्युत विभाग द्वारा मीटर रीडिंग सही कर समय पर बिल भेजा जाए एवं विद्युत कटौती को रोका जाए पात्र व्यक्तियों की जांच करके वृद्ध एवं विधवा पेंशन दिलाई जाए एक सप्ताह के अंदर उचित कार्रवाई न हुई तो किसान संगठन धरना एवं प्रदर्शन के लिए मजबूर होगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## विद्युत सप्लाई से परेशान ग्रामीणों ने उपकेंद्र पर किया प्रदर्शन



**सलोन रायबरेली।** बिजली की समस्या से परेशान ग्रामीणों का आखिरकार गुस्सा फूट ही गया।नाराज ग्रामीणों ने पावर हाउस का घेराव कर जमकर प्रदर्शन किया।मामला सलोन क्षेत्र के ग्रामपंचायत सूची के खौसनहा गांव का है। जहां के उपभोक्ता पिछले तीन माह से बाधित चल रही गांव की विद्युत सप्लाई व विद्युत कर्मियों की कार्यशैली तथा लाइन मैन व उसके अनाधिकृत सहयोगियों द्वारा लाइन फाल्ट के नाम पर की जा रही अवैध वसूली और बिना रीडिंग लिए ही अनुमानित बिल भेजे जाने से नाराज होकर सूची पावर हाउस का घेराव किया।तथा विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों के आवाहन पर उनके समर्थन में पहुंचे राष्ट्रीय सवर्ण परिषद ऋक्ररायबरेली के जिला संगठन मंत्री योगेन्द्र प्रताप सिंह ने 24 घंटे में गांव की विद्युत सप्लाई की समस्या का समाधान न होने पर बड़े आंदोलन तथा विद्युत विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों के घेराव की चेतावनी दी। इस मौके पर बीरेंद्र यादव, राजू सिंह, कुलदीप कुमार, बृजेन्द्र बहादुर सिंह, राम संजीवन, रामराज, बच्चू, इंदल सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।

## मुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार के अभिकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**लालगंज/रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा रायबरेली प्रथम के मनोज कुमार मुख्य जीवन बीमा सलाहकार के टीम की यूनिट मीटिंग लालगंज के एक होटल में गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया। गोष्ठी एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि लालगंज शाखा प्रबंधक चंद्रकिशोर यादव रहे। श्री यादव ने निगम के कई उत्पादों, जीवन उत्सव, जीवन लाभ प्लान के बावत जानकारी दी।

रायबरेली शाखा से डिप्टी मैनेजर सी एलआईए मनीष अवस्थी ने जीवनलक्ष्य, जीवन लाभ नए प्लान नव जीवनश्री सिंगल प्रीमियम व नवजीवनश्री लिमिटेड(प्रीमियम), एलआईसी के म्युचुअल फंड इंडेक्स प्लस, निवेश प्लस प्लान केबारे में विस्तृत जानकारी दीऔर अभिकर्ताओं/बीमा सखी से कहा कि वह लोगों के बीच जाकर अधिक लोगों को जीवन बीमा रूपी सुरक्षा कवच प्रदान कर लोगों को आर्थिक रूप से मजबूत करें एलआईसी ही ऐसी संस्था है जिस पर लोगों का भरोसा कायम है। इस मौके परमुख्य जीवन बीमा सलाहकार मनोज कुमार जी ने कहा जीवन बीमा इसलिए नहीं है कि हम मरने वाले हैं बल्कि इसलिए कि हमारे बाद भी हमारा कोई अपना जीने वाला है। बीमा सखी मंगेश सिंह ने कहा भारत सरकारने बीमा सखी योजना लाकर हम महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका दिया है शाखा प्रबंधकजी ने सभी अभिकर्ताओं/बीमा सखीयो को सम्मानित किया।

### शारदीय नवरात्र पर जसवंतरी देवी मंदिर पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज नगर में स्थित मां जसवंतरी देवी मंदिर जो कि लगभग 100 वर्ष से अधिक पुराना है चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र में भक्तों द्वारा माता रानी की विशेष पूजा अर्चना की जाती है लगभग 40 वर्षों से समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहा है। समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रभात साहू ने बताया कि पिछले 40 वर्षों से लगातार मां जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण में नवरात्र में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन जब मैं किशोर अवस्था मे था

> 40 वर्ष से अधिक समय से धार्मिक कार्यक्रमों का चल रहा आयोजन, 100 वर्ष से अधिक पुराना है मां का दरबार



तब से चला आ रहा है पहले जब कोई कार्यक्रम होता था तो सड़क तक जाम हो जाती थी इतने लोग जमा होते थे महराजगंज क्षेत्र में जसवंतरी देवी मंदिर प्रांगण पर ही तमाम तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होना शुरू हुआ जो धीरे-धीरे गांव देहात की ओर बढ़ता चला गया उन्होंने बताया की कुछ सहयोग हो जाता है और माता रानी की कृपा बरस जाती है तो कार्यक्रम और अच्छे ढंग से संपन्न होता है। अध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया कि शारदीय नवरात्र 2025 में 27.9.2025 को राकेश शर्मा लखनऊ द्वारा जागरण कहा जाएगा तो वहीं 29.9.2025 को रंजीत राज प्रयागराज ज्योतिकमल बाराबंकी द्वारा जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया है 1.10.2025 को जवाबी कीर्तन कमलेश्वरी कंचन मध्य प्रदेश शशि राजकमल रायबरेली द्वारा होना है 1.10.2025 को विशाल कन्या भोज का आयोजन दिन 10 :00 बजे से प्रभु की इच्छा तक जारी रहेगा इस मौके पर सीमित के सदस्य मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल की बैठक हुई संपन्न, अहम मुद्दों को लेकर की गई बातचीत

**लालगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज नगर की सितंबर माह की मासिक बैठक हुई संपन्न जिसमें विभिन्न व्यापारिक विषयों पर हुई चर्चा बैठक की अध्यक्षता व्यापार मंडल के संरक्षक रविंद्र मुरारका ने की नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि भारत सरकार के द्वारा जीएसटी दरों पर व्यापारियों को दी गई छूट के लिए संगठन ने सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियो ने स्वागत कर सरकार को बधाई दी और संगठन के विस्तार हेतु जल्द ही सरेनी भोजपुर बेनीमाधवगंज और बड़ी प्रमुख बाजारों में व्यापार मंडल सदस्य बनाकर मजबूत संगठन तैयार किया जाएगा। वरिष्ठ व्यापारी नेता अनिल गुप्ता ने कहा कि 17 सितंबर 2025 को गुरबक्शगंज चौराहा पुलिस चौकी के बगल में खाद्य विभाग का कैंप लगाया जाएगा जिसमें व्यापारियों को सहूलियत के साथ लाइसेंस बनेंगे जिला अध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा कि नगर पंचायत के द्वारा विगत 5 माह से मेन रोड में नाले के नाम पर नाला को खोद दिया गया है रोड तोड़ दी गई है जिससे 15 15 दिन तक नाला नहीं बनाया जाता है 400 मी नाला बनाना था लेकिन लगभग 5 माह हो गए हैं अभी तक नाला नहीं बन पाया है व्यापारियों को दुकान बंद कर दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है नगर पंचायत प्रशासन की घोर लापरवाही व्यापारियों से भारी आक्रोश व्याप्त है।

## प्राथमिक विद्यालय बघाइन पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

**महमूदाबाद, सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



मेहनत और लगन से मंजिल तक पहुंचना आसान हो जाता है। दृढ़ संकल्प करके जो भी काम किया जाएगा, उसमें सफलता अवश्य मिलेगी।शिक्षा के मामले में संकल्पशक्ति और रुचिपूर्ण श्रम का बहुत महत्त्व है।

महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा चार के बच्चों के लिए घोषणा की गई थी कि जो बच्चे अंग्रेजी में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करेंगे उन्हें आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। उसी के तहत शत प्रतिशत अंक पाने वाली सुंदुस फिरदौस, राज मोहम्मद और मोहम्मद अल्तमस को एक-एक स्कूल बैग तथा नब्बे प्रतिशत अंक पाने वाले आरुष वर्मा, अंशिका, आयशा, फलक, नैमिष और आर्यन को एक-एक प्लेट पुरस्कार के रूप में प्रदान की गई। पुरस्कारों की व्यवस्था शिक्षिका दीप्ति वर्मा ने कराई। प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा, पवन कुमार, ऊषा वर्मा, शिवेंद्र प्रताप, गौरी, प्रधान प्रेमचंद वर्मा, पूर्व प्रधान राम नरेश वर्मा ने सभी को बधाई दी।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो जोड़े पुनः साथ रहने को राजी हुए

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत मंगलवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह तथा उनकी टीम के प्रयास से दो वैवाहिक जोड़े एक साथ रहने को राजी हुए। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों के बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को फिर से एक साथ रहने के लिए समझाया गया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह के प्रयास से दो विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए, तथा थाना प्रभारी व जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया।

## ऐपजा संगठन की बैठक आयोजित

**महोली (सीतापुर), समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे के एक गेस्ट हाउस में मंगलवार को ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन ( ऐपजा) संगठन की बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग एम सारथी जी ने संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय अधिवेशन सफल बनाने के विषय में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता ही संगठन की ताकत हैं। जिनके बलबूते पर पत्रकारों के हित के लिए बड़ी से बड़ी लड़ाई आसानी से लड़कर विजय हासिल की जाती रहीं है। उन्होंने बताया कि जनपद सीतापुर के महोली कस्बे से ही संगठन की शुरुआत की गयी थी। महोली तहसील का प्रत्येक कार्यकर्ता पत्रकारों के हित के लिए लड़ी गई हर लड़ाई में शामिल रहा है। जिसमें हमें सफलता भी मिली है। अभी तक ऐपजा का राष्ट्रीय अधिवेशन लखनऊ में कराया जाता रहा है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा के निर्देशन में इस बार राष्ट्रीय अधिवेशन 26 सितंबर 2025 को आपके जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य में कराया जाना है। जिसके लिए आप सभी लोग अभी से तैयारियां शुरू कर दें। जिससे राष्ट्रीय अधिवेशन सफलता की सीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके। बैठक में मौजूद संगठन के सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने में हर तरीके से सहयोग का आश्वासन दिया। इसके बाद चीफ कोआर्डिनेटर ने तहसील स्तर के सभी पदाधिकारी व सदस्यों को परिचय पत्र वितरित किए। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजीव पांडे तहसील संरक्षक रहीम खान, राजेश तिवारी अध्यक्ष अनूप मिश्रा, महामंत्री शिवचंद्र त्रिवेदी, रविंद्र सक्सेना, सर्वेश मिश्रा, प्रवीण शुक्ला, केडी सिंह, रमन वर्मा, ओम यादव, पदुम सिंह, अमित सिंह, संदीप चौरसिया कुलदीप बाजपेई, लक्ष्मीकांत शुक्ला, प्रेम शंकर तिवारी, राहुल आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक डीएम के माध्यम से पीएम को भेजेंगे ज्ञापन

> टीईटी पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लेकर शिक्षक हलकान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

हालिया दिनों में सुप्रीम कोर्ट से आए फैसले के बाद पूरे मुल्क में शिक्षा की अलख जगाकर राष्ट्र का निमार्ण करने वाला तबका यानी शिक्षक समुदाय बुरी तरह आहत है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने हालिया फैसले में नए पुराने सभी शिक्षकों के लिये टीईटी पास करना ज़रूरी क़रार दिया है। जिसके बाद पूरे तालीमी महकमे में भू-चाल है।

बताते चलें कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2010 के बाद नियुक्ति पाए शिक्षकों के लिये टीईटी की योग्यता का अनिवार्य कर दिया था, उस समय यह भी कहा गया था कि साल 2010 से पहले नियुक्ति पाए शिक्षकों पर इसका कोई असर न होगा। लेकिन 10 अगस्त 2017 में केन्द्र सरकार ने गुपचुप तरीके से एक ऐसा आदेश पारित कर दिया जिसमें नए पुराने सभी शिक्षकों के लिये टीईटी की अर्हता ज़रूरी कर दी गई। शिक्षकों का कहना है कि 2017 का यह आदेश सार्वजनिक नहीं हुआ, इसकी जानकारी तब हुई जब हालिया दिनों में सुप्रीम कोर्ट का एक फ़ैसला सामने आया और मालूम हुआ कि 10 अगस्त 2017 को जारी केन्द्र सरकार के आदेश के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने सभी शिक्षकों के लिये दो साल के अन्दर टीईटी पास करना ज़रूरी करार दिया है। टीईटी के बिना अब कोई शिक्षक नौकरी नहीं कर सकता चाहे वह कितना भी पुराना कर्मी क्यों न हो।

जिसके बाद साल 2010 से पहले के नियुक्ति पाए और अब तक बीस-तीस साल की सेवा पूरी कर चुके लाखों शिक्षकों और उनके परिवार के माथे पर शिकन देखने को मिल रही है वे हताश और परेशान हैं। शिक्षक संगठन अब इस मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई के मूड में दिखने लगे हैं। इसी क्रम में अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष योगेश त्यागी की अगुवाई में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में एक साथ दिनांक 11 सितम्बर 2025 को अपरान्ह 2 बजकर 30 मिनट पर जिलाधिकारी माध्यम से केंद्र सरकार के पत्र 10 अगस्त 2017 के विरोध में मा0 प्रधानमंत्री/शिक्षा मंत्री को सम्बोधित ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार रस्तोगी और जिला मन्त्री आराध्य शुक्ल ने जनपद के सभी शिक्षकों का अहवाहन करते हुए अनुरोध किया है कि 11 सितम्बर 2025 को अपराह्न अपरान्ह 2 बजकर 30 मिनट पर लालबाग पार्क सीतापुर में इकट्ठा होकर चट्टानी एकता के साथ कार्यालय जिलाधिकारी सीतापुर पहुँच कर ज्ञापन प्रेषित कर विरोध दर्ज कराने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें जिससे केन्द्र सरकार को अपना आदेश वापस लेने के लिये मजबूर किया जा सके, प्रदेश और देश के लाखों शिक्षक और उनके परिवार जीवन-मरण के इस मामले से खुद को उबार सकें।

## मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत शाहगढ़ में बैठक का किया गया आयोजन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल कुमार मौर्य ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के अन्तर्गत ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक विकास खण्ड शाहगढ़ में खण्ड विकास अधिकारी शाहगढ़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। विकास खण्ड स्तर पर बच्चों की सुरक्षा, संरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, देखरेख सम्बन्धित बिन्दुओं तथा ब्लॉक स्तर पर बाल श्रम, बाल यौन, पोषण, पलायन ट्रैफिकिंग अथवा किसी प्रकार की बच्चों के साथ क्रूरता जैसे व्यवहार आदि के सम्बन्ध में परिचर्चा की गयी तथा बैठक में संरक्षण अधिकारी अजय कुमार द्वारा महिला कल्याण विभाग में संचालित योजनाओं यथा-मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। खण्ड विकास अधिकारी ने बैठक में निर्देशित किया गया कि 6 से 14 वर्ष तक के उन बच्चों जो आर्थिक अभाव से विद्यालय में पढ़ने नहीं जाते है। उन्हें चिन्हित कर प्रवर्तकता कार्यक्रम के तहत वित्तीय सहायता हेतु बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्ताव प्रस्तुत करें तथा ब्लॉक एवं ग्राम सभा में अनिवार्य शिक्षा के दृष्टिगत सभी बच्चों का विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित कराया जाय तथा प्रत्येक बच्चों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति संबंधित विभाग द्वारा अवश्य किया जाय। बैठक में खण्ड विकास अधिकारी शाहगढ़, संरक्षण अधिकारी बाल संरक्षण अमेठी, खण्ड शिक्षा अधिकारी शाहगढ़, चिकित्साधिकारी शाहगढ़ व प्रतिनिधि बाल विकास परियोजना अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत शाहगढ़, बाल कल्याण अधिकारी शाहगढ़ तथा जिला बाल संरक्षण इकाई की सामाजिक कार्यकर्ता लक्ष्मी गुप्ता उपस्थित रही।

### गुटखा लेने गए राहगीर को चोर समझकर पीटा

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर के अंतर्गत भागीरथी कटेहटी गाँव में दुकान से पान मसाला लेने गये एक राहगीर को ग्रामीणों ने चोर समझकर पिटाई कर दी, युवक के पिटाई के मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक के तहरीर पर 3 नामजद व 7 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है। दो दिन पूर्व ग्रामीणों ने दुकानदार के कहने पर एकत्रित होकर युवक को बांध कर चोर समझते हुए जमकर मारा पीटा था घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने की कार्यवाही कर दी है।

## ई-रिक्शा की टक्कर से घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र तिलोई के अंतर्गत ई रिक्शा की जोरदार टक्कर से स्कूल से घर लौट रही छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गई। गम्भीर हालत में स्थानीय डॉक्टरों ने केजीएमयू के लिए रेफर कर दिया फिर भी छात्रा की जान नहीं बचाई जा रही। डॉ प्रताप नारायण मिश्र स्मारक इण्टर कॉलेज राजाफत्तेपुर की छात्रा शुभी पुत्री हौसिला प्रसाद निवासी पूरे राजाफत्तेपुर स्कूल से घर लौटते समय कठौरा की ओर से आ रहे ई रिक्शा की जोरदार टक्कर से गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा के सिर पर गंभीर चोट आयी, एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही परिजन और विद्यालय प्रबंधक उपेंद्र मिश्रा मौके पर पहुंचे, और प्राथमिक उपचार हेतु छात्रा को सुर्या हॉस्पिटल इंडस्ट्रियल एरिया जगदीशपुर पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने छात्रा की बिगड़ती हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार कर केजीएमयू लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लेकिन दुर्भाग्यवश सुबह ऑपरेशन से पहले ही छात्रा की मौत हो गई। उनकी आकस्मिक मृत्यु से विद्यालय परिवार गहरे शोक में है। विद्यालय प्रबंधक उपेंद्र मिश्रा ने बताया कि एक होनहार और सरल स्वभाव की छात्रा को हमने खो दिया है।

## दुःखी युवा पीढ़ी

दशकों मान्यता रही है कि समाज का मिडल ऐज ग्रुप दुरूखी व तनाव में और युवा व बुजुर्ग प्रसन्न रहते हैं। लेकिन हालिया प्रकाशित एक अध्ययन ने बताया कि दुरूख की शुरुआत अब युवा अवस्था में हो रही है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका समेत मध्यपूर्व के 44 देशों में यह ट्रेंड देखा गया है। जिसमें भविष्य की अनिश्चितता व कार्य परिस्थितियों का दबाव तो है मगर बड़ा कारक सोशल मीडिया बताया जा रहा है। दरअसल, लगातार सोशल मीडिया से जुड़े रहने और यथार्थ से दूर रहने के कारण युवा जीवन की वास्तविक स्थितियों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। आभासी मीडिया उन्हें बड़े-बड़े सपने तो दिखाता है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाई से अवगत नहीं कराता है। यही वजह है कि जहां पहले मिड ऐज ग्रुप यानी 40 से 50 आयु वर्ग दुखी माना जाता था, उसके स्थान पर दुरूख की शुरुआत अब युवा उम्र से ही होने लगी है। हालिया, ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट के आंकड़ों में, अफ्रीका, यूरोप, लैटिन अमेरिका, एशिया, अमेरिका व मिडल ईस्ट के 44 देशों का अध्ययन बताता है कि बुजुर्गों की तुलना में युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य ज्यादा खराब है। वेब आधारित इस सर्वे में पर्याप्त डेटा जुटाया गया था। जो बताता है कि यह ट्रेंड केवल विकसित देशों में ही नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर है। आंकड़े बताते हैं कि हर नई पीढ़ी अब पहली के मुकाबले ज्यादा तनाव में है। वहीं दूसरी तरफअमेरिका व ब्रिटेन में किए गए एक अन्य सर्वे में कम पढ़े-लिखे युवा कर्मियों में अवसाद ज्यादा पाया गया है। पहले मान्यता रही है कि नौकरीपेशा लोगों में नौकरी मिलने के बाद तनाव कम होता है,लेकिन आज हकीकत ठीक इसके विपरीत है। ब्रिटेन के एक सर्वे में कहा गया है कि साल 2016 के बाद चालीस से कम उम्र के युवाओं में चिंता व अवसाद पहले के मुकाबले ज्यादा हो गया है। वैसे यह भी हकीकत है कि जिन देशों में रोजगार की स्थिति बेहतर है,वहां मानसिक सेहत में सुधार हुआ है। दरअसल, तमाम अध्ययन बता रहे हैं कि सोशल मीडिया में लगातार सक्रियता युवाओं को वास्तविक सामाजिक जीवन से दूर कर रही है। वे कृत्रिम जीवन में जी रहे हैं। जब हम समाज व मित्रों के बीच सक्रिय रहते हैं तो बातचीत से तनाव मुक्त रह सकते हैं। देर रात तक सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने से युवाओं का नींद का चक्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। आभासी मित्रता के बजाय आमने-सामने की बातचीत सेहत के लिये ज्यादा लाभकारी होती है। यह जीवन की हकीकत है कि हमारे जीवन में योगदान देने वालों के प्रति यदि हम कृतज्ञता का भाव रखते हैं तो हमारा जीवन- व्यवहार सहज हो जाता है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हम जिन चीजों के प्रति कृतज्ञ हैं, उनके बारे में लिखने से हमारा नजरिया बदलता है। हमारा मानसिक स्वास्थ्य इस बात पर निर्भर करता है कि हमारी दिनचर्या कितनी अनुशासित व संतुलित है। रात को जल्दी सो जाने और सूर्योदय के साथ उठने से हम दिनभर प्रफुल्लित रह सकते हैं। विडंबना यह भी कि सोशल मीडिया पर आधुनिक जीवन की जो चमक-दमक दिखायी जाती है,युवा उसको पाने की आकांक्षा करने लगते हैं। लेकिन जीवन का यथार्थ कठोर है। निस्संदेह, वैज्ञानिक उन्नति व तकनीकी विकास से पूरी दुनिया में रोजगार के अवसरों का संकुचन हुआ है। श्रम आधारित उद्योगों के बजाय कृत्रिम बुद्धिमत्ता वाले उद्योगों के बढ़ने से यह स्थिति पैदा हुई है। साथ ही नौकरियों में अस्थिरता व असुरक्षा के चलते भविष्य को लेकर जो अनिश्चितता पैदा होती है, उससे युवाओं में तनाव की वृद्धि होती है।

# पश्चिमी जगत को सनातन धर्म की विशिष्टता को लेकर शिक्षित किया

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**



**पहली बार, स्वामी विवेकानंद ने दिखाया कि हिंदू धर्म के समग्र सिद्धांत सार्वभौमिक हैं। हिंदू धर्म का अनूठा स्वरूप इन्हीं मूल सिद्धांतों से निकला है। स्वामी विवेकानंद ने हिंदू धर्म की एकता और विशिष्टता का निर्माण किया। अमेरिका की यात्रा करने वाले पश्चिम के पहले हिंदू मिशनरी बनने, 1893 की धर्म संसद में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने और पश्चिम में हिंदू धर्म की शिक्षा देने के बाद, स्वामीजी हिंदू धर्म के एकीकरण के प्रतीक बन गए। उन्होंने हिंदू भाईचारे को प्रोत्साहित किया, लोगों को उनकी साझी विरासत की याद दिलाई और अपने लेखन और प्रवचनों के माध्यम से हिंदू चेतना को उन्नत किया। स्वामीजी की बदौलत हिंदुओं में साझा समुदाय की भावना विकसित हुई।**

स्वामी विवेकानंद का सबसे बड़ा योगदान पश्चिमी जगत को सनातन धर्म के अंतर्गत दर्शन के सबसे प्रमुख अंग, अद्वैत वेदांत की गहनता और विशिष्टता से परिचित कराना था। उन्नीसवीं सदी के अंतिम दस वर्षों में पश्चिमी लोगों ने ईसाई धर्म पर संदेह करना शुरू कर दिया और पूर्वी ज्ञान की ओर रुख करने लगे। उसी काल में थियोसोफिकल सोसाइटी का उदय हुआ, जिसने धर्म और विज्ञान के उच्चतम मानकों को अपनाने का दावा किया। यह इतनी प्रसिद्ध हो गई कि इसके सदस्यों की सूची दुनिया के शीर्ष लोगों की सूची जैसी हो गई।

स्वामी विवेकानंद एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ विचारवंत और तर्कवादी भी थे। 1893 में शिकागो में प्रथम विश्व धर्म संसद में उन्होंने प्रतिष्ठित पश्चिमी श्रोताओं के समक्ष उत्कृष्ट भाषण दिया, जिसमें उन्होंने उपनिषदों की शिक्षाओं और भारतीय दर्शन की नींव के बारे में अपनी समझ का प्रदर्शन किया। श्रोताओं में से कई लोगों ने सोचा कि भारतीय दर्शन, वैज्ञानिक तर्कसंगतता का त्याग किए बिना, मानवता की परम सत्य की खोज का अंतिम समाधान प्रस्तुत करता है, क्योंकि उन्होंने अपने संदेश को, जो आध्यात्मिक और तार्किक दोनों था, कुशलता से व्यक्त किया। स्वामी विवेकानंद की प्रमुख उपलब्धियों में से एक हिंदू धर्म को एक सच्ची पहचान, अपनापन और सम्पूर्णता प्रदान करना था। स्वामीजी के आगमन से पहले, कुछ ही संगठन थे, जो सभी एक-दूसरे पर प्रभुत्व का दावा करते थे और अनिवार्य रूप से स्वतंत्र थे। इनमें से किसी भी समूह के पास हिंदू धर्म की ठोस समझ का आधार नहीं था। भगिनी निवेदिता, स्वामी विवेकानंद के संपूर्ण कार्यों की प्रस्तावना में कहती हैं यह कहा जा सकता है कि धर्म संसद के समक्ष स्वामी का भाषण जब उन्होंने शुरू किया था, हिंदुओं की धार्मिक अवधारणाओं÷ के बारे में था, लेकिन जब तक उन्होंने इसे समाप्त किया, तब तक हिंदू धर्म स्थापित हो चुका था।पहली बार, स्वामी विवेकानंद ने दिखाया कि हिंदू धर्म के समग्र सिद्धांत सार्वभौमिक हैं। हिंदू धर्म का अनूठा स्वरूप इन्हीं मूल सिद्धांतों से निकला है। स्वामी विवेकानंद ने हिंदू धर्म की एकता और विशिष्टता का निर्माण किया। अमेरिका की यात्रा करने वाले पश्चिम के पहले हिंदू मिशनरी बनने, 1893 की धर्म संसद में हिंदू धर्म का प्रतिनिधित्व करने और पश्चिम में हिंदू धर्म की शिक्षा देने के बाद, स्वामीजी हिंदू धर्म के एकीकरण के प्रतीक बन गए। उन्होंने हिंदू भाईचारे को प्रोत्साहित किया, लोगों को उनकी साझी विरासत की याद दिलाई और अपने लेखन और प्रवचनों के माध्यम से हिंदू चेतना को उन्नत किया। स्वामीजी की बदौलत हिंदुओं में साझा समुदाय की भावना विकसित हुई। विद्वान के. एम. पणिक्कर के अनुसार, इस नए शंकराचार्य को हिंदू सिद्धांत के एकीकरणकर्ता के रूप में देखा जा सकता है। स्वामीजी की बदौलत हिंदू धर्म सक्रिय और वैश्विक बना। उन्होंने हिंदू समुदाय में एक मिशनरी भावना का संचार किया। उनकी कामना थी कि भारत की प्राचीन आध्यात्मिक शिक्षाओं से सभी प्रबुद्ध हों और उनका प्रसार पूरे विश्व में हो। उन्होंने कहा, उठो भारत, और अपनी आध्यात्मिकता का उपयोग विश्व पर विजय पाने के लिए करो। अधिवेशन में संबोधन, शिकागो, 11 सितंबर 1893 मुझे उस धर्म का हिस्सा होने पर गर्व है जिसने सभी को सहिष्णुता और स्वीकृति की शिक्षा दी है। सभी धर्मों को सत्य मानने के अलावा, हम सार्वभौमिक सहिष्णुता में भी विश्वास करते हैं। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि मैं एक ऐसे धर्म का सदस्य हूँ जहाँ E&clusion शब्द का अनुवाद पवित्र भाषा संस्कृत में नहीं किया जा सकता। एक ऐसे राष्ट्र का हिस्सा होना, जिसने सभी देशों और धर्मों के शरणार्थियों और सताए गए लोगों को शरण दी है, मुझे गौरवान्वित करता है। मुझे यह कहते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि हमने अपने हृदय में उन पवित्रतम इस्राएलियों को समाहित किया है, जो उस वर्ष या वर्षों में दक्षिणी भारत में आकर हमारे साथ शरण ली थी जब रोमन अत्याचार ने उनके पवित्र मंदिर को नष्ट कर दिया था। मैं उस धर्म का हिस्सा बनकर गौरवान्वित हूँ, जिसने प्राचीन पारसी देश के अंतिम निवासियों की रक्षा की है और उनका समर्थन करना जारी रखा है। स्वामी विवेकानंद ने 11 मार्च, 1898 को कलकत्ता के स्टार थिएटर में एक सभा की अध्यक्षता की, जिसमें सिस्टर निवेदिता (मिस एम. ई. नोबल) ने ÷इंग्लैंड में भारतीय आध्यात्मिक विचारों का प्रभाव÷ विषय पर एक व्याख्यान दिया। मिस नोबल का परिचय देने के लिए स्वामी विवेकानंद ने उठते हुए इस प्रकार कहा÷ पूर्वी एशिया की यात्रा के दौरान एक बात जो मुझे विशेष रूप से प्रभावित करती है, वह यह है कि इन देशों में भारतीय आध्यात्मिक अवधारणा कितनी व्यापक है। आप कल्पना ही कर सकते हैं कि चीन और जापान के मंदिरों की दीवारों पर कुछ प्रसिद्ध संस्कृत मंत्र लिखे देखकर मुझे कितना आश्चर्य हुआ होगा। शायद आपको यह जानकर और भी खुशी होगी कि वे सभी प्राचीन बंगाली लिपि में लिखे गए थे और वे आज भी हमारे बंगाली पूर्वजों के मिशनरी उत्साह और ऊर्जा के प्रमाण के रूप में मौजूद हैं। भारतीय युवाओं को स्वामीजी के धर्म और राष्ट्र के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए गहराई से अभिव्यक्ति के लिए आगे आना चाहिए। स्वामीजी के हर शब्द ने हिंदू धर्म और उस राष्ट्र पर गर्व महसूस कराया जिसने विश्व को आध्यात्मिक, वैज्ञानिक, और दीर्घकालिक विकास के लिए मानवता और पर्यावरणीय संतुलन विचारों के साथ प्रगति करने में मदद करने के लिए अद्भुत ज्ञान प्रदान किया।

## भीषण बाढ़ के संभावित कारण तथा सिंधु जल विवाद से कोई संबंध

**एस आर दारापुरी**

उत्तरी भारत और पूर्वी पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में फैला एक उपजाऊ क्षेत्र, पंजाब, अपनी भौगोलिक स्थिति, नदी प्रणालियों और मौसमी मौसम के कारण बाढ़ के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है। यह क्षेत्र सिंधु बेसिन की प्रमुख नदियों, जिनमें सतलुज, व्यास, रावी, चिनाब और झेलम शामिल हैं, से घिरा हुआ है, जिनका उद्गम हिमालय से होता है और मानसून के मौसम (आमतौर पर जून से सितंबर) के दौरान भारी मात्रा में पानी लाती हैं। इस क्षेत्र में बाढ़ भारतीय पंजाब और पाकिस्तानी पंजाब, दोनों को प्रभावित कर सकती है, अक्सर एक साथ, जैसा कि 2025 की विनाशकारी बाढ़ में देखा गया था जिसने सीमा पार लाखों लोगों को प्रभावित किया था। नीचे, मैं पर्यावरणीय, जलवायु और मानवीय कारकों को ध्यान में रखते हुए, हाल के और ऐतिहासिक पैटर्न के आधार पर प्रमुख कारणों की रूपरेखा प्रस्तुत करूँगा। तीव्र और लंबे समय तक चलने वाली मानसूनी वर्षा पंजाब में बाढ़ का मुख्य कारण है। 2025 में, उत्तरी भारत और पाकिस्तान में दशकों की सबसे भारी बारिश हुई, और पंजाब में अकेले अगस्त में औसत से 74: अधिक बारिश हुई।

## विचार

# बंगाल फाइल्स : इतिहास का वो सच, जो हमें कभी नहीं बताया गया

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




**अभी यह जख्म ताजा ही था कि अक्टूबर 1946 में नोआखाली में और भी भयावह घटनाएँ घटीं। यह क्षेत्र आज बांग्लादेश का हिस्सा है। वहाँ पर सुनियोजित तरीके से हिंदुओं के गाँवों पर हमला किया गया। सैकड़ों गाँव जलाए गए, हजारों महिलाओं का जबरन धर्मांतरण किया गया और बलात्कार तो सामान्य वारदात बन गए। आँकड़े बताते हैं कि केवल कुछ ही हफ्तों में लगभग 1000 हिंदुओं की हत्या की गई और लगभग 70,000 से अधिक लोग बेघर हो गए। जिन स्त्रियों को जबरन मुसलमान बनाया गया, उनकी संख्या आज भी अज्ञात है क्योंकि पीड़ित परिवारों ने सामाजिक कलंक के डर से कभी अपनी कहानी दर्ज नहीं कराई। गाँधी जी वहाँ पहुँचे, उन्होंने उपवास किया।**

'द बंगाल फाइल्स' महज एक फिल्म नहीं है, यह भारत के इतिहास की उस रक्तरंजित सच्चाई का आईना है जिसे दशकों तक छुपाया गया। यहां तक कि अध्ययन के स्तर पर कभी किसी स्कूल की पढ़ाई में तमाम इतिहास के किरादारों एवं घटनाओं के पठन-पाठन के बीच कभी यह सच नहीं बताया गया कि कैसे भारत का रक्त रंजित हिन्दू हत्याओं का इतिहास है।

इसके उलट हमारे समाज को बार-बार यह भ्रम दिया गया कि हम एक शांतिपूर्ण, धर्मनिरपेक्ष और सभ्य देश में जी रहे हैं। दरअसल, यह भ्रम इतना गहरा बैठा है कि पीढ़ियाँ यह मानकर बड़ी हुईं कि इतिहास मे जो कुछ हिंसा हुई वह तो आपसी दुश्मनी या सत्ता प्रात के लिए था, फिर भी जो थोड़े-बहुत जख्म थे, वह भर चुके हैं। लेकिन यह फिल्म उस नकली पट्टी को हटाती है और दिखाती है कि घाव आज भी रिस रहा है। जब कोई दर्शक इसे देखता है तो उसकी प्रतिक्रिया मनोरंजन की नहीं बल्कि आत्ममंथन की होती है। वह तालियाँ नहीं बजाता, बल्कि चुप हो जाता है, क्योंकि स्क्रीन पर दिख रहा दर्द महज कल्पना नहीं बल्कि इतिहास का जीवित दस्तावेज है। भारत का विभाजन केवल राजनीतिक समझौता नहीं था, यह मानव इतिहास का सबसे बड़ा जबरन विस्थापन था। 1947 में लगभग एक करोड़ चौबीस लाख लोग अपनी जमीन-जायदाद छोड़कर पलायन के लिए मजबूर हुए। आधिकारिक आँकड़े बताते हैं कि दस से बीस लाख लोग इस विभाजन की हिंसा में मारे गए। लेकिन इन आँकड़ों के पीछे जो पीड़ा छिपी है, उसका कोई हिसाब नहीं। लाखों स्त्रियाँ अपमानित हुईं, हजारों बच्चों का भविष्य अंधेरे में डूब गया।

इतिहास में इस रक्तपात की जड़ें 16 अगस्त 1946 को बोई गईं, जब मुस्लिम लीग ने डायरेक्ट ऐक्शन डे घोषित किया। कोलकाता की सड़कों पर उस दिन से शुरू हुई हिंसा ने तीन दिनों में कम-से-कम 10,000 लोगों की जान ले ली। ब्रिटिश प्रशासन की रिपोर्टों और 'द स्टेट्समैन' जैसे अखबारों के समकालीन विवरणों से यह साफ है कि यह नरसंहार योजनाबद्ध था। लगभग डेढ़ लाख लोग विस्थापित हुए और हिंदू बहुल बस्तियाँ राख में बदल गईं। इसे ही इतिहास ने ग्रेट कलकत्ता किलिंग का नाम दिया।

अभी यह जख्म ताजा ही था कि अक्टूबर 1946 में नोआखाली में और भी भयावह घटनाएँ घटीं। यह क्षेत्र आज बांग्लादेश का हिस्सा है। वहाँ पर सुनियोजित तरीके से हिंदुओं के गाँवों पर हमला किया गया। सैकड़ों गाँव जलाए गए, हजारों महिलाओं का जबरन धर्मांतरण किया गया और बलात्कार तो सामान्य वारदात बन गए। आँकड़े बताते हैं कि केवल कुछ ही हफ्तों में लगभग 1000 हिंदुओं की हत्या की गई और लगभग 70,000 से अधिक लोग बेघर हो गए। जिन स्त्रियों को जबरन मुसलमान बनाया गया, उनकी संख्या आज भी अज्ञात है क्योंकि पीड़ित परिवारों ने सामाजिक कलंक के डर से कभी अपनी कहानी दर्ज नहीं कराई। गाँधी जी वहाँ पहुँचे, उन्होंने उपवास किया, प्रवचन दिए, लेकिन पीड़ितों की पीड़ा पर कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया। वस्तुतः फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' इन घावों को याद कराती है और हमें बताती है कि इतिहास के ये अध्याय हमारे सामूहिक स्मृति से मिटा दिए गए।

यह सब एकबारगी घटनाएँ नहीं थीं। 1947 के विभाजन में पंजाब और बंगाल दोनों जगहों पर नदियाँ खून से लाल हो गईं। आधिकारिक रूप से दस से बीस लाख लोग मारे गए, लेकिन कई स्वतंत्र इतिहासकार मानते हैं कि यह संख्या तीस लाख तक भी हो सकती है। 1947 से 1951 के बीच लगभग 72 लाख हिंदू और सिख भारत आए जबकि उतने मुसलमान पाकिस्तान नहीं गए। यह आँकड़े बताते हैं कि पलायन कितना असमान और हिंसक था। इतिहास की यह क्रूरता यहीं नहीं रुकी। 1971 में जब पाकिस्तान ने पूर्वी पाकिस्तान के लोगों पर 'ऑपरेशन सर्चलाइट' चलाया तो यह मानवता के इतिहास का एक और बड़ा नरसंहार बना।

अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के अनुमान के अनुसार 20 से 30 लाख लोग मारे गए। इनमें बड़ी संख्या हिंदुओं की थी। लगभग 2 से 4 लाख महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ। करीब एक करोड़ लोग भारत में शरण लेने आए, जिनमें से अधिकांश बंगाल और त्रिपुरा में बसे। यह विस्थापन आज भी उन इलाकों के सामाजिक ढांचे पर बोझ है। लेकिन हमारी किताबों में इसे एक युद्ध का परिणाम कहकर दबा दिया गया, जैसे यह कोई सामान्य घटना हो।

## तर्पण

### मां के आशीर्वाद से मंगलमय हुआ मेरा जीवन








**छिबरामऊ।** मेरी माता जी ने स्वयं जीवन पर्यंत धर्म की राह पर चलते हुए मुझे भी धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। इसके कारण उनके आशीर्वाद से ही मेरा जीवन मंगलमय हुआ। सभी प्रकार के धार्मिक आयोजनों कथा, भागवत आदि में वह तन मन धन से सहयोग करके अन्य सभी को भी प्रेरित किया करती थीं। नित्य क्रियाओं के बाद पूजा पाठ करके गायत्री हवन करना उनकी जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा था। गायत्री परिवार में अहम भूमिका का निर्वहन कर वह पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया करती थीं। निर्धनों की सहायता, भूखे को भोजन व गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग आदि करके वह बहुत ही प्रसन्नता का अनुभव करती थी। मुझे भी जीवन में यह सभी कार्य करने की शिक्षा देती थीं।

17 मार्च 2020 को अचानक हृदयगति रुक जाने के कारण वह भगवत धाम को चली गई। उन्हीं के आशीर्वाद से मैं श्री राम कथा एवं संगीतमय सुंदरकांड पाठ का गायन कर सनातन धर्म का प्रचार प्रसार कर रहा हूं। मां के चरणों में कोटि कोटि प्रणाम करता हूं।

**पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर आपको शत-शत नमन**
**प्रशांतानंद चंदन**
**श्री राम कथा वाचक**
**छिबरामऊ (कन्नौज)**



## राशिफल

**मेषः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों में भावनात्मक तालमेल बिठाने का प्रयत्न करें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा।

**बृषभः-** विरोधियों की प्रबलता से कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां संभव। जीविका क्षेत्र में नये आयाम उत्साहित करेंगे। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**मिथुनः-** किसी सहकर्मी के खराब व्यवहार से कष्ट संभव। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। पारिवारिक संबंधों में कटुता न आने दें।

**कर्कः-** किसी विपरीतलिंगी संबंध के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित न हों। अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें।

**सिंहः-** अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों की मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिंतित होगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा। असीम प्रतिभाओं के बावजूद असफल होंगे।

**कन्याः-** कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु उद्वेलित करेगी। दूसरों की आलोचना का असर मनोबल पर कतई न पड़ने दें।

**तुलाः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन नई-नई युक्तियों पर केंद्रित होगा। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**वृश्चिकः-** बीती बातों को भूल वर्तमान में जीने का प्रयास करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ मिलेगा। बिना वजह दूसरों की पीठ पीछे आलोचना न करें।

**धनुः-** दूसरों की सफलता से अपने अंदर हीन भावना न पाले। नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर होगा तथा स्थान परिवर्तन का भी योग है। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे की पूर्ति समय से करें।

**मकरः-** रोजगार में कुछ आकस्मिक सफलता मिलने का योग है। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव।

**कुंभः-** रोजगार क्षेत्र में मिल रहे नये अवसरों का लाभ उठाएंगे। आवेश में लिये गये निर्णय से हानि संभव।

**मीनः-** आपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

# आखिर दुनियांभर में क्यों बढ़ रही बहाई धर्म के अनुयायी

**डॉ. अजय कुमार मिश्रा**



इन्सान के जीवन की सबसे बड़ी खोज में से धर्म एक है जिसके जरिये जीवन को जीने और परस्पर सहयोग समेत जीवन के अनेकों पहलुओं को समझने और आगे बढ़ना सिखाया जाता है, पर सभी धर्म के अनुयायी एक दूसरें से अपने धर्म को श्रेष्ठ मानतें है, जबकि इन्सान और इंसानियत ही सबसे बड़ी आवश्यकता इस धरती पर है, दुनियां का सबसे नवीनतम धर्म जिसे हम सभी बहाई धर्म के नाम से जानते है एक नयी और आधुनिक विचारधारा के साथ सामने आया है बहाई धर्म 19वीं सदी में ईरान में स्थापित एक स्वतंत्र धर्म है, जिसकी स्थापना मिर्जा हुसैन अली नूरी, जिन्हें बहाउल्लाह के नाम से जाना जाता है, ने की थी। यह धर्म आज दुनियां के लगभग सभी देशों में मौजूद है और इसके अनुयायी आपको मिल जायेंगे। यह धर्म एक ईश्वर में विश्वास करता है और इसकी मूल मान्यताओं के अनुसार मानवता एक है और दुनियां के सभी धर्म एक ही ईश्वर से उत्पन्न हुए है जिनका उद्देश्य समय-समय पर मानवता का विकास करना रहा है। इस धर्म का मानना है की एक सर्वशक्तिमान ईश्वर ही इस दुनियां का मुख्य स्त्रोत है इस धर्म के अनुसार दुनिया के प्रमुख धर्म हिन्दू धर्म, इस्लाम धर्म, इसाई धर्म, बौद्ध धर्म सभी के जनक एक ही ईश्वर है और मानवता के विकास के लिए उनके दूत के रूप में समाज को नई दिशा देने के लिए महान लोगों का इस धरती पर जन्म हुआ। इस धर्म का विश्वास है की धरती के सभी मनुष्य एक समान है इनमे किसी भी आधार पर किसी तरह का भेद-भाव नहीं होना चाहिए।

इस धर्म की यह भी मान्यता है की बिना किसी के प्रभाव में आये सभी लोगों को सत्य की खोज स्वयं करना चाहिए। शिक्षा और विज्ञान व आध्यात्मिकता का समन्वय की अनिवार्यता पर यह विशेष बल देता है। इस धर्म की सबसे बड़ी विशेषता यह है की इस धर्म का मुख्य लक्ष्य विश्व शांति स्थापित करना है तथा शांति और न्याय इसका मजबूत आधार है । सादगी और अनुकूलनशीलता पर भी यह बल देता है। आज दुनियांभर में बहाई धर्म के अनुयायी आपको देखने को मिल जायेगे जिनकी संख्या लगभग 8 मिलियन के करीब है दिल्ली में स्थित लोटस टेम्पल इसी धर्म की देन है। इसका मुख्य केंद्र हाइफा, इज़राइल में विद्यमान है। यह धर्म खासकर उन लोगों के बीच लोकप्रिय है जो शांति और एकता के संदेश से जुड़ाव महसूस करते हैं।अब प्रश्न यह भी उठता है की यह धर्म पहले से चल रहे अनेकों धर्म के होते हुए भी इसकी स्वीकार्यता क्यों बढ़ रही है इसके पीछे का कारण यह है - इस धर्म की मान्यता के अनुसार सभी प्रमुख धर्म ईश्वर से ही उत्पन्न हुए है और उन धर्मों के संस्थापक ईश्वर के दूत रहें है जिनका मुख्य उद्देश्य मानव को समयानुसार सही मार्ग प्रसस्त करना रहा है जबकि इस धर्म के पूर्व के कई धर्म अपने को एकमात्र सत्य या अंतिम सत्य के रूप में प्रस्तुत करते हैं । एक तरफ जहाँ बहाई धर्म आधुनिक सामाजिक मुद्दों जैसे लैंगिक समानता, शिक्षा का अधिकार, गरीबी उन्मूलन और विश्व शांति पर जोर देता है और यह विज्ञान और धर्म के बीच सामंजस्य को बढ़ावा देता है वही अन्य धर्म कई पारंपरिक धर्मों में सामाजिक नियम प्राचीन संदर्भों पर आधारित हैं और आधुनिकता के साथ उनका समन्वय समय के साथ व्याख्या के माध्यम से हुआ है। यह धर्म व्यक्तिगत रूप से ईश्वर से संबंध स्थापित करने पर जोर दिया जाता है। इस धर्म के शुरुआत से ही इसे एक वैश्विक धर्म के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो मानवता की एकता और विश्व सरकार जैसी अवधारणाओं को बढ़ावा देता है। इसका लक्ष्य एक ऐसी दुनिया बनाना है जहां राष्ट्र, संस्कृतियाँ और लोग एकजुट हों जबकि कई धर्मों की शुरुआत स्थानीय या क्षेत्रीय संदर्भ में हुई और बाद में वे वैश्विक हुए। इसमें जटिल अनुष्ठान, मूर्तिपूजा या धार्मिक प्रतीकों का व्यापक अभाव है। प्रार्थना, ध्यान और सामुदायिक सभाएँ (19-दिवसीय भोज) इसकी मुख्य प्रथाएँ हैं और अन्य धर्मो से यह अधिक लचीला भी है। यह धर्म स्वयं को मानव इतिहास के वर्तमान युग के लिए एक नया धर्म मानता है, जो पिछले धर्मों को पूर्ण करने के बजाय उनके संदेश को आगे बढ़ाता है जबकि अधिकांश धर्म प्राचीन हैं और अपनी उत्पत्ति को हजारों साल पुरानी परंपराओं से जोड़ते हैं। सबसे खास बात इस धर्म की यह है की इस धर्म में शराब और नशीले पदार्थों का सेवन पूरी तरह निषिद्ध है, जो इसे कुछ अन्य धर्मों से अलग करता है जहां यह व्यक्तिगत पसंद पर निर्भर करता है। यदि देखा जाय तो बहाई धर्म अन्य धर्मों से मुख्य रूप से अपनी समावेशी प्रकृति, आधुनिकता के प्रति झुकाव, और वैश्विक एकता के संदेश के कारण यह अलग धर्म है। यही मुख्य वजह भी है की अनेकों प्रमुख धर्मो के होते हुए भी लोगों ने तेजी से इस धर्म को स्वीकार किया है। यह एक ऐसा धर्म है जो न तो किसी एक धर्म का सुधार है और न ही उसका विरोध करता है, बल्कि सभी को एक व्यापक ईश्वरीय योजना का हिस्सा मानता है। परिणाम स्वरुप यह आसानी से लोगों को प्रभावित भी कर रहा है । बहाई धर्म के अनुयायी रोज प्रार्थना करते हैं, जिसमें बहाउल्लाह द्वारा लिखित प्रार्थनाएँ शामिल हैं। साल में 19 दिनों का उपवास (2 मार्च से 20 मार्च तक) रखते हैं। बहाई मंदिर (जिन्हें मशरिकुल-अज़कार कहा जाता है) सभी धर्मों के लोगों के लिए खुले होते हैं । शराब और नशीले पदार्थों का सेवन इस धर्म में निषिद्ध है। यह धर्म अपनी उत्पत्ति के पश्चात् से ही वैश्विक एकता और मानवता में भेद-भाव को न करने के कारण दुनियाभर में तेजी से इसके अनुयायी जुड़ रहें है। एक तरफ जहाँ मौजूदा कई धर्मो के होने के बावजूद इस धर्म ने अपने कम समय में अपने अनुयायी की संख्या में वृद्धि किया है वही इस धर्म के उद्देश्य निसंदेह मानवता के विकास के लिए समर्पित है। इस धर्म की खास पहचान यह भी है की सभी धर्मों को यह एक ही ईश्वर से निकला हुआ मानता है और जिसका उद्देश्य मानव का कल्याण करना है। समय और ज्ञान में वृद्धि के साथ-साथ इस धर्म के अनुयायियों की संख्या में वृद्धि होना स्वाभाविक है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### धार्मिक समिति के अध्यक्ष के प्रति उपजा असंतोष

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** मंगलवार को मीडिया में आई खबरों के बाद धार्मिक समिति के अध्यक्ष के कारनामे की लोग निंदा करने में जुटे हुए हैं। कस्बे में अन्य धार्मिक कार्यक्रमों व आयोजन की समितियों ने भी इस धार्मिक आयोजन की समिति के कारनामे के खिलाफ उंगली उठाते हुए कठोर कार्यवाही की मांग के लिए अधिकारियों को ज्ञापन देने की तैयारियां शुरू की है उम्मीद है कि कस्बे के अन्य धार्मिक आयोजन की समितियां इस अध्यक्ष के खिलाफ बुधवार को अधिकारियों को ज्ञापन सौंप सकती हैं।

### मरीजों के साथ गाली-गलौज व अभद्रता करने के मामले में कर्मचारी निलंबित

**हमीरपुर।** सीएचसी मौदहा में कार्यरत कर्मचारी द्वारा मरीजों के पर्चे बनाये जाने के दौरान गाली गलौज करने एवं अभद्रता करने संबंधी वायरल वीडियो की जांच में मामला सही पाए जाने पर सीएमओ ने दोषी कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बीते एक सितंबर को सोशल मीडिया में सीएचसी मौदहा में कार्यरत कर्मचारी द्वारा मरीजो के पर्चे बनाये जाने के दौरान गाली गलौज व अभद्रता की थी। जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। मामले में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गीतम सिंह को मामले की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए थे। मामले में सीएमओ द्वारा आवश्यक जांच आख्या दी गई है। जिसमें सीएचसी मौदहा में कार्यरत कर्मचारी काशिफ महमूद (चतुर्थ श्रेणी) द्वारा मरीजों के पर्चे बनाये जाने के दौरान गाली-गलौज करने एवं अभद्रता किए जाने से संबंधित मामले की जांच समिति का गठन कर प्रकरण की जांच कराई गई, जांच समिति द्वारा दो सितंबर को प्रकरण की जांच की गई। जांच समिति द्वारा पाया गया कि वायरल वीडियो काशिफ महमूद (चतुर्थ श्रेणी) का ही है और उनके द्वारा गाली-गलौज, अशब्द भाषा का प्रयोग किया गया। जिस पर काशिफ महमूद दोषी पाए जाने पर सीएमओ द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### बाइकसवार को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, गंभीर घायल

**मुस्करा, हमीरपुर।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के सर्विस रोड में गुंदेला गांव के पास अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जनपद महोबा के खरेला थानाक्षेत्र के धवारी गांव निवासी राजेश पालीवाल (52) पुत्र लक्ष्मीनारायण ने बताया कि वह अपनी बाइक से गांव से एक्सप्रेस वे की सर्विस लाइन होते हुए राठ कस्बे जा रहा था। तभी गुंदेला गांव के पास सर्विस लाइन रोड पर किसी अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क में गिरकर बुरी तरह से घायल हो गया। घायल बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए था। ग्रामीणों की सूचना कर एंबुलेंस 108 की मदद से घायल को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक योगेश तिवारी ने बताया कि उक्त मामले में सूचना प्राप्त नहीं हुई है। सूचना मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गल्ला व्यापारी की दुकान में सेंधमारी कर रुपये चोरी

**राठ, हमीरपुर।** कस्बे में चोरों ने एक गल्ला व्यापारी की दुकान में सेंधमारी कर दुकान के अंदर रखे 50 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी है। कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला निवासी गल्ला व्यापारी सुरेश चंद्र गुप्ता ने बताया कि कुर्रा रोड स्थित नहर बाईपास पर उसकी गल्ला की दुकान है। बताया कि बीती रात चोर दुकान में सेंधमारी कर घुस गए और गोलक में रखे पचास हजार रुपये चोरी कर ले गए। सुबह जब वे दुकान पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा हुआ था। कोतवाली ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### प्रसव के बाद प्रसूता ने मेडिकल कालेज में तोड़ा दम




**राठ, हमीरपुर।** प्रसव के बाद पुत्री को जन्म देने के पर महिला की हालत बिगड़ गई। चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। जहां उरई मेडिकल कालेज में महिला ने दम तोड़ दिया। स्वजनों ने डिलेवरी के दौरान लापरवाही बरतने का अस्पताल स्टाफ पर आरोप लगाया है। कस्बे के बाराखंबा छोटी जुल्हेटी मोहल्ला निवासी नंदकिशोर ने बताया कि उसकी पत्नी 25 वर्षीय विमलेश गुप्ता गर्भवती थी। सोमवार की सुबह उसकी करीब 11 बजे पत्नी को प्रसव पीड़ा हुई। स्वजन डिलीवरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। शाम करीब सात बजे उसकी पत्नी ने एक पुत्री को जन्म दिया। बताया कि डिलेवरी के कुछ देर बाद पत्नी की हालत बिगड़ गई। जहां चिकित्सक ने मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया। रात करीब 11 बजे पत्नी की मेडिकल कालेज उरई मौत हो गई। मृतका के पति ने बताया उसकी पत्नी की दूसरी डिलेवरी थी। अस्पताल स्टाफ की लापरवाही से ही उसकी पत्नी की मौत हुई है। मृतका अपने पीछे ढाई वर्षीय पुत्र वेदांश को छोड़ गई है। इस संबंध में महिला अस्पताल की प्रभारी नेहा यादव से संपर्क करना चाहा तो उनका मोबाइल स्विच ऑफ जा रहा था।

### परिवार परामर्श केंद्र पुलिस टीम और समाजसेवियों ने तीन परिवारों को बिखरने से बचाया




**बांदा।** सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 3 परिवारों को टूटने से बचाया। आवेदिका ममता पुत्री नत्थू निवासी बडोखर खुर्द थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ने अपने पति कमलेश पुत्र रामशरण निवासी देविन नगर थाना नरैनी जनपद बांदा, रजुलिया पुत्री भोला निवासी सिकलोढी थाना बिसंडा ने अपने पति चुन्नु पुत्र केशन निवासी पिपरी मजरा ओरन थाना बिसंडा तथा विनीता वाल्मीकि पुत्री लक्ष्मण निवासी जानकी कुण्ड जनपद सतना (मप्र) ने अपने पति दिलीप वाल्मीकि पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम मोतियारी थाना नरैनी जनपद बांदा के विरुद्ध प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिस पर परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम व समाजसेवियों द्वारा पति-पत्नी व उनके परिवारों को बुलाकर व्यक्तिगत व संयुक्त रुप से सुना गया एवं निष्पक्षता से मध्यस्थता की भूमिका निभाई तथा पारिवारिक, भावनात्मक एवं सामाजिक पहलुओं को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने व किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बिना संकोच किए पुलिस परिवार परामर्श केन्द्र या नजदीकी थाने पर सम्पर्क करने हेतु सलाह दी गयी।

### मेडिकल कालेज के डेंटल विभाग में जेआर स्टाफ का आतंक, महिला मरीज के साथ की अभद्रता



**बांदा।** रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज जहां गरीब और असहाय मरीजों के लिए एक ओर संजीवनी साबित होता है। वहीं दूसरी ओर नए-नवेले जेआर स्टाफ की करतूतों से राजकीय मेडिकल कालेज दबंगों की दबंगई का अड्डा बन गया। कम पैसे में उचित इलाज का आसरा लेकर गैर जनपद से आयी महिला मरीज के साथ जेआर स्टाफ ने जमकर अभद्रता की। वहां पर मौजूद स्टाफ के अन्य लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह से मामला शांत कराया। स्टाफ बीच बचाव न करता तो महिला मरीज के साथ मारपीट होना कोई बड़ी बात नहीं होती। हमीरपुर जनपद के सुमरेपुर कस्बे की रहने वाली गरीब महिला बेबी अपना दांतों की सफाई कराने राजकीय मेडिकल कालेज आयीं थी। उनको पहले वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा.निधि गुप्ता ने देखा और उनकी दांतों की सफाई कराने के लिए बोला और सरकारी शुल्क जमा करने के लिए स्लिप दे दी। इसके बाद बेबी के साथ आये उनकी बेटी और दामाद ने वह स्लिप काउंटर से में जाकर निर्धारित 267 रूपये की बकायदा रशीद भी बनवा ली। लेकिन जब बेबी पुनः ओटी के जूनियर डाक्टर स्नेहलता के पास गईं तो उन्होंने यह कहकर दांतों की सफाई करने से इंकार कर दिया। आप गुटखा खाती हैं, गुटखा खने वाले मरीजों के दांतों की सफाई नहीं होती है। इसके बाद मरीज बेबी पुनः डाक्टर निधि के पास अपनी पीड़ा बताने गयीं। डाक्टर निधि ने जूनियर डाक्टर स्नेहलता से बोला की गुटखे की सफाई नहीं करना है, बल्कि दांतों में जमीं गंदगी की सफाई करनी है। इसके बाद डा.स्नेहलता ने सफाई से इंकार कर दिया। इस पर मरीज और उसके तीमारदारों ने इसकी शिकायत प्राचार्य से करने की बात कही तो वहां पर मौजूद जेआर स्टाफ का सूरज राज महिला मरीज बेबी और उसके परिजनों से अभ्रदता करने लगा। बात इतनी बढ़ गयी कि जेआर सूरज राज ने महिला मरीज को खूब अपशब्द कहते हुए अपनी सीनियर चिकित्सक डा.निधि को भी देखलेने की धमकी दे डाली। इसके बाद भी मामला शांत नहीं हुआ और सूरज राज महिला मरीज के साथ हांथा-पाई करने के लिए लपका तभी वहां मौजूद स्टाफ ने किसी तरह से मामला शांत कराया। इस पूरे मामले की जानकारी जब प्राचार्य डा. सुशील कौशल ले गई तो उन्होंने बताया कि मामला उकने संज्ञान में है। सीसीटीवी फुटेज देखने और जांच करने के बाद उचित कार्यवाही की जायेगी। अब देखने वाली बात है कि प्राचार्य इस पर क्या कार्यवाही करते हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो मरीजों के साथ होने वाली अभद्रता कब रूकेगी।

# प्रमुख सचिव ने 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



श्रम एवं सेवायोजन उप्र शासन के प्रमुख सचिव/जनपद के नोडल अधिकारी डा.शन्मुगा सुंदरम एमके ने 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। सेतु निर्माण कार्य धीमी गति से मिलने पर कार्य की गति बढ़ाकर समय से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने सबसे पहले जनपद में बाईपास निर्माण के अन्तर्गत यमुना नदी पुल, बेतवा नदी पुल एवं रेइन नाला में निर्माणाधीन पुल का निरीक्षण किया। जहां पुल पर एक लेन में लान्चिंग का कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण के समय मौके पर केवल एक लांचर पाया गया, जिससे कार्य की गति धीमी मिली। उन्होंने निर्देशित किया गया कि लांचर आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए कार्य को समय से पूर्ण कराया जाए। इसके बाद उन्होंने कुछेछा में परिवहन निगम को आवंटित भूमि पर डिपो कार्यशाला को स्थानांतरित किए जाने के लिए आवश्यक अवस्थापनाओं के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। जहां कार्य प्रगति पर मिला। इसके बाद जिला कारागार में टाईप। के दो ब्लाक में कुल 12 आवासों का निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। जहां दोनों ब्लाकों में कार्य प्रगति पर मिला है। नोडल अधिकारी ने निरीक्षित परियोजनाओं से संबंधित कार्यदायी संस्था के विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कार्य की गति बढ़ाकर कार्य समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए। स्थलीय निरीक्षण के समय जिलाधिकारी घनश्याम मीना, सीडीओ अरुण कुमार सिंह सहित परियोजनाओं से संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी एवं तकनीकी समिति के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मामले को लिया संज्ञान में पहुंची पीड़िता के पास

**फालोअप**

**सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे की महिला के साथ गत सप्ताह गुरुवार की रात घटित हुई घटना कि आप बीती का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर महिला के यहां पहुंचकर पूछताछ शुरू की है उम्मीद जताई जा रही है कि जल्द ही पुलिस पीड़िता को न्याय दिलाएगी। वही धार्मिक कमेटी के अध्यक्ष के खिलाफ लोगों के अंदर आक्रोश पनपने लगा है। गत गुरुवार की रात एक धार्मिक समिति के अध्यक्ष ने शराब के नशे में धुत होकर साथियों के साथ किराए के कमरे में रह रही महिला का रात 2:00 बजे दरवाजा खटखटाकर खुलवाने तथा फोन करके दरवाजे खोलने का दबाव बनाया था। महिला ने सूझबूझ दिखाते हुए दरवाजा नहीं खोलकर मकान मालिक को सूचना देकर मदद मांगी थी। मकान मालिक ने पड़ोसी को फोन करके दरवाजा पीटने की सूचना दी थी और पड़ोसी के जागकर बाहर आने पर सभी भाग गए थे। पीड़िता की घटना कि आप बीती का वीडियो गत दिनों वायरल हुआ था। जिसकी खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। मंगलवार को वायरल वीडियो सहित प्रकाशित हुई खबर को संज्ञान में लेकर पुलिस पीड़ित महिला के घर पहुंची और घटना की जानकारी हासिल की है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पीड़िता का बयान दर्ज किया गया है। पीड़िता को शिकायत के लिए तैयार किया जा रहा है। पीडिता ने कस्बे के चार युवकों के नाम बताएं है। इनमें कस्बे के धार्मिक कार्यक्रम का अध्यक्ष भी है। महिला से पूछताछ के बाद अब युवकों से पुछताछ की तैयारी की जा रही है। युवकों से पुछताछ के बाद महिला को न्याय दिलाया जाएगा।

## कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर युवा किसान की मौत



**सुमेरपुर।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम पंधरी में एक युवा किसान की कूलर में उतरे करंट की चपेट में आकर दर्दनाक मौत हो गई। सदर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक अपने पीछे पत्नी पुत्र पुत्री को रोता बिलखता छोड़ गया है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था। पंधरी गांव निवासी लालता प्रसाद श्रीवास का पुत्र संदीप श्रीवास 36 वर्ष खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। सोमवार को रात करीब 9.30 बजे यह कूलर में उतरे करेंट की चपेट में आकर घर पर ही बेहोश होकर गिर गया। परिजन उसको उठाकर उपचार के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां पर डाक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित करके पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है। मृतक के पिता ने बताया कि यह दो भाइयों में बड़ा था और खेती किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता था। अचानक हुई इस घटना से पत्नी प्रतिभा, पुत्री प्रकृति 12, पुत्र प्रवेश 8, भाई राहुल, पिता लालता प्रसाद का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पूर्व प्रधान अरविंद उर्फ बाले गुप्ता ने पीएम हाउस पहुंचकर परिजनों को सांत्वना प्रदान करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

## रोजगारपरक योजनाओं के ऋण वितरण में लापरवाही, कमीशनखोरी एवं फर्जीवाड़ा पर होगी एफआईआरः डीएम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनपद के समस्त बैंकर्स के साथ जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला सलाहकार समिति/जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने जमा ऋण अनुपात, वार्षिक ऋण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना आदि की जानकारी ली। उन्होने कहा कि जनपद का जमा ऋण अनुपात खराब है, इसे सुधारा जाए। सरकार की कल्याणकारी रोजगारपरक योजनाओं की स्थिति बेहद खराब है। उन्होने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अन्तर्गत जनपद में अब तक 1195 कुल आवेदन किए गए है, जिसमें से मात्र 380 आवेदन स्वीकृति किए गए तथा इससे कहीं अधिक 571 आवेदन निरस्त किए गए है, जो बेहद शर्मनाक है। इस योजना के तहत अभी भी 400 प्रकरण लम्बित है, जो बैंको की निष्क्रियता को दर्शाता है। इसको लेकर डीएम ने सर्वाधिक लम्बित प्रकरण रखने वाले बैंक आफ बडौदा, इडियन बैंक एवं एसबीआई के प्रतिनिधियों की कार्यशैली पर कड़ी आपत्ति जतायी और सभी बैंको को कल पूर्वान्ह 11:00 बजे से विकास भवन में दो दिवसीय कैम्प लगाकर समस्त 400 लम्बित प्रकरण प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होने बैंकर्स को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि रोजगारपरक योजनाओं के तहत ऋण वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, कमीशनखोरी एवं फर्जीवाडा कदापि न किया जाए अन्यथा संबंधित के विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराकर विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

## विदेश भेजने के नाम पर कबूतरबाज ने बेरोजगारों से ठगे लाखों रुपये

**मौदहा, हमीरपुर।** विदेश में नौकरी दिलाए जाने के नाम पर चार लाख से अधिक की ठगी से पीड़ितों ने यूपी जिला अधिकारी को तहरीर सौंपते हुए समस्या के समाधान की गुहार लगाई है। कस्बे में पहले कबूतर बाजी के माया जाल में फंसे युवकों को कस्बे के ही जकीरुद्दीन व जहीरुद्दीन ने मलेशिया में अच्छी नौकरी दिलाई जाने के लिए कस्बा निवासी वाहिद अहमद, फैजान, जमील जमशेद अली वसीम उल्लाह आदि लोगों से अलग-अलग रुपए लेकर 1 वर्ष पूर्व मलेशिया भेजने के लिए पासपोर्ट व जरूरी दस्तावेज के नाम पर ले लिया था और इसके बदले उन्हें फर्जी वीजा पकड़ा कर विदेश जाने के लिए कहां जब इसकी जांच पीड़ितों ने गहनता से कराई तो वह पूर्ण रूप से फर्जी निकली जिसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से करते हुए उक्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हुए पैसे दिलाए जाने की जोरदार मांग की है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

बांदा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर, 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10.00 बजे से आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आज दीवानी न्यायालय परिसर-बांदा से जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बांदा देवेन्द्र सिंह-प्रथम द्वारा प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर नगर भ्रमण हेतु रवाना किया गया। प्रचार वाहन भ्रमण का उद्देश्य जनपद व तहसील स्तर पर आगामी 13 सितंबर 25 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन/वादकारियों को राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभदिलाया जाना हैं।

## खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने किया हाईवे जाम

**एसडीएम ने किसानों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया**

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा सहित आसपास के गांवों में खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीएम ने किसानों को समझा-बुझाकर कर जाम खुलवाया। हालांकि इसी दरम्यान का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें एसडीएम द्वारा झापड़ मारकर पेशाब छुटा देने की बात कही गई है। हालांकि अमृत विचार इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

बताते चलें कि इस समय रबी की फसलों की बुआई का समय शुरू हो गया है। लेकिन समितियों में खाद नहीं आने से किसानों को फसलों की बुआई की चिंता सता रही है। मंगलवार सुबह कस्बे के नेशनल हाईवे पर स्थित पीसीएफ में खाद आने की सूचना मिलते ही किसानों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। लेकिन घरों से पकड़ पकड़ कर राजनीतिक दलों की सदस्यता दिलाने वाले समाज के ठेकेदार कथित नेता किसानों को खाद दिलाने के समय गायब नजर आए। पीसीएफ समिति में अभी खाद बंटना शुरू ही हुआ था कि खत्म होने का समय भी आ गया। जिससे आक्रोशित किसानों ने नेशनल हाईवे पर जाम लगा दिया और कुछ मिनटों के भीतर नेशनल हाईवे पर दोनों ओर लंबी लंबी वाहनों की लाइन लग गई। जाम की सूचना पर पहुंचे उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह को भी किसानों के आक्रोश का सामना करना पड़ा। लेकिन उपजिलाधिकारी ने जल्द ही सभी किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद दिलाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। बताते चलें कि किसानों को खाद की समस्या कोई नई नहीं है। हर फसल में किसानों को खाद की किल्लत से जूझते हुए जाम लगाने के लिए मजबूर होना पड़ता है। इसी दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें एसडीएम किसी को झापड़ मारकर पेशाब छुटा देने की बात कही है।

## रोपित किए गए पौधों की जियो टैगिंग शत-प्रतिशत कराएंः जिलाधिकारी




**डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी जे.रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वृक्षारोपण समिति/जिला पर्यावरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने वर्ष 2025 में रोपित किये गये वृक्षों की जियो टैगिंग शत-प्रतिशत रूप से कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम विकास विभाग को जियो टैगिंग कराये जाने के साथ वृक्षों को सुरक्षित रखे जाने हेतु ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने एक हेक्टयर भूमि पर कराये गये वृक्षारोपण मर्का, दुरेडी, खप्टिहाकला आदि स्थानों पर वृक्षारोपण के उपरान्त वृक्षों की स्थिति को चेक करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ग्रामों में ग्रीन चौपाल द्वितीय शनिवार को आयोजित कर पर्यावरण के सम्बन्ध में लोगों को जागरूक किये जाने के निर्देश दिये।

उन्होंने सॉलिड बेस्ट मैनेजमेन्ट की व्यवस्था करने तथा रोड के किनारे कूडे का डंपिग नही करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्माणाधीन आरसीसी सेन्टरों का निर्माण कार्य शीघ पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ठोस अपशिष्ट एवं प्लास्टिक अपशिष्ट के नियमानुसार प्रबन्धन हेतु समस्त अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत को निर्देश दिये। उन्होंने प्रतिबन्धित प्लास्टिक एवं थर्माकोल को रोकने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए सघन चेकिंग कराये जाने के निर्देश अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत एवं सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने आरआरसी सेन्टर को सुचारू रूप से संचालित कराते हुए कूडे का उचित निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में डीपीआरओ को निर्देशित किया। उन्होंने बॉयो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेन्ट का भी उचित निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सभी सरकारी अस्पतालों एवं अन्य चिकित्सालयों का बायो मेडिकल बेस्ट नियमित रूप से निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये। ग्राम गंगा समितियों का गठन किये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। नदियों के किनारे वाले ग्रामों में प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढाये जाने के सम्बन्ध में उप निदेशक कृषि को निर्देशित किया गया। उन्होंने करिया नाले एवं निम्नी नाले में प्रदूषण की जांच कराये जाने के निर्देश प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अधिकारी को दिये। बैठक मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, जिला वनाधिकारी अरबिन्द कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका/नगर पंचायत तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मंत्री राकेश सचान ने की विभागीय समीक्षा बैठक

**सीएम युवा अभियान व एमवाईएसवाई योजना की प्रगति पर जताया संतोष, मंत्री ने की अधिकारियों की सराहना**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के माननीय मंत्री राकेश सचान ने मंगलवार को सर्किट हाउस बांदा में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री युवा अभियान (एमवाईएसवाई), विश्वकर्मा श्रम सम्मान टूलकिट योजना तथा एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) टूलकिट योजना की विस्तृत समीक्षा की गई। माननीय मंत्री ने विशेष रूप से सीएम युवा अभियान एवं एमवाईएसवाई योजना में जनपद बांदा की प्रगति को संतोषजनक बताते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से बड़ी संख्या में युवाओं और कारीगरों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। मंत्री राकेश सचान ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि लाभार्थियों के चयन से लेकर प्रशिक्षण व टूलकिट वितरण तक की सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि व्क्व्च् योजना से जुड़े उद्यमियों को प्रोत्साहित कर स्थानीय उत्पादों की पहचान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुँचाने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि जिले के उत्पादों को व्यापक पहचान मिले। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अब तक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें बताया गया कि जिले में हजारों युवाओं को सीएम युवा अभियान और एमवाईएसवाई योजना के तहत लाभ दिया जा चुका है। वहीं सैकड़ों कारीगरों को विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना और ओडीओपी टूलकिट से जोड़ा गया है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे और हर जरूरतमंद तक सरकार की योजनाएं पहुँचें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग हो और लाभार्थियों से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए। बैठक में जिले के वरिष्ठ अधिकारी, विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# डिलीवरी के पश्चात महिला को अस्पताल में प्रत्येक दशा में 48 घंटें तक भर्ती रखा जाएः डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक**

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी जे. रीभा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी के पश्चात अस्पताल में प्रत्येक दशा में 48 घण्टें तक भर्ती रखा जाए, जिससे उनको बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने परिवार नियोजन के कार्य में बबेरू एवं बडोखर खुर्द में प्रगति लाने के निर्देश दिये। एम्बुलेन्स सेवा में समय की उपलब्धता का विशेष ध्यान रखे जाने हेतु निर्देशित किया। जिन स्वास्थ्य केन्द्रों में विद्युत कनेक्शन स्थायी रूप से नही किया गया है, उनमें तत्काल विद्युत कनेक्शन कराया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का समय से भुगतान करने एवं ई संजीवनी ओपीडी में तिन्दवारी एवं बिसण्डा में प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत जीरो पावर्टी एवं 70 वर्ष से अधिक के लाभार्थियों का प्राथमिकता पर आयुषमान कार्ड बनाये जाने के निर्देश दिये। नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी तिन्दवारी एवं जसपुरा में सम्पूर्ण टीकाकरण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने ड्राप आउट बच्चों का शतप्रतिशत टीकाकरण कराये जाने हेतु निर्देश दिये। कमजोर बच्चों को चिन्हीकरण के पश्चात एनआरसी सेन्टर में इलाज हेतु भर्ती कराये जाने तथा राष्ट्रीय दृष्टि रोग निवारण कार्यक्रम में ऑपरेशन एवं चश्मों का वितरण कराये जाने हेतु कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिये। उन्होंने राष्ट्रीय क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत हाई वर्नरेबल ग्राम पंचायतों एवं अन्य पंचायतों में क्षय रोगी का चिन्हाकंन किये जाने तथा ग्रामों को टीबी मुक्त पंचायत बनाये जाने के निर्देश दिये। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को दिये। उन्होंने आरआई एवं पेन्टावन के अन्तर्गत जसपुरा में ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। स्कूलों में आरबीएसके टीमों द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किये जाने हेतु एक रजिस्टर बनायें एवं टीम के स्कूल में भ्रमण का डीटेल अंकित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आरबीएसके टीमों के द्वारा चिन्हित किये गये अति कुपोषित बच्चों को एनआरसी सेन्टर स्वास्थ्य लाभ हेतु भर्ती कराये जाने के सम्बन्ध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना एवं संस्थागत प्रसव की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाये जाने एवं अवशेष आशाओं का चयन शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वन्दना योजना की समीक्षा करते हुए चिकित्सा अधिकारियों को इन योजनाओं में विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, सीएमओ डॉ. बिजेन्द्र सिंह, एसीएमओ डॉ. जय प्रकाश एवं आर एन प्रसाद, सीएमएस डॉ. सुनीता सिंह, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सहित सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# 30 बीघे में बनेगा स्टेडियम, चिन्हित हुई जमीन



**प्रशिक्षण व प्रतियोगिताओं का बनेगा केंद्र**

प्रस्तावित स्टेडियम ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रशिक्षण और प्रतियोगिता का बड़ा केंद्र साबित होगा। जिन युवाओं के पास खेल प्रतिभा तो है, लेकिन संसाधनों की कमी से वे पिछड़ जाते थे, अब उन्हें दिशा और अवसर दोनों मिलेंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में यह मील का पत्थर साबित होगा लोग खेल की भावना से बढ़कर आगे बढ़ सकेंगे।

**खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा**

स्टेडियम में एथलेटिक्स, कबड्डी, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे पारंपरिक खेलों के साथ आधुनिक खेलों के प्रशिक्षण की भी व्यवस्था होगी।जिसमे युवा अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे साथ ही अगल बगल वालो को रोजगार भी मिल सकेगा।

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

▸ कल्याणी नदी के तट पर स्थित 30 बीघा भूमि पर यह ओपन स्टेडियम है प्रस्तावित

ग्रामीण अंचल की खेल प्रतिभाओं को निखारने और युवाओं को उचित मंच देने की दिशा में तासीपुर गांव में ओपन स्टेडियम बनाने को लेकर राजस्व विभाग और युवा कल्याण विभाग द्वारा भूमि का मुवायना कर स्टेडियम बनने का रास्ता साफ हो गया है। क्षेत्रीय विधायक खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा की पहल पर तैयार प्रस्ताव खेल मंत्रालय को भेजा गया है। मंगलवार को जिला युवा कल्याण अधिकारी ने राजस्व टीम के साथ स्थल का निरीक्षण कर निर्माण प्रक्रिया को हरी झंडी दे दी।

लखनऊ-अयोध्या राजमार्ग से करीब दो किलोमीटर दूर दरियाबाद मार्ग स्थित बुढ़वा बाबा मंदिर तासीपुर गांव में कल्याणी नदी के तट पर लगभग 30 बीघा भूमि पर यह ओपन स्टेडियम प्रस्तावित है। एसडीएम अनुराग सिंह की अगुवाई में पर्यावरण के अनुकूल भूभाग का चयन करने को लेकर राजस्व कर्मचारियों को लगाकर भूमि का खाका तैयार कर लिया गया है।

## हाइवे पर आवारा पशुओं की समस्या बनी गम्भीर विधायक से की शिकायत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

हैदरगढ़ में नेशनल हाईवे पर आवारा पशुओं की समस्या गंभीर होती जा रही है। मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ता ने डाक बंगला हैदरगढ़ में क्षेत्रीय विधायक से मुलाकात कर इस समस्या का समाधान मांगा। पेचरुवा गांव के नवनीत मिश्रा ने विधायक को बताया कि नगर नहर कॉलोनी से सब्जी मंडी तक सड़क के दोनों तरफ निराश्रित गोवंश घूमते रहते हैं। ये पशु रात में भी सड़क पर ही विश्राम करते हैं। इससे वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार सड़क दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। लोगों को चोटें आई हैं और कुछ मामलों में जान का नुकसान भी हुआ है। स्थानीय प्रशासन की ओर से अब तक इस समस्या को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# विश्व साक्षरता दिवस पर शान्तिपुरम सेवा समिति ने आयोजित किया विचार गोष्ठी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



शान्ति पुरम सेवा समिति द्वारा अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर लक्ष्मणपुरी कालोनी में उदय शंकर वर्मा के आवास पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता सुरेश चन्द्र बैसवार ने की तथा डॉ नन्हे सिंह प्राचार्य के संचालन में आयोजित हुई।डा वीरेंद्र श्रीवास्तव, संयोजक समिति ने साक्षरता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि आज का युग शैक्षिक युग है जहां हर किसी की साक्षरता उसके जीवन के लिए महत्वपूर्ण है। साक्षरता हमारे समाज की मूल पहचान बनती है। रामचन्द्र वर्मा ने अपने चिर-परिचित अंदाज में संकल्प पर विचार रखते हुए कहा कि किसी भी कार्य की सफलता दृढ़ संकल्प लेकर किये जाने पर निर्भर करती है। रज्जन लाल श्रीवास्तव ने अखंड ज्योति में उद्धृत जीभ रस की कहानी प्रस्तुत कर सोचने पर विवश किया। राधेश दीक्षित ने काव्यात्मक प्रस्तुति दी तो डॉ दिनेश सिंह प्रवक्ता ने सभी सम्मानित पदाधिकारियों एवं सदस्यों से औषधीय पौधों तथा नीम, तुलसी के पौधों का रोपण कर प्रदूषण नियंत्रण में योगदान करने का आह्वान किया। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि साक्षरता हमारे समाज को स्वतन्त्र एवं सशक्त बनाती है। साक्षरता से हमारा समाज विकास की ओर अग्रसर होता है। संचालन करते हुए नन्हे सिंह ने लोककथा प्रस्तुत करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम से जुड़े हुए प्रसंग - उनकी आकांक्षा है कि उन्हें एक शिक्षक के रूप में जाना जाये।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने लगाया धन उगाही का आरोप



**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड दरियाबाद में आवास योजना में आवास के नाम पर धन उगाही का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई है। दरियाबाद विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरापुर, गौरा कुमियान और चकम्मरपुर चंदौली में भाकियू ने ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक और सचिव पर आवास दिलाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप लगाया है। भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रवादी अराज नैतिक पार्टी के अध्यक्ष विधि चंद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को एसडीएम अनुराग सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि जब मामला गंभीर हुआ तो प्रधान ने फोन कर समझौते का प्रस्ताव रखा। इस बातचीत की रिकॉर्डिंग एक महिला ग्रामीण के पास मौजूद है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने जांच और कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## सीएचसी पर लग रही मरीजों की भारी भीड़

**जैदपुर, बाराबंकी।** समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर मे मरीजो की संख्या हो रही बढ़ोतरी को लेकर मरीजो को पर्चा बनवाने के लंम्बी लाइन लगा पड़ रहा है। मरीजो से उपहार हेतु आधार की भी मांग करने से क्षेत्र में तरह तरह चर्चाएं होने लगी है।बताते चले कि मौसमी बीमारी बुखार व खांसी के चलते समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैदपुर में काफी संख्या मे मरीजो की भीड़ रोज लगती है।जिन्हे पर्चा बनाने हेतु लम्बी लम्बी लाईन भी लगाना पड़ता है।जबकि सूत्रो की माने तो मरीज से आधार कार्ड भी इलाज के लिये डाक्टरो द्वारा मांगा जाता है।जबकि इस संबंध में डाक्टर से बात की तो उन्होंने बताया कि मरीजों की संख्या में हो रही बढ़ोतरी मे बुखार के ज्यादातर मरीज आते हैं।और आधार कार्ड आनलाइन डिलिट भेजने के लिये मांगा जाता है और ऐसा नहीं है कि आधार कार्ड के बिना मरीजो देखा नहीं जाता है।

# जश्ने सादिकैन में अकीदत का इज़हार, शायरों ने पेश किए तरही अशआर

▸ कुरआन की तिलावत से हुई शुरूआत, मौलाना इब्ने अब्बास ने इस्लाम के पैग़ाम को रखा केंद्र में

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



करबला सिविल लाइन स्थित जलसे जश्ने सादिकैन में श्रद्धा और मोहब्बत का माहौल देखने को मिला। महफिल का आगाज मौलाना हिलाल अब्बास की तिलावत-ए-कुरआन से हुआ।

मुख्य अतिथि मज़हर अब्बास आब्दी और विशिष्ट अतिथि कर्नल जावेद साहब मंच पर मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए मौलाना इब्ने अब्बास ने कहा कि इस्लाम मोहम्मद और उनके अहलेबैत के आदर्श आचरण और सच्चाई से दुनिया तक पहुंचा, न कि तलवार के बल पर। उन्होंने कहा कि दिल में बुराइयों को पालने वाला सादिकैन का सच्चा अनुयायी नहीं हो सकता। जो मोहम्मद स.अ.व. को साधारण इंसान मानते हैं, वे गुमराह हैं, जबकि उन्हें बुलंद समझने वाले ही इस्लाम के दायरे में आते हैं। अंत में मौलाना ने मजलूमों, मोमिनों और देश की अमन-चैन के लिए दुआएं कीं।

**शायरों ने तरही कलाम से दी श्रद्धांजलि :** ये शरफ कम है क्या दुनियां में ज़माने वालों, दरे सरवर प कई बार बुलाया उसने शेर ने खूब तालियां बटोरी। वहीं महफिल में नज़राने-ए-अकीदत का दौर देर तक चला। डॉ. रज़ा मौरान्वी, हसन फतेहपुरी, अज़ादार अज़्मी लखनवी, कशिश संडीलवी, मेयार जरवली, सुएब अनवर, अज़्मी ज़ैदी, सलीम सिद्दीकी, आरिज़ जरगांवी, कलीम आज़र, राशिद मौरान्वी, मुजफ्फर इमाम, नज़्म लखनवी, मोहम्मद मेहदी बाराबंकवी, हाजी सरवर अली कर्बलाई, जिना जफराबादी और रज़ा मेहदी समेत कई शायरों ने तरही कलाम पेश कर महफिल को रोशन किया।

**अतिथियों का हुआ सम्मान :** जलसे के समापन पर मौलाना, शायरों और सभी अतिथियों को मोमेंटो व तोहफे देकर सम्मानित किया गया। आयोजक डॉ. मुहिब रिज़वी और उनकी टीम ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

## जांच में निर्दोष साबित हुए रसोइया, बहाली के निर्देश

**मसौली बाराबंकी।** फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज में बीते 13 वर्षो से एमडीएम का खाना बनाने वाले रसोइयो को निकाले जाने की हुई जांच मे निर्दोष साबित हुए रसोइयो की पुनः बहाली के आदेश के बाद भी प्रधानाचार्य द्वारा कार्य न दिये जाने से कालेज की रसोई बीते दो दिनों से बुझी हुई है और बच्चे भूखे पेट वापस लौट रहे है। बताते चले कि कस्बा सफदरगंज स्थित फतेहचंद्र जगदीश राय इंटर कॉलेज मे बीते 13 वर्षो से एमडीएम का खाना बनाने वाले रसोइया रामू चौहान, अनीता अवस्थी, अनीता यादव व निर्मला यादव से मानदेय बढ़ाने की बात कहकर सादे कागज़ पर अंगूठा लगवाकर त्याग पत्र लिख कर रसोईया पद से हटा कर अपने चहेतो को रसोई पद पर रख लिया था धोखे से निकाले गये रसोइयो ने जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक न्याय की गुहार लगायी मामले को लेकर विगत दिनों खण्ड शिक्षा अधिकारी जानेंद्र गुप्ता व राजकीय बालिका इंटर कालेज सफदरगंज की प्रधानाचार्य अर्चना पाण्डेय की संयुक्त टीम द्वारा की गयी जांच मे निर्दोष पाये गये रसोइयो को जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा पुनः बहाली का आदेश देने के बाद भी कार्यवाहक प्रधानाचार्य कैलाश नरायण द्वारा कार्य न दिये जाने से बीते दो दिनों से खाना नही बन रहा हैं और विद्यालय मे पढ़ने वाले करीब 675 बच्चे भूखे वापस लौट रहे है।

# खबरें एक नजर में

## प्रधान प्रतिनिधि ने अपने खर्चे पर कराई सिंचाई नालों की सफाई



**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** मेलारायगंज के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि माजिद हासमी ने किसानों की मदद के लिए अनूठी पहल की है। उन्होंने अपने निजी खर्च से सिंचाई नालों की सफाई का काम शुरू करवाया है।मंगलवार को उन्होंने पंजरौली माइनर से बड़े नाले तक की सफाई का काम करवाया। इससे किसानों के खेतों तक सिंचाई का पानी आसानी से पहुंच सकेगा। माजिद हासमी ने मजदूरों को अपने पैसों से मजदूरी देकर यह काम करवाया है।इससे पहले भी वे कई जगहों पर ऐसी पहल कर चुके हैं। उन्होंने इटिहा शाह कुलाबा ड्रेन, झब्बर के खेत से बड़े तालाब तक और मनोज के खेत से करामतपुरवा तक के सिंचाई नालों की सफाई करवाई है। इस पहल से क्षेत्र के किसान काफी खुश हैं और उनकी सराहना कर रहे हैं।

## शीशम के पेड़ो पर आरा चलाने वाले माफियाओं पर मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में बीती रात शीशम के पांच हरे-भरे पेड़ों पर आरा चला रहे लकड़ी ठेकेदार के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कोतवाली पुलिस ने दो नामजद सहित कई अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 4/10 वन संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस की इस कार्यवाही से वन माफियाओ में हड़कंप मचा हुआ है। बीती रात गश्त पर निकले उप निरीक्षक फरीद मुहम्मद को मुखबिर से सूचना मिली कि हरिपालपुर वाले रास्ते पर हरे शीशम के पेड़ काटे जा रहे हैं। । इस सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही इलेक्ट्रिक आरा से बोटा बना रहे मजदूर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग निकले। जबकि एक व्यक्ति पकड़ में आ गया। मौके से बरामद लकड़ी को कब्जे में लेने के बाद इस लकड़ी को पूरे चंद्रमन थाना असन्द्रा निवासी राजेंद्र कुमार की सुपुर्दगी में दे दिया गया। इसके अलावा ट्रैक्टर ट्राली पर लदी लकड़ी को कोतवाली में लाकर दाखिल करने के बाद ट्रैक्टर के कागज न होने पर उसे सीज कर दिया गया।

## दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाकर दर्ज कराया मुकदमा

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के तिवारी का पुरवा निवासी राम अवध पाल की पुत्री रेनू पाल ने ससुरालियों पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने व मासूम बच्ची के साथ घर से भगा देने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। रेनू पाल ने बताया कि उसका विवाह 9 फरवरी 2021 को हिंदू रीति रिवाज के अनुसार लखनऊ जनपद के थाना मोहनलालगंज अंतर्गत बैरीसालपुर निवासी अनूप पाल पुत्र प्रकाश पाल के साथ संपन्न हुआ था। यथा संभव दान दहेज दिया गया था फिर भी कम दहेज के लिए उसे ससुराली जनों द्वारा प्रताड़ित किया जाता रहा और दहेज में दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल की मांग की जाती रही। पीड़िता ने बताया कि पति के साथ दांपत्य सम्बन्धों के चलते वह गर्भवती हो गई।

## डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर प्रशासन अलर्ट

**उन्नाव।** उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के गुरुवार को आगमन को लेकर बीघापुर तहसील प्रशासन गांव पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया हुआ आगमन मार्ग को ठीक करने की कवायत शुरू कर दी है। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को दोपहर 2 बजे प्रदेश संयोजक प्रचार विभाग भाजपा के वरिष्ठ सदस्य गिरजा शंकर प्रसाद गुप्ता के पिता कृष्ण कुमार गुप्ता लल्लू के तेरहवीं संस्कार में शामिल होने पहुंच रहे हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य हेलीकॉप्टर से उन्नाव पुलिस लाइन में लगभग 11 बजे आयेंगे। उन्नाव में उपमुख्यमंत्री भाजपा कोर कमेटी व पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक भाजपा कार्यालय में तथा कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक उसके बाद प्रेस वार्ता करेंगे।

## 132 केवी लाइन ट्रिप होने से घंटों गुल रही बिजली

**उन्नाव।** मंगलवार दोपहर को कुंदन रोड पर 132 केवी की मुख्य लाइन में खराबी आने से पूरे शहर की बिजली घंटों तक बाधित रही। बिजली विभाग के कर्मचारी 33 केवी लाइन में खराबी की तलाश में पेट्रोलिंग करते रहे, लेकिन कहीं भी कोई फॉल्ट नहीं मिला। बाद में, कुंदन रोड स्थित हैवी ट्रांसफार्मर से करंट सप्लाई की जांच की गई, जिसमें पाया गया कि 132 केवी लाइन में ट्रिपिंग की समस्या के कारण ही बिजली गुल हुई थी। दोपहर करीब 1:20 बजे अचानक बिजली बंद हो जाने से एसडीओ राजेंद्र प्रसाद, जेई अक्षय तिवारी, चांद बाबू, कमल राठौर और शुक्लागंज का लाइन स्टाफकुंदन रोड पावर हाउस पहुंचा और तकनीकी जांच शुरू की। गहन जांच के बाद शाम 5 बजे बाधित सबस्टेशनों से बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। करीब पांच घंटे तक बिजली न आने से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों के लाखों लोग उमस भरी गर्मी से बेहाल रहे।

# किसान के खाते से एक दिन में निकल गये एक लाख रूपये

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

बैंक खाता और एटीएम से पैसे निकलने की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है सफदरगंज थाना क्षेत्र के कस्बा रसौली निवासी एक किसान के खाते से एक ही दिन में तीन बार मे एक लाख की नगदी निकल गयी। पीड़ित ने मामले की सूचना बैंक प्रबंधक और कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना सफदरगंज के कस्बा रसौली निवासी मो. इमरान पुत्र निजामुद्दीन जो पेशे से किसान है तथा बैंक आफ बड़ौदा शाखा बाराबंकी मे किसान का खाता संचालित है गत 5 सितंबर को बारह रबी उल अव्वल की छुट्टी होने के बाद भी पीड़ित के खाता संख्या 25150100028517 से तीन बार मे मोबाइल नम्बर 8777609496 से 50 हजार, 48 हजार व दो हजार कुल एक लाख रुपये निकल गये। पीड़ित के मोबाइल पर आये मैसेज को देख पीड़ित के पैरो तले से जमीन खिसक गयी। जिसकी सूचना पीड़ित ने तत्काल बैंक प्रबंधक और सफदरगंज पुलिस को दी। पीड़ित ने बताया कि उसके मोबाइल में किसी प्रकार की कोई कॉल नहीं आई और न ही उसने किसी को खाते से संबंधित जानकारी दी। इससे पहले भी एटीएम व बैंक खातों से पैसे निकलने की घटनाएं हो चुकी हैं। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक एवं मुख्यमंत्री पोर्टल पर धोखाधड़ी की शिकायत की है।

## नो हेलमेट-नो पेट्रोल के दावे साबित हो रहे खोखले

**जैदपुर, बाराबंकी।** नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान के दावे खोखले साबित हो रहे है।बिना हेलमेट पहुंचे बाइक चालको को लगातार पेट्रोल पंप कर्मियो द्वारा पेट्रोल दिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम मे 1 सितम्बर 2025 से 30 सितंबर 2025 तक नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत हेलमेट न लगाकर आए हुए दोपहिया वाहन चालको को पेट्रोल पंप द्वारा कोई भी फ्यूल न देने का आदेश दिया गया था।अभियान के दृष्टिगत आज एक सप्ताह पूरे हो गये और अभियान चंद दिन भी अभियान नहीं चल सका। जबकि पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट के आये चालको को फ्यूल दिये जाने के साथ दुकानदारो के बेचने हेतु पीपिया व बोतलो मे पेट्रोल देना इनकी आदतो मे शुमार है ।

# दु:साहस- दिनदहाड़े घर में घुसे बदमाश, दस लाख नकदी व रिवाल्वर लूट ले गये

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक के लाख प्रयासो के बाद भी जिले में अपराधों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आपरेशन लंगड़ा ने अपराधियों में किसी हद तक दहशत कायम की थी लेकिन मंगलवार गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में बदमाशो द्वारा दिनदहाड़े घर में घुस महिलाओ को बंधक बना की गयी लूटपाट ने एक बार फिर जिले की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिये हैं। इस दु:साहसिक घटना से पुलिस विभाग में हड़कम्प मचा है।

घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है। सीता शुक्ला पत्नी राकेश शुक्ला निवासी पोनी रोड, बम बम चौराहा अपने घर पर अकेली थीं। उनकी बेटी खुशी, जो कक्षा सात की छात्रा है, स्कूल गई थी और पति राकेश अपने वारदाना कारोबार में व्यस्त थे। इसी बीच तीन अज्ञात युवक घर पहुंचे और दरवाजा खटखटाकर आवाज लगाई ÷चाची दरवाजा खोलो।÷ आवाज सुनकर किरायेदार रत्ना चौरसिया ने दरवाजा खोला तो बदमाश अचानक घर में घुस गए। इस दौरान बदमाशों ने उन्हें बांधकर कमरे में डाल दिया। जिसके बाद वह ऊपर मंजिल में पहुंचे। घर में घुसते ही बदमाशों ने महिला को पकड़ लिया और बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। प्रतिरोध करने पर बदमाशों ने सीता शुक्ला के हाथों में दांतों से काटकर घायल कर दिया। इसके बाद एक बदमशा ने उनकी आंखे बंद की, दूसरे ने गला दबाया और तीसरे ने उनके हाथ पैर रस्सी से बांधने के बाद मुंह में टेप लपेट कर मुंह भी बांध कर बेड पर लिटा दिया और कहा कि चाची अब तुम सो आराम से। बदमाशों ने घर का कोना कोना खंगाल डाला।

# भागवत कथा के तृतीय दिवस पर ध्रुव चरित्र का हुआ वर्णन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

शुक्लागंज पोनी रोड स्थित श्री राधा कृष्ण दुर्गा मंदिर में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के पावन यज्ञ के तृतीय दिवस पर मंगलवार को आयोजित कथा में व्यास पीठ से सम्पूर्णानंद जी महाराज ने भक्तों को ध्रुव, भरत और अजामिल की कथा तथा भक्त प्रहलाद के जीवन प्रसंगों का रोचक वर्णन किया।

कथा के प्रारंभ में मनु वंश का वर्णन करते हुए महाराज जी ने राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव की प्रेरक कथा सुनाई, जिन्होंने बाल्यावस्था में ही मृत्यु के भय को तिरस्कृत करके अपनी अटूट भक्ति से ध्रुव पद की प्राप्ति की। इसी क्रम में उन्होंने मनु के दूसरे पुत्र प्रियव्रत के वैराग्य और भगवद् आश्रय ग्रहण करने की कहानी सुनाई। महाराज जी ने रिषभनंदन भरत की कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार एक छोटी सी अशक्ति के कारण उन्हें मृग योनी में जाना पड़ा। इस अवसर पर उन्होंने 28 प्रकार के नरकों का वर्णन करते हुए समझाया कि मनुष्य को अपने कर्मों के अनुसार पाप-पुण्य का फल भोगना पड़ता है। इसी सन्दर्भ में उन्होंने पापी अजामिल के उद्धार की कथा और भक्त प्रहलाद की विजयगाथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया, जिसने सभी श्रोताओं को भक्ति की शक्ति का एहसास कराया।

# खाद्य कारोबारियों ने अधिकारियों के सामने रखीं समस्यायें




**इटावा, समृद्धि न्यूज़।**

शहर के ध्रुव वाटिका समारोह स्थल में किराना समिति के तत्वाधान में शहर के प्रमुख खाद्य कारोबारियों और फूड विभाग के अधिकारियों के मध्य के मीटिंग का आयोजन किया गया, इसमें अस्सिटेंट फूड कमिश्नर राजेश द्विवेदी और साथ में आये अधिकारियों का सिमिति के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ केसरवानी ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। व्यापारीयों की फूड एक्ट संबधी समस्यायों को रक्खा उघोग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने कहा कि टारगेट के नाम पर की जा रही सैंपलिंग को बंद किया जाए, खेती में डलने वाली रसायनिक खाद व कीटनाशक के मानक तय नहीं है सिंचाई में इस्तेमाल आने वाले भूगर्भ जल मैं भी भारी केमिकल इंबैलेंस है। सभी खाद पदार्थ फल सब्जी अनाज दाल मसाले आदि कृषि उपज पैदा करते समय खेती में अंधाधुंध कीटनाशक व रासायनिक खादों के इस्तेमाल होने के कारण प्राकृतिक रूप से अनेकों केमिकल अनियमितता होने वाली उपज में उत्पन्न हो चुकी है, जिससे खाद पदार्थो के मानक बदल गए हैं तब कृषि उपज से खाद्य पदार्थ बनाने वाला व्यापारी किस प्रकार दोषी हो सकता है। यह सोचने का विषय है। संचालन घनश्याम बाजपेई ने किया। कार्यक्रम में उघोग मंच अध्यक्ष भारतेन्द्रनाथ भारद्वाज, व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, हाजी शंहशाह वारसी, नबाब, अगम परिहार, यदुवीर सिंह यादव, रिंकू यादव सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे।

## महिला का भूसे के ढेर में मिला शव, मचा हड़कम्प

**उन्नाव।** बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गाँव बेलन्दखेड़ा में महिला का शव भूसे के ढेर के अंदर दबा पाया गया है। भूसे के ढेर में वृद्धा का शव मिलने से गाँव में सनसनी फैल गई। बीते सोमवार को देर शाम अपने मवेशियों को चारा करने गोड़े पर गई थी। तभी से वह लापता थी। वृद्धा की अचानक मौत से परिजनों में चीख-पुकार मची हुई है। ग्राम शादीपुर के मजरा बेलंदखेड़ा निवासी सीताराम की पत्नी रज्जो 50 वर्ष बीते सोमवार को देर शाम अपने जानवरों को चारा करने घर से करीब 200 मीटर दूर स्थित गोड़े मे गई थी। देर तक वापस घर नहीं लौटने पर परिजनों द्वारा वृद्धा की इधर-उधर खोज की गई। किंतु रात के समय उसका कोई पता नहीं चल सका। खोजबीन के दौरान आज मंगलवार की सुबह गोड़े मे एकत्रित भूसे के ढेर में वृद्धा की धोती दिखाई दी। तब परिजनों ने उसे मृत अवस्था में भूसे के बाहर निकाला। वृद्धा की अचानक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

# कार की टक्कर से वृद्ध की मौत, चालक फरार

**भरथना, इटावा, समृद्धि न्यूज।**



कस्बा के सीओ आवास के निकट ग्राम नगला राजा में मंगलवार की प्रातः करीब 6 बजे अपने घर के बाहर निकलकर सड़क किनारे खड़े डा. धर्मवीर सिंह यादव 55 वर्ष पुत्र स्व. महाराज सिंह यादव को इटावा की तरफसे एक तेज रफ्तार आई कार ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और कार चालक भरथना की ओर भाग जाने में सफल हो गया। घटना को देख पास खड़े परिजन चीख पड़े और मरणासन्न धर्मवीर को इलाज के लिए मुख्यालय स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान कुछ ही पल में धर्मवीर सिंह यादव की दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि डा. धर्मवीर प्रातः करीब 6 बजे अपने घर के बाहर सड़क किनारे अपने दो पड़ोसियों के साथ खड़े थे। इसी बीच एक तेज रफ्तार कार इटावा की तरफसे आई और उन्हें जोरदार टक्कर मारकर चालक कार दौडाकर भरथना की ओर और अधिक तेज रफ्तार से भाग जाने में सफल हो गया। हालत गम्भीर देख परिजनों ने इलाज के लिए उन्हें तत्काल जिला मुख्यालय स्थित निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। लेकिन कुछ ही समय बाद उनकी दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार घटना को अंजाम देने वाली कार आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में भागती हुई कैद हो गई है। जिसकी पुलिस तलाश में जुटी हुई है। मृतक अपने पीछे पत्नी, एक बेटी लक्ष्मी यादव 24 वर्ष, एक बेटा कृष्णा यादव 16 वर्ष, पत्नी गीता यादव समेत परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# आटो की टक्कर से दो बाइक सवार घायल, हालत नाजुक

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में सोमवार शाम एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। भरतपुरखुर्द गांव निवासी अमित गुप्ता (23) और रजत गुप्ता (21) औरैया के कुदरकोट स्थित कोल्ड स्टोरेज से घर लौट रहे थे। दोनों युवक बाइक से ऊसराहार-भरथना मार्ग पर अघीनी पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार से आ रहे एक आटो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफ़रातफरी का माहौल बन गया। घायल अमित और रजत ने किसी तरह फोन कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे तथा घायलों को तत्काल आयुर्विज्ञान संस्थान सैफई भिजवाया। दोनों की हालत नाजुक है। वहीं रजत की स्थिति गंभीर देखते हुए परिजनों ने उसे बेहतर इलाज के लिए कानपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। हादसे के बाद आटो चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं।

## उद्घोषणा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि थाना विकासनगर लखनऊ में दो पहिया वाहनों के नीलामी की प्रक्रिया प्रचलित है जिसमें वाहन स्वामी को नोटिस भी भेजा गया है, जो अभी तक अपना वाहन माननीय न्यायालय से अपने पक्ष में अवमुक्त नहीं कराये हैं। सभी वाहन स्वामी तद्नुसार अपना वाहन न्यायालय से अवमुक्त करा ले अन्यथा वाहनों को नियमानुसार नीलाम कर दिया जायेगा।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के निवासियों से मंत्री ने किया जनसंवाद

▸ पीड़ितों को बांटी राहत सामग्री, बच्चों से संवाद कर बढ़ाया उत्साह

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



बच्चों से संवाद करती मंत्री रजनी तिवारी व मौजूद डीएम- एसपी

प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा, राज्य मंत्री एवं जनपद की प्रभारी मंत्री रजनी तिवारी ने कासिमपुर कटरी व कासिमपुर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण कर निवासियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को फल, लंच पैकेट और अन्य आवश्यक राहत सामग्री वितरित की।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार संकट की इस घड़ी में बाढ़ पीड़ितों के साथ खड़ी है और हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों का लगातार भ्रमण करते रहें ताकि किसी भी परिवार को जीवनयापन में कठिनाई न हो। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप हर पीड़ित को उचित लाभ और सहायता समयबद्ध रूप से मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्थायी भवन में संचालित प्राथमिक विद्यालय बक्शीपुरवा का दौरा कर बच्चों से संवाद किया। मंत्री ने सुझाव दिया कि बच्चों को सामान्य ज्ञान के साथ- साथ जनपद के सांसद, विधायक, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के बारे में भी जानकारी दी जानी चाहिए, ताकि वे अपने स्थानीय प्रशासन को बेहतर ढंग से जान सकें।

मंत्री ने राहत शिविरों का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों को फल व लंच पैकेट वितरित किए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। इस दौरान डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर वैशाली समेत अन्य अधिकारीगण रहे।

# पपेट शो के जरिए शिक्षा का उजियारा

▸ अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर अनूठी पहल

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर प्राथमिक विद्यालय मुरली नगला के शिक्षक संदीप गुप्ता ने तिर्वा में एक अनूठे पपेट शो के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई। ÷शिक्षा से उजियारा थीम पर आधारित इस पपेट शो ने दर्शकों का मन मोह लिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में संदीप गुप्ता ने कठपुतलियों के जरिए शिक्षा का महत्व रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति के दौरान पंक्तियां पढ़ीं, अंगुली घुमाकर, हम आसमान बनाते हैं। रास्ता रेत का या पथरीला क्या फर्क, हम जब चलते हैं तो निशान बनाते हैं। इस पपेट शो के माध्यम से उन्होंने न केवल दर्शकों का मनोरंजन किया, बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता भी पैदा की। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सौरिख विश्वनाथ पाठक, शैली मिश्रा, और प्रदीप राजपूत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अनूठी पहल ने सभी को शिक्षा के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सेठ बद्री प्रसाद महाविद्यालय में जीएनएम प्रथम वर्ष की प्रायोगिक परीक्षा संपन्न

**कोंच,जालौन।** सेठ बद्रीप्रसाद नर्सिंग कॉलेज, कोंच में सोमवार को नर्सिंग प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। यह परीक्षा महाविद्यालय की आधुनिक प्रयोगशाला में संपन्न हुई, जहां विद्यार्थियों ने पूरे मनोयोग से अपने व्यावहारिक कौशल का प्रदर्शन किया। यह परीक्षा नर्सिंग विभाग से डॉ.आरडी सिंह, विभागाध्यक्ष पूनम देवी, जया सरोज एवं ब्रजेंद्र सिंह निरंजन की देखरेख में संपन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने नर्सिंग विषय से जुड़े विभिन्न प्रायोगिक कार्य जैसे मरीजों की देखभाल, प्राथमिक उपचार, औषधियों का प्रयोग तथा आपातकालीन सेवाओं से संबंधित अभ्यास किए।

# आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए 40 नए सदस्य

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**




आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) के तत्वावधान में तालग्राम के जरकिला मोहल्ले में आयोजित मुस्लिम सदस्यता कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि अरशद खान के साथ अन्य पार्टियों को छोड़कर 40 लोग पार्टी में शामिल हुए।

**मुस्लिम-दलित एकता पर जोर**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि देश में सामंतवादी सोच हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को तोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सांसद चन्द्रशेखर आजाद की बेबाकी की सराहना करते हुए कहा कि वे नासिक के जुनैद मामले, अलीगढ़ में मुस्लिम युवकों के साथ मारपीट और वक्फ बोर्ड जैसे मुद्दों को मजबूती से उठा रहे हैं। युवा मोर्चा अध्यक्ष नेम सिंह खटिक ने मुस्लिम और दलित भाइयों से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। जिला महासचिव चांद खां ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद मुस्लिमों के हर मुद्दे को बुलंद करते हैं। बहुजन पत्रकार अरूण ओबराय ने मौजूदा सरकार में बहुजन समाज पर बढ़ते अत्याचारों का जिक्र करते हुए आजाद समाज पार्टी को सत्ता में लाने की अपील की। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, संगठन मंत्री डॉ. रमेश चंद्र, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, संदीप गौतम, पवन गौतम, अजय प्रधान, गुलाब समीर, फिरोज, हसीमुद्दीन, राजा हासिफ सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र पंचायत की बैठक में विकास कार्यों पर मंथन



**नई योजनाओं को मिली मंजूरी**

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ब्लॉक परिसर में आयोजित क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल, उनके प्रतिनिधि राहुल पाल, बीडीओ दीपांकर आर्य, ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सड़क, पानी, बिजली और स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्यों के प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ।

ब्लॉक प्रमुख सुषमा पाल ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सभी के सहयोग से प्रभावी और पारदर्शी योजनाएँ लागू की जाएँगी। ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को उजागर करते हुए सड़कों के निर्माण, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था और स्वच्छता सुधार के लिए प्रस्ताव पत्र सौंपे। बीडीओ दीपांकर आर्य ने इन प्रस्तावों की गहन समीक्षा का भरोसा दिलाया और शीघ्र अमल में लाने का आश्वासन दिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्र की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल किया जाएगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सके।

# ईश्वर का अंश हैं सभी जीव जंतु और मनुष्य

▸ श्री राम कथा के दूसरे दिन भक्तों में उत्साह

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



श्री गंगेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित दुर्लभ सत्संग एवं श्री राम कथा के दूसरे दिन भक्तों में उत्साह देखा गया। सुबह 5 बजे सत्संग में महाराज श्री प्रहलाद जी महाराज ने प्रवचन में कहा कि सभी जीव-जंतु और मनुष्य ईश्वर का अंश हैं। जैसे कुम्हार मिट्टी से विभिन्न बर्तन बनाता है, पर मूल में मिट्टी ही रहती है, वैसे ही सृष्टि में सभी के हृदय में ईश्वर का वास है।

दोपहर 1:30 बजे से शुरू हुई श्री राम कथा में महाराज श्री ने तुलसीदास जी के रामचरितमानस का सुंदर वर्णन किया। उन्होंने संत और असंत के अंतर को स्पष्ट करते हुए कहा कि संत के जाने से कष्ट और असंत के आने से कष्ट होता है। इसलिए तुलसीदास जी ने सभी को प्रणाम कर रामचरितमानस की रचना की। महाराज श्री ने कथा सुनने की उचित विधि बताते हुए कहा कि श्रोता को कथा शुरू होने से 5 मिनट पहले पंडाल में बैठ जाना चाहिए, तभी कथा का पूर्ण लाभ मिलता है। समय के सदुपयोग पर जोर देते हुए उन्होंने भक्तों को प्रेरित किया।

# छिबरामऊ-तालग्राम सड़क पर गड्ढों की भरमार बना हादसों का संबल



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर से तालग्राम तक की सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है, जो आए दिन हादसों का कारण बन रही है। सरकार के गड्ढा मुक्त सड़क अभियान के दावों के बावजूद जमीनी हकीकत निराशाजनक है। इस मार्ग पर गहरे गड्ढों के कारण राहगीरों को जान जोखिम में डालकर यात्रा करनी पड़ रही है। ग्राम नथा नगला के पास सड़क की स्थिति बद बदतर है। यहां गड्ढों के चलते दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। नहर विभाग द्वारा बनाई गई पुलिया के किनारों पर भी गहरे गड्ढे बन गए हैं, जिनकी मरम्मत नहीं हुई। हाल ही में शनिवार देर शाम एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें चार लोग घायल हुए। सोमवार को ग्राम कठाहार निवासी संजीत की बाइक गड्ढे में फिसलने से दो लोगों के पैर टूट गए। स्थानीय लोग बताते हैं कि सड़क की दुर्दशा कई महीनों से खराब है।

बारिश ने स्थिति को और भयावह कर दिया है। नहर विभाग ने पुलिया तो बनाई, लेकिन गड्ढों को भरने की जिम्मेदारी नहीं ली। स्थानीय भाजपा नेता मुनीश मिश्रा ने बताया कि शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण स्वयं गड्ढों में मिट्टी डालने की कोशिश करते हैं, लेकिन बारिश में यह बेकार हो जाता है। अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने जांच का आश्वासन दिया और कहा कि नहर विभाग को पत्र भेजा जाएगा। नहर विभाग के जेई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुराना ठेकेदार हट चुका है और नए ठेकेदार की नियुक्ति के बाद ही मरम्मत संभव होगी।

# भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र के प्रति समर्पित: वीरसिंह



कार्यशाला में मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय जनता पार्टी के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत जिला कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया की अध्यक्षता में किया गया। जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रभारी व विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिवस 17 सितंबर को है, जिसे भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता पूरे देश में समाज सेवा के विविध कार्यक्रमों जैसे रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान आदि के माध्यम से आम जनमानस की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र के प्रति समर्पित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा पखवाड़ा को सफल बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि सेवा की भावना से ही भारत को विश्वगुरु बनाया जा सकता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिवस को भी राष्ट्र सेवा को समर्पित कर उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस दौरान तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, जिला प्रभारी इंद्रपाल पटेल, निवर्तमान जिलाध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेंद्र भदौरिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आनंद सिंह एवं क्षेत्रीय मंत्री देवेंद्र देव उपस्थित रहे। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री रामवीर कठेरिया ने किया।

## मोबाइल झपटमारी के मामले में तीन शातिर अभियुक्त गिरफ्तार



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** प्रभारी निरीक्षक जयन्ती प्रसाद गंगवार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मोबाइल झपटमारी की घटना को अंजाम देने वाले तीन शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना सौरिख में तिर्वा क्षेत्र के सकतपुर निवासी वादी अमित कुमार राठौर पुत्र रमेश चंद्र राठौर ने एक प्रार्थना पत्र दिया गया था। जिसमें उन्होंने बताया कि वह जब जा रहे थे, तब तीन अज्ञात युवक ग्लैमर मोटरसाइकिल से आकर पीछे से झपट्टा मारकर उनका मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ की। प्रभारी निरीक्षक जयन्ती प्रसाद गंगवार, उपनिरीक्षक उमेश चन्द, हेड कांस्टेबल हरिओम शुक्ला, कांस्टेबल दिलीप चौहान, सुभाष चन्द्र सहित पुलिस टीम ने घटना में संलिप्त कुलदीप (22) पुत्र रामबिहारी शर्मा, अंजुल (23) पुत्र सुनील कुमार, विकास उर्फ दुनाला (22) पुत्र प्रमोद निवासीगण नगला खरगाई, सौरिख को गिरफ्तार कर कब्जे से 03 मोबाइल फोन (झपटमारी में प्रयुक्त), 01 ग्लैमर मोटर साइकिल , 02 अदद अवैध तमंचा (315 बोर), 02 जिन्दा कारतूस (315 बोर) बरामद किए। बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सौरिख पर मुकदमे पंजीकृत किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तों को विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा दिया गया।

# अवैध असलहे के साथ दो बाइक चोरों को दबोचा

▸ पुलिस ने कब्जे से दो बाइके व अवैध तमंचा किया बरामद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस हिरासत में आरोपित व चोरी की बाइके

अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती रात संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो चोरी की मोटरसाइकिलें (फर्जी नंबर प्लेट के साथ), एक अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया।

थाना तिर्वा प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, उप निरीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश सिंह, ओमवीर चाहर पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुजाहिद (22) पुत्र अयूब मंसूरी निवासी फर्राज मोहल्ला, नई बस्ती, थाना घिरौर मैनपुरी, सोहिल (23) पुत्र सुलेमान निवासी एसपी आवास कालोनी, खानपुर चौराहा, थाना कोतवाली औरैया को गिरफ्तार किया। कब्जे से एक प्लैटिना, एक स्प्लेंडर प्लस काले रंग की बाइक, एक तमंचा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया। इस संबंध में थाना तिर्वा पर मुकदमा दर्ज किया गया। दोनों अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्त मुजाहिद के विरुद्ध विभिन्न जनपदों में 19 मुकदमें व सोहिल के विरुद्ध 10 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# समर्थ, विकसित प्रदेश 2047 छात्रों, शिक्षकों व किसानों से लिए गए सुझाव

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज।**




मंगलवार को डीवीसी एवं राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में ''समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश 2047'' विषय पर विचार-विमर्श एवं सुझाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डलायुक्त झांसी, नोडल अधिकारी विमल कुमार दुबे ने की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त विजय सिंह निरंजन आईएएस, हीरा लाल आईपीएस, प्रो. डॉ. रामप्रकाश (वैज्ञानिक कृषि विभाग), जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार मौजूद रहे।

मण्डलायुक्त ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की दूरदर्शी पहल ''विकसित भारत 2047'' तथा मुख्यमंत्री के ''विकसित उत्तर प्रदेश 2047'' के संकल्प को साकार करने की दिशा में आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के अनुभवों व विचारों के आधार पर जो विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा, उसमें अर्थ शक्ति, सृजन शक्ति व जीवन शक्ति तीन थीम और 12 प्रमुख सेक्टरों कृषि, पशुधन, औद्योगिक विकास, आईटी व उभरती प्रौद्योगिकी, पर्यटन, ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा सुरक्षा व सुशासन को शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों व किसानों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास पर विचार रखे। शिक्षकों ने स्वास्थ्य सुविधाओं, सुशासन और स्थानीय निकायों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया। किसानों ने कृषि को लाभकारी बनाने, फसल विविधीकरण, जल संरक्षण और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता जताई। युवाओं और प्रतिभागियों ने तकनीक आधारित पुलिसिंग, सुरक्षित वातावरण और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में सुझाव दिए।

सेवानिवृत्त आईएएस विजय सिंह निरंजन, आईपीएस हीरा लाल और प्रो. डॉ. रामप्रकाश ने छात्रों, शिक्षकों व किसानों से प्राप्त सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि इस तरह की सहभागिता से न केवल स्थानीय स्तर की समस्याओं की पहचान होती है बल्कि व्यावहारिक समाधान भी सामने आते हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी सुझावों को विजन डॉक्यूमेंट में यथासंभव शामिल किया जाएगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह अभियान नागरिकों की आकांक्षाओं को विजन डॉक्यूमेंट में शामिल करने का बड़ा अवसर है। नागरिक अपने सुझाव पोर्टल, सूचना सेतु एप अथवा क्यूआर कोड स्कैन कर भी दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह अभियान किसी एक वर्ग तक सीमित नहीं है इसमें विद्यार्थी, शिक्षक, किसान, व्यापारी, उधमी, श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन, मीडिया और आम नागरिक सभी अपनी भागीदारी दर्ज कर सकते हैं। उद्देश्य यह है कि प्रत्येक परिवार से कम से कम एक फीडबैक अवश्य प्राप्त हो ताकि राज्य का विजन व्यापक हो सके।

# एडीजी जोन कानपुर ने सदर कोतवाली की बारीकियों को गंभीरता से परखा

**उरई, जालौन, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, आलोक सिंह ने मंगलवार को कोतवाली उरई का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प-डेस्क, साइबर हेल्प-डेस्क एवं हवालात का गहन निरीक्षण किया। एडीजी ने थाना अभिलेखों की प्रविष्टियों का अवलोकन कर व्यवस्था की बारीकियों को परखा और पुलिस कर्मियों को कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने के आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ. दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर उरई अर्चना सिंह, क्षेत्राधिकारी कालपी अवधेश कुमार सिंह, कोतवाली उरई प्रभारी अंजन कुमार सिंह सहित कोतवाली के अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। एडीजी ने महिला हेल्प-डेस्क और साइबर हेल्प-डेस्क की कार्यशैली पर विशेष ध्यान देते हुए यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि प्रत्येक पीड़ित को त्वरित व निष्पक्ष न्याय मिल सके। उन्होंने पुलिस कर्मियों से कहा कि महिला सम्बन्धी अपराधों एवं साइबर अपराधों की जांच में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही हवालात का निरीक्षण करते हुए कैदियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं पर भी जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि कैदियों के साथ मानवीय व्यवहार किया जाए और किसी भी प्रकार की दुर्व्यवहार की शिकायत सामने नहीं आनी चाहिए। थाना परिसर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि पुलिस थाने जनता की पहली चौखट होते हैं इसलिए उनकी छवि साफ-सुथरी और अनुशासित होनी चाहिए। एडीजी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभिलेखों का सही रख-रखाव,एफ आई आर की प्रविष्टि में पारदर्शिता और विवेचना की गति को और बेहतर बनाया जाए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी जनता की सेवा और कानून-व्यवस्था की मजबूती है।

## 11 से 16 तक चलेगा पात्र कैशलैश कार्ड विशेष अभियान

उरई (जालौन)। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एनडी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप प्रदेश सरकार के अधीन सभी सरकारी सेवकों, पेंशनर्स, सेवानिवृत कार्मिकों एवं उनके आश्रितों का पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के अन्तर्गत किसी भी सूचीबद्ध प्राइवेट चिकित्सालय में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की भांति पांच लाख रूपए तक के कैशलेस उपचार, एवं इसके अतिरिक्त जबकि सरकारी चिकित्सालय में असीमित धनराशि की कैशलेस उपचार की सुविधा प्रति वर्ष प्रति परिवार प्रदान किये जाने हेतु आयुक्त झांसी मंडल झांसी के द्वारा जनपदीय कोषाधिकारी कार्यालय में 11 से 16 सितम्बर 2025 तक विशेष अभियान चलाकर सभी पात्रों के कैशलेश कार्ड बनाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकिसं ने प्रदर्शन कर दिखाए तेवर

**कालपी,जालौन, समृद्धि न्यूज।**

किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान संघ ने ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने 9 सूत्रीय मांग पत्र भी सौंपा तथा समस्याओं का समय से निस्तारण करने की चेतावनी भी दी है। मंगलवार को भारतीय किसान संघ के ब्लाक अध्यक्ष सुभाष दीक्षित की अगुआई में किसानों ने महेवा ब्लाक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार मिश्रा को मांग पत्र भी सौंपा जिसमें उन्होंने कहा कि कुछ दिनों बाद बुवाई का समय शुरू हो जाएगा इसलिये सहकारी समितियों और संस्थानों में समय से और पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए क्योंकि निजी दुकानो पर उन्हें निर्धारित कीमत से अधिक पर खरीदनी पड़ती है।


## सूचना

मैंने अपने पुत्र प्रदीप पाण्डेय के गलत चाल चलन के चलते अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा।

**प्रेमबाबू पाण्डेय पुत्र हबलदार निवासी वार्ड सं0 31 ढुईया, जनपद फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय ग्रा0पं0 बरारिख वि0ख0 मोहम्मदाबाद, फर्रु0

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 — दिनांक 09/09/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बरारिख वि0ख0 मोहम्मदाबाद जनपद फर्रुखाबाद द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 10/09/2025 से 16/09/2025 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 16/09/2025 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र.स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अरविंद के घर से धनीराम के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | 106995 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-( ओमवती )  ग्रा0पं0 बरारिख वि0ख0 मोहम्मदाबाद  सचिव-( रामवीर शाक्य)

# ट्रक ने बाइक सवार दंपति को मारी टक्कर, पत्नी की मौत, पति चोटिल

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव जरहरी निवासी सूरज मिश्रा पुत्र उमेश चंद्र मंगलवार को अपने घर से अपनी पत्नी पूजा मिश्रा को बाइक पर बैठाकर अचरा बाजार जा रहे थे कि तभी अचरा अलीगंज मार्ग अचरा तकीपुर गांव के सामने पहुंचते ही पीछे से तेजी व लापरवाही से चलाते हुए आ रहे ट्रक चालक ने सूरज की टीवीएस बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से सूरज की पत्नी पूजा मिश्रा ट्रक के पहिए के नीचे आ गई। जिससे उनकी घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूरज बाइक सहित दूर जा गिरे। सूरज भी चुटहिल हो गए। टक्कर लगने के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक को घटनास्थल पर ही पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर दी। जब इसकी भनक अचरा चौकी पुलिस को लगी तो पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को भीड़ से बचाकर थाने ले गई। जानकारी मिलते ही मेरापुर थाना प्रभारी अजब सिंह ने फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। पुलिस से परिजन मांग करने लगे की चालक को घटना स्थल पर बुलाया जाए। गुस्साए परिजनों ने अचरा अलीगंज मार्ग पर लकड़ी डालकर अवरुद्ध कर दिया और ईंट पत्थर मार कर ट्रक के शीशे तोड़ दिए। ट्रक में ईंटें लोड थीं। थाना प्रभारी ने परिजनों को समझाया पर वह चालक को घटना स्थल पर बुलाने की मांग पर डटे रहे। कायमगंज सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने सूरज व उनके परिजनों को काफी समझाया बुझाया। तब जाकर 1 घंटे बाद जाम खोला जा सका। पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया। पूजा अपने पीछे एक पांच वर्षीय पुत्र लव को बिलखता छोड़ गई। सीओ राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि चालक पर मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।


लकड़ी डालकर जाम लगाये ग्रामीण व परिजन


परिजनों को समझाते सीओ

# दुकान पर सौदा लेने गयी किशोरी लापता पिता ने तीन के खिलाफ दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

दुकान पर सौदा लेने गयी किशोरी लापता हो गयी। पीड़ित पिता ने तीन लोगों के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम बघौना निवासी भूपेंद्र यादव की 13 वर्षीय पुत्री साक्षी 7 सितंबर को शाम साढ़े पांच बजे घर से कुछ दूर एक दुकान पर समान खरीदने गई थी। काफी समय तक जब साक्षी घर पर वापस नहीं पहुंची, तो परिजनों ने साक्षी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कहीं कुछ पता नहीं चल सका। परिजनों ने साक्षी को रिश्तेदारी व आसपास के गांव में काफी ढूंढा, लेकिन साक्षी की कोई जानकारी नहीं मिली। परेशान पिता भूपेंद्र यादव ने मंगलवार की सुबह थाने पहुंचकर तीन लोगों के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर गांव के ही निवासी अमर शाक्य पुत्र लखमी चंद, अनुज पुत्र उदयवीर, भूपेंद्र पुत्र कृपाराम के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुत्री को भगाने का आरोप लगाकर की गाली-गलौज व मारपीट

थाना नवाबगंज के गांव बघौना निवासी उदयवीर मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे अपने घर पर मवेशियों को चारा डाल रहा था, तभी गांव का ही निवासी युवक अपने परिजनों व साथियों के साथ उदयवीर के घर के बाहर आकर पुत्री को भागने का आरोप लगाकर गाली-गलौज करने लगा। उदयवीर ने गाली-गलौज करने से मना किया, तो युवक, उसके परिजन व साथी ने एक राय होकर लात-घूंसों से मारपीट कर दी। बचाने आए अनुज कुमार, शीला देवी के साथ भी मारपीट कर दी। मारपीट में शीला देवी, उदयवीर चोटिल हो गए। थाने पहुंचकर उदयवीर ने युवक उसके परिजन व साथियों के खिलाफ नामदर्ज तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कारवाही करने पर का भरोसा दिया।

# बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की हालत बिगड़ी, लोहिया रेफर


स्ट्रेचर पर प्रसूता को लिये खड़े परिजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के तराई स्थित कुआंखेड़ा क्षेत्र के अलीगढ़ गांव निवासी सुमन को दोपहर करीब 1 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। करीब दो बजे महिला ने पुत्र को जन्म दिया। तीन बजे के करीब महिला की हालत बिगड़ने पर उसे अधिक रक्तस्राव के कारण लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। इसी बीच महिला का देवर अस्पताल पहुंच गया। आरोप है कि वह महिला को सरकारी स्ट्रेचर पर लादकर बाईपास मार्ग स्थित एक प्राइवेट अस्पताल की ओर ले जाने लगा। यह देखकर अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। ड्यूटी पर मौजूद गार्ड ने अधीक्षक को सूचना दी। तत्काल अधीक्षक डॉ० शोभित कुमार और इमरजेंसी स्टाफ मौके पर पहुंचा तथा मरीज और उसके देवर को बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल के पास से पकड़कर वापस सरकारी अस्पताल ले आए। इसके बाद महिला को 102 एंबुलेंस के जरिए लोहिया अस्पताल भेजा गया। वहीं देवर को पुलिस चौकी ले जाया गया। बताया गया कि महिला के साथ क्षेत्रीय आशा भी आई थी। जो घटना के बाद फरार हो गयी। अधीक्षक डॉ0 शोभित कुमार ने बताया कि अधिक रक्तस्राव के कारण प्रसूता को लोहिया रेफर किया गया था। एंबुलेंस भी आ गई, लेकिन उसे प्राइवेट अस्पताल की ओर स्ट्रेचर से ले जाया गया। प्राइवेट अस्पताल वालों ने भी लेने से मना कर दिया। उसे वापस लाया गया। उन्होंने बताया आशा के खिलाफ कार्रवाई के लिए शमशाबाद अधीक्षक को लिखा जाएगा। मामले की जांच कराई जा रही है।

# पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आये जरारी के लोग


चंदा एकत्र करते जरारी के लोग

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ब्लाक कमालगंज के मुस्लिम बाहुल्य कस्बा जरारी के लोगों ने पंजाब की मदद के लिए चंदे में रुपए, गेहूं, चावल, कपड़े इत्यादि एकत्रि किये। जानकारी के अनुसार पंजाब बाढ़ की विभीषिका से भयंकर रूप से जूझ रहा है। हजारों की संख्या में वहां के लोग अब तक पलायन कर चुके हैं। सैकड़ों पशु पानी में बहकर पाकिस्तान की ओर चले गये हैं। फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गयी है। चारों ओर तबाही का मंजर है। ऐसे में प्रदेश के कई जिलों से लोग वहां के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए चंदा एकत्र कर रहे हैं। जिससे उनकी मदद की जा सके। इसी श्रृंखला में बुधवार को फर्रुखाबाद के ब्लाक कमालगंज के कस्बा जरारी के लोगों ने एक अच्छी पहल की। कस्बा जरारी के लोगों ने बताया कि हम अपने स्तर से जो भी मदद होगी वह करेंगे और बाढ़ पीड़ितों की मदद करेंगे। लोगों ने ई-रिक्शा से पूरे दिन पैसा, कपड़े तथा अनाज एकत्र किया। साथ ही प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए वहां के लोगों को संबल प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

# निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप में 160 की जांच कर दी गयीं दवायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 160 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण व दवाइयां वितरित की गईं।

कायमगंज, कम्पिल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को प्राकृतिक आपदा व बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 160 मरीजों का निःशुल्क उपचार व दवाइयां वितरित की गईं। नगर पंचायत कंपिल के रामेश्वर मंदिर के बाहर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ रामेश्वर मंदिर के महंत आनंद गिरि, पुखराज डागा व डॉक्टर शिवम त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिविर में कंपिल नगर पंचायत से जुड़े हुए ग्राम सूरजपुर, राईपुर, चिनघटपुर, दूंदेमई, अकाखेड़ा, इकलहरा, कारव, बख्ती नगला, कुंवारा, शाहपुर के अनेक लोगों को सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, पेट से संबंधित, त्वचा से संबंधित रोगों की अधिकता रही। गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजा गया। प्रदीप शर्मा, गोपी, नितिन गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।


स्वास्थ्य कैंप में मरीजों को देखते चिकित्सक

## खबरें एक नजर में

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कम्पिल पर पंजीकृत मु0अ0सं0 125/25 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अनूप पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम जिजौटा बुजुर्ग थाना कम्पिल को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पीड़ित ने दिनांक 27.07.2025 को अभियुक्तगण द्वारा उसकी पुत्री से अतिरिक्त दहेज के रूप में एक बुलेट मोटर साइकिल व एक लाख रूपये की मांग करने तथा मांग पूरी न कर पाने पर पीड़ित की पुत्री को प्रताड़ित करने व हत्या कर देने के सम्बन्ध में थाना कम्पिल पर सूचना दी। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर दिनांक 28.07.2025 को थाना कम्पिल पर मु0अ0सं0 125/2025 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट बनाम अनूप सिंह आदि 06 नफर पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 09.09.2025 को अभियुक्त अनूप उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया है।

### जिला गौरक्षा प्रमुख ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विश्व हिन्दू परिषद के जिला गौरक्षा प्रमुख नूतन चतुर्थबेदी ने अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ तहसील परिसर में पहुँचकर तहसीलदार विक्रम चाहर को माँग पत्र सौंपा। जिसमें कहा है कि कायमगंज कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला दत्तू नगला में एक सांड घायल अवस्था में पड़ा होने की जानकारी प्रशासन को दी, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई। गौरक्ष प्रमुख स्वयं अपने खर्च से देखभाल कर रहे हैं। अगर घायल सांड का प्रशासन ने इलाज नहीं कराया, तो बुधवार को उपजिलाधिकारी कार्यालय पर अनशन पर बैठेंगे। इस दौरान जिला गौरक्षा प्रमुख नूतन चतुर्थवेदी, प्रभात कश्यप, हरिओम, विकास, चन्दन सहित अन्य संगठन के लोग मौजूद रहे।

### शीतल सांझी मंडल ने निकाली भगवान गणेश की झांकी


भगवान गजानन की झांकी निकालते शीतल सांझी मंडल के पदाधिकारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शीतल सांझी मंडल बजरिया और बाबा हंसगिरी सांझी कमेटी गंगादरवजा की ओर से झाकियां निकालने की यह परंपरा 262 साल पुरानी है। सोमवार को महोत्सव की शुरुआत बजरिया की ओर से भगवान गणेश की भव्य झांकी के साथ हुई। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष महेश वर्मा समेत कमेटी के पदाधिकारियों ने भगवान गणेश की आरती उतार कर की। यात्रा बजरिया से चलकर श्यामागेट, लोहाई बाजार, मुख्य चौराहा, लोकमन, गंगा दरवाजा होती हुई शिवाला मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शीतल सांझी मंडल की ओर से मुकेश दुबे, ऋषभ सेठ, आलोक गुप्ता, अमर गुप्ता, श्याम गुप्ता, गौरव वर्मा और प्रभात कश्यप, सुमित वर्मा मोनू, दीपक वर्मा और विवेक शर्मा आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटका मिला नवविवाहिता का शव

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

संदिग्ध परिस्थितियों में नव विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। पिता ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव पीएम हेतु भेज दिया।



जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव कुंवरपुर खास निवासी अंकुर शुक्ला की 22 वर्षीय पत्नी मोहिनी शुक्ला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार शाम घर की बैठक में छत के कुंडे में अंगौछे के सहारे लटका मिला। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। स्वजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मोहिनी की शादी छः माह पूर्व अंकुर के साथ हुई थी। मौके पर पहुंचे क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर निवासी मृतका के पिता राजेश मिश्रा व उनकी पत्नी संतोषी ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। मृतका का पति जयपुर स्थित एक फैक्ट्री में नौकरी करता है। मृतका दो दिन पूर्व ही मायके से ससुराल आई थी। स्वजन मौत का कारण नहीं बता सके। थाना प्रभारी कपिल चौधरी ने बताया शव पीएम हेतु भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# ओपीडी 750 तक पहुंची, अधीक्षक ने संभाला मोर्चा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ प्रभावित गांवों से अधिक संख्या में आ रहे मरीजों से सरकारी अस्पताल की व्यवस्था चरमरा गयी है। खांसी, जुकाम, बुखार और खुजली जैसी मौसमी बीमारियों के मरीज इतनी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं कि अस्पताल प्रशासन के हाथ पांव फूल गए। जहां अब तक सरकारी अस्पताल की ओपीडी रोज़ाना 300 से 400 मरीजों तक सीमित थी, वहीं अब यह संख्या दोगुनी होकर 700 से 750 तक पहुंच गई है। मंगलवार को हालात इतने बिगड़े कि खुद अधीक्षक डॉ. शोभित कुमार को मोर्चा संभालना पड़ा।

अचानक बढ़ी भीड़ का असर दवा वितरण पर भी पड़ा। मरीजों और उनके तीमारदारों को दवा लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। अफरातफरी की स्थिति तब बनी जब दवा काउंटर पर लाइन टूटने लगी। हालात को संभालने के लिए अस्पताल प्रशासन ने अस्थायी दवा काउंटर खोला, तब जाकर मरीजों को दवा मिल सकी। इमरजेंसी में बेड फुल नजर आए। अधीक्षक डॉ0 शोभित कुमार ने बताया कि मरीजों में अधिकतर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से आ रहे हैं। लंबे समय तक पानी में रहने और गंदगी से घिरे होने के कारण वहां खांसी, जुकाम, वायरल बुखार और त्वचा संबंधी रोग तेजी से फैल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मरीजों को प्राथमिकता दी जा रही है। साथ ही दवाओं और चिकित्सकों की टीम को अतिरिक्त रूप से सक्रिय कर दिया गया है।


दवा लेने के लिए लाइन में लगे ग्रामीण

### मार्ग दुर्घटना में दंपति सहित तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात बाइक सवार ने एक अन्य बाइक सवार के पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार दंपति व उसका 4 वर्षीय पुत्र घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार तहसील कायमगंज क्षेत्र के गाँव सिकन्दरपुर खास निवासी सत्यम उम्र 25 वर्षीय पुत्र सुभाषचन्द्र डाक घर से ड्युटी करके अपनी पत्नी नीतू, 4 वर्षीय बेटे फलक को बाइक पर बैठालकर फर्रुखाबाद की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पुल गालिब पुलिया के निकट पहुँचा, तभी अज्ञात बाइक चालक ने पीछे से उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार डाक कर्मचारी व उसकी पत्नी, बच्चा घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल पति पत्नी, बच्चे को कायमगंज नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया। जहां तीनों का उपचार जारी है।

# घाटमपुर में मंडलीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता सम्पन्न...

- शकुंतला देवी बालिका इंटर कालेज की दो छात्राओं ने मारी बाजी
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान किया पक्का, प्रबंधक ने दी बधाई

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

मण्डल स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन घाटमपुर कानपुर नगर में हुआ।

जिसमें शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज की दो छात्राओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा मण्डल स्तरीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता का आयोजन कानपुर में किया गया था। जिसमें कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। जिसमें शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज की दो छात्राओं मोनम और सोनम ने अपनी वेट कैटेगरी में प्रथम स्थान सुनिश्चत किया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रबन्धक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल व प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने छात्राओं को शुभकामनायें प्रेषित कीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने दोनों छात्राओं तथा टीम के सभी सदस्यों के कार्यों की प्रशंसा की तथा शुभकामनाओं के साथ पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शिल्की मिश्रा, सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव, अक्षिता यादव, सुन्दरतम सिंह, शोभा यादव, मनोज कुमार, सुरभि श्रीवास्तव, शायना खान सहित सभी शिक्षक शिक्षिकायें मौजूद रहे।


विजेता छात्रायें व मौजूद शिक्षकगण आदि

# एनडीपीएस व अवैध शस्त्र के आरोपी को चार वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष एनडीपीएस एक्ट न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अरविन्द सिंह, रिषीपाल सिंह निवासी बनिया ढारा थाना जैथरा एटा को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। बीते लगभग 15 वर्ष पूर्व तीस मार्च 2010 को तत्कालीन एसओजी प्रभारी नरेंद्र कुमार मय टीम हमराही थाना राजेपुर में चाचूपुर तिराहे पर जहां पर थानाध्यक्ष राजेपुर सुजीत कुमार दुबे मय फोर्स के साथ खड़े थे। फर्रुखाबाद की तरफसे एक मोटर साइकिल पर तीन लोग सवार थे। उन लोगों को रोका गया। पुलिस टीम को देख उपरोक्त लोगों ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने तीनों लोगों को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम देवेंद्र उर्फ अक्कू, अरविंद, गीतेश बताये। तलाशी लेने पर नशीला पदार्थ व तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश अंकित कुमार मित्तल ने अरविन्द को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर चार वर्ष का कारावास व बीस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# लोको स्थित दरगाह पर धूमधाम से मनायी गयी रवि उल अव्वल की 16वीं शरीफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ की ऐतिहासिक वा गंगा जमुनी तहज़ीब की मिसाल लोको स्थिति दरगाह हज़रत मखदूम शाह सैय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में रवि उल अव्वल महीने की 16वीं शरीफ बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। साथ ही इस मौके पर दूरदराज से आए अकीदतमंदों ने अपने-अपने तरीके से फूल वा चादर पेशी की और साथ ही ईद मिलादुन्नबी और उर्स-ए-कलियर की नजर पेश की गई। जिसमें सभी मजहब के जायरीनों ने हाजिरी दी और अपनी अकीदत पेश की और लंगर भी तकसीम किया गया। इस मौके पर दरगाह हजरत साबिर-ए-पाक कलियर शरिफ का कुल की नजर पेश की गई। दरगाह हज़रत मखदूम शाह सैय्यद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा के नायब सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद वसीम साहब ने कहा ये दरगाहें मानवता का प्रतीक और तर्जुमान है इंसानियत का। सूफी संतों ने सदैव अमन संदेश देने के साथ सभी धर्मों का सम्मान करने की शिक्षा दी है। आज सफी संतों की शिक्षा से दूरी हमारे भाई चारगी को समाप्त कर रही है। हर दौर में औलिया-ए-कराम ने अमन भाई चारगी का सन्देश इनके आस्ताने पे आने वालों को रूहानी फैज के साथ साथ इंसानियत का भी पैगाम मिलता है। दरगाह के नायब सज्जादा नशीन शाह मोहम्मद वसीम साहब ने बताया सूफी संतों ने समाज से बुराइयों को मिटा कर एक सभ्य समाज की बुनियाद रखी है और चारों ओर मोहब्बत के हमेशा चिराग रोशन करते रहे। इस मौके पर कव्वाल कमालुद्दीन ने कलाम पेश किये। हाफिज फरहान सबरी, अयान साबरी व आरिश साबरी ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की। इस मौके पर अजहर हुसैन, अंसार साबरी, हाजी इशरत साबरी, रफत हुसैन, हनीफभाई, मोवीन सबरी राहुल, अंसार साबरी, आकाश, शिवम आदि मौजूद रहे।


दरगाह पर चादरपोशी करते अकीदतमंद

# सट्टा माफिया सर्वेश पाल की 7,64,18,290 की सम्पत्ति कुर्क

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

थाना मऊदरवाजा पुलिस ने सट्टा माफिया हसनैन गैंग के सक्रिय सदस्य सर्वेश पाल की 7,64,18,290 (सात करोड़ चौसठ लाख अठ्ठारह हजार दो सौ नब्बे) रूपये की सम्पत्ति को धारा 14(1) गैंगेस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुर्क की है।

अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फर्रुखाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 283/2023 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 बनाम हसनैन पुत्र जुम्मन खाँ निवासी खटकपुरा सिद्दीकी कोतवाली फर्रूखाबाद आदि पंजीकृत किया गया था। गैंगलीडर हसनैन के सक्रिय सदस्य सर्वेश पाल पुत्र मलखान सिंह निवासी पालीवाल वाली गली बेवर रोड भोलेपुर कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फतेहगढ़ द्वारा स्वयं के नाम अर्जित व निर्मित अचल सम्पत्ति कीमत 7,64,18,290/- (सात करोड़ चौसठ लाख अठ्ठारह हजार दो सौ नब्बे) रूपये की सम्पत्ति को कुर्क किये जाने हेतु न्यायालय ने वाद संख्या 10/2025 दिनांकित 06.09.2025 को आदेश दिये थे। इसी क्रम में कुर्की की कार्यवाही की गयी। इस दौरान नायब तहसीलदार सदर शनि कनौजिया, क्षेत्राधिकारी नगर ऐश्वर्या उपाध्याय, थानाध्यक्ष मऊदरवाजा व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली फर्रूखाबाद आदि मौजूद रहे।


कुर्की कार्यवाही के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस फोर्स

### गैंगेस्टर के मामले में आरोपी को छः वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनन्दन उर्फ शिवननी पुत्र विशुनदयाल निवासी नौली मेरापुर को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया बीते 26 वर्षों पूर्व थाना मेरापुर थानाध्यक्ष ने कुंवरपाल, शिवनंदन के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत अनुचित रुप से समाज में भय व्याप्त कर आर्थिक लाभ अर्जित करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना थाना नवाबगंज पुलिस ने की थी। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका त्यागी ने शिवनंदन को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर छः वर्ष का कारावास व दस हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। मुकदमा विचारण के दौरान कुंवर सिंह की मृत्यु हो गई थी

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत पीएम का मनाया जायेगा जन्मदिनः अनूप गुप्ता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं सदस्य विधान परिषद अनूप कुमार गुप्ता ने जनपद दौरे के दौरान संगठनात्मक बैठक ली। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान की जिला कार्यशाला को संबोधित किया। मुख्य अतिथि अनूप गुप्ता ने सभी पदाधिकारी को अभियान को लेकर दिशा निर्देश दिए हैं। अभियान की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए अभियान में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जुड़ने का आवाहन किया।

अनूप कुमार गुप्ता ने कहा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस से आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों का रूप देना है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर के मध्य प्रदेश संगठन ने सेवा पखवाड़ा मनाने का निर्णय लिया है, इसके अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री के 75वें जन्म दिवस पर जिला स्तर पर रक्तदान शिविर लगाकर न्यूनतम 75 यूनिट का रक्तदान होगा और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

मंडल के अंतर्गत आने वाले प्रत्येक बूथ के सार्वजनिक स्थानों पार्क, स्कूल, मंदिर, बस स्टैंड एवं ऐतिहासिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा और स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाया जायेगा। 17 सितंबर को सभी जिला अस्पतालों पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव संबोधन सुना जायेगा। पार्टी कार्यालय पर पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

19 सितंबर से 20 सितंबर के मध्य प्रबुद्ध वर्ग संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। युवा मोर्चा द्वारा नमो मैराथन कार्यक्रम का आयोजन होगा। 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर प्रत्येक बूथ पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण होगा। पुष्पांजलि व संगोष्ठी का आयोजन होगा। 27 सितंबर से 28 सितंबर के मध्य जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिव्यांग जनों को निःशुल्क आर्टिफिशियल उपकरणों का वितरण कार्यक्रम एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित होगा। 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर जिले में विभिन्न स्थानों पर स्थापित गांधी प्रतिमाओं पर स्वच्छता एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित होंगे। पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की भी जन्म जयंती मनाई जाएगी।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व कन्नौज के पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद सिंह ने आगामी स्नातक चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी वोट बढ़ाने का कार्य करें। जिला संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे ने बताया राजनीति में सेवा भाव ही सबसे बड़ा कर्म है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने राजनीतिक जीवन में बड़े-बड़े पदों पर रहते हुए सेवा भाव का स्वभाव रखते हुए कार्य किया है। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा संगठन के इस महत्वपूर्ण अभियान के लिए पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। इस अवसर पर सत्यपाल सिंह, डॉ. भूदेव सिंह, रूपेश गुप्ता, डा. वीरेंद्र सिंह राठौड़, आलू वितरण संघ के सभापति विमल कटियार, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, हिमांशु गुप्ता, डीएस राठौर, अमरदीप दीक्षित, नवनीत पाल, प्रबल त्रिपाठी, धर्मेंद्र राजपूत, अभिषेक बाजपेई, प्रभात अवस्थी, अभिषेक बाथम, सर्वेश कुशवाहा, ऋषिपाल सिसोदिया, नीरज अवस्थी, राजकुमार वर्मा, डॉ. उदय प्रताप सिंह, जिला मंत्री गुरुचरन आजाद आदि लोग मौजूद रहे।


सम्बोधित करते अनूप कुमार गुप्ता


प्रशिक्षुओं को जानकारी देते लीडिंग फायरमैन

## अग्निशमन केंद्र पर प्रशिक्षुओं को रेस्क्यू कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जान माल की क्षति को न्यूनीकरण किए जाने के उद्देश्य से मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देशन पर अग्नि सचेतक/फायर वालंटियर, योजना के अंतर्गत अग्निशमन तथा आपात सेवा के अग्निशमन केंद्र फतेहगढ़ पर लीडिंग फायरमैन विनोद सिंह द्वारा नये बैच के छात्रों को प्रशिक्षण दिया गया। स्टेशन पर फायर सर्विस में प्रयोग होने वाली सभी प्रकार की ब्रांच, कॉलेक्टिंग ब्रेचिंग, डिवाइडिंग ब्रेचिंग, फीमेल कपलिंग, मेल कपलिंग आदि के बारे में, फायर सर्विस रेस्क्यू कैसे करती है, कुंए में जहरीली गैस होने पर उसमे रेस्क्यू कार्य, तालाब व नहर में रेस्क्यू कार्य आदि की जानकारी नए बैच को दी गई। एफएम आशीष उपाध्याय ने प्रशिक्षुओं से कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस सर्टिफिकेट योजना से जोड़े और जागरूक करे।

## हिन्दू सेना ने गरबा डांडिया कार्यक्रम पर शर्ते लागू करने की उठायी मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू सेना ने जनपद में आयोजित होने वाले गरबा डांडिया पर रोक व शर्ते लागू करने की मांग की। मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपकर मांग की है कि गरबा नाइट डांडिया में कुछ महत्वपूर्ण शर्ते होनी चाहिए।

इन्हीं आधार पर उन्हें परमीशन दी जाये। कार्यक्रम में कोई भी विधर्मी व्यक्ति की एंट्री न हो। अश्लील कपड़ों पर रोक लगनी चाहिए। गरबा में प्रतिभाग करने वाले सभी लोग सनातनी होने चाहिए। गरबा में विधर्मी समाज के लोग प्रतिभाग करने के नाम पर अश्लीलता करते है और हिन्दुत्व मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करते है। ऐसे में कार्यक्रमों पर रोक लगायी जाये। सनातन की बदनामी हिन्दू सेना बर्दाश्त नहीं करेगी। इस मौके पर युवा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, प्रदेश महामंत्री शिवम त्रिपाठी, सुरभि सिंह, सीता सिंह, देवी अग्निहोत्री, पुनीत कुमार, उत्कर्ष मिश्रा, दिवाकर द्विवेदी, अमर दीप आदि लोग मौजूद रहे।


नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते हिन्दू सेना के लोग

## भाकियू अखंड प्रदेश की जिला कार्यकारिणी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक ने अपनी जिला कार्यकारिणी घोषित की। साथ ही ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणा भी की गई। बैठक के दौरान प्रदेश के दो पदाधिकारी की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी की सहमति लेकर की गई।

जिलाध्यक्ष क्रांति पाठक ने अपनी नवीन कार्यकारिणी में विशाल दुबे को जिला प्रभारी बनाया गया। वहीं बब्लू सोमवंशी एवं रवि शुक्ला को जिला महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी है। पांच उपाध्यक्ष बनाये गये। जिसमें राजवीर सिंह, गिरीश चन्द्र शाक्य, सौरव दीक्षित, मिथुन राठौर, नेत्रपाल सिंह, प्रशुन पाठक बने। जिला संगठन मंत्री अरुण सिंह बनाये गये। जिला सचिव राहुल तोमर, अमित त्रिवेदी, अंकुर पाठक, मोहित खन्ना, संजय तिवारी, मंगल सिंह को बनाया है। युवा जिलाध्यक्ष शिवम दीक्षित बनाये गये। अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष लकी खान बने। जिला उपाध्यक्ष युवा आदिल खान व रुद्र प्रताप सिंह बने। महिला मोर्चा की जिला कार्यकारी अध्यक्ष शांति देवी को बनाया गया है। अल्पसंख्या महिला प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष इकरा खान को बनाया। राजेपुर ब्लाक अध्यक्ष संजीव शर्मा, बढ़पुर ब्लाक अध्यक्ष पवन यादव उर्फ सुनील, कायमगंज ब्लाक अध्यक्ष धनश्याम सिंह शाक्य, राजेपुर ब्लाक अध्यक्ष बृजपाल सिंह, राजेपुर ब्लाक महासचिव आरिफ अली को बनाया गया है। साथ ही प्रदेश स्तर पर केशव वर्मा उर्फ भानु को प्रदेश महासचिव बनाया गया है और सोनी शुक्ला को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## लायंस क्लब द्वारा पीस पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी द्वारा मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। आयोजित पीस पोस्टर प्रतियोगिता में कुल 11 स्कूल के 192 बच्चों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि कानपुर के वाइस डिस्ट्रिक गवर्नर विश्व रतन त्रिपाठी व विशिष्ट अतिथि राजन माहेश्वरी रहे।

पीस पोस्टर प्रतियोगिता में ब्लू बेल स्कूल, नारायण आर्य कन्या पाठशाला, मदन मोहन कनोडिया स्कूल, गायत्री इंटरनेशनल स्कूल, स्वामी रामानंद स्कूल, सीपी इंटरनेशनल स्कूल, गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर श्याम नगर, सरस्वती शिशु मन्दिर स्कूल, भारती पाठशाला व मॉडर्न पब्लिक स्कूल के कुल 192 बच्चे शामिल रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सरस्वती विद्या मन्दिर के कृष्ण पांडेय को मिला व द्वितीय स्थान पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल की विदिशा यादव रही तथा तृतीय स्थान परी शाक्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज श्याम नगर को प्राप्त हुआ। प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन सपना अग्रवाल रही व धन्यवाद अध्यक्ष निमिशा गुप्ता ने दिया। चार्टर अध्यक्ष व पीस पोस्टर प्रतियोगिता के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन लायन राजन माहेश्वरी ने बताया कि फर्रुखाबाद सिटी इस प्रतियोगिता को पचीस वर्षो से लगातार कराता आ रहा है और इसका उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से जान मानस में वैमनस्य को दूर कर आपसी सौहार्द को बढ़ाना रहता है। वर्तमान में इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता है, ताकि दुनिया में शांति स्थापित हो सके।


विजेताओं को सम्मानित करते पदाधिकारी

### 11 सितम्बर को जू0हा0 मा.शि. संघ डीएम को सौंपेगा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अभिनेश मिश्रा ने जारी विज्ञप्ति कर बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षक पात्रता के सम्बन्ध में 01 सितम्बर 2025 को निर्णय दिया है जो देश तथा प्रदेश के बेसिक शिक्षकों के हितों के द्विपरीत प्रतीत होता है। शिक्षक दशकों से विभागीय शर्तों के साथ सेवा देते आ रहे हैं। उक्त निर्णय से शिक्षकों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम एवं एन.सी.टी.ई. अधिनियम लागू के पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट प्रदान करने हेतु अधिनियम में संशोधन हेतु एक मांग पत्र प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर भारत सरकार के प्रधानमंत्री तथा माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री को सम्बोधित पत्र 11 सितम्बर को अपराहन 3 जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा।

### बिजली विभाग के बाबू ने नौकरी लगवाने के नाम पर महिला से किया दुष्कर्म

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नौकरी लगवाने के नाम पर बिजली विभाग के बाबू ने घर बुलाकर महिला को बेहोश कर दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी के मामले में पीड़िता ने पुलिस से फरियाद कर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार थाना शमशाबाद के कस्बा व हाल निवासी देवरामपुर क्रासिंग निवासी पीड़िता ने थाना कादरीगेट पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि माह मई 2025 को अपनी महिला रिश्तेदार के बिजली का बिल चेक कराने भोलेपुर स्थित विद्युत कार्यालय गयी थी। वहीं पर जान पहचान बिजली विभाग के बाबू राजेश राजपूत पुत्र नामालूम निवासी अनोखे लाला वाली गली बढ़पुर थाना कादरीगेट से हुई। राजेश राजपूत ने मुझसे पढ़ाई लिखाई के बारे में पूंछा। तब मैंने बताया कि मैं एम0ए0 पास हूं। यह बताने पर राजेश राजपूत ने मुझसे से बिजली घर भोलेपुर में ही संविदा पर लिपिक के पद पर नौकरी लगवाने के लिये कहा। मेरे पति प्राइवेट टीचर है। संविदा पर नौकरी लगवाने के नाम पर राजेश राजपूत ने कुल 60 हजार मांगे। जिसमें से 40 हजार रुपये नकद मैंने राजेश राजपत को दे दिये। 11 जून को राजेश ने मुझे घर पर अपने शैक्षिक प्रपत्र लेकर आने के लिये कहा। जब मैं उनके घर अपने सभी शैक्षिक प्रपत्र लेकर पहुंची। उस समय राजेश की पुत्री व पत्नी घर पर नहीं थे, राजेश अकेला था। वह पानी व मिठाई लेकर आया और जैसे ही मैंने मिठाई खाकर पानी पिया। मैं बेहोश हो गयी। इस दौरान उसने मेरे साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर जब मैंने इसका विरोध किया तो राजेश ने कहा कि तुम्हारी वीडियो बना ली है। यदि तुमने कहीं शिकायत की, तो वीडियो वायरल कर देंगे और कहीं मुंह दिखाने लायक नहीं रहोगी और उस वीडियो के सहारे उसने मेरी बिना सहमति के कई बार जबरदस्ती सम्बन्ध बनाया। जब मैंने उससे रुपये मांगे तो उसने रुपये भी वापस नहीं किये। पीड़िता ने मुकदमा दर्ज कर न्याय की गुहार लगायी है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कैम्प लगाकर वितरित की दवाइयां

**हेल्पलाइन पर आने वाली हर फोन कॉल का डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ले रहे है संज्ञान**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल द्वारा विकास खण्ड राजेपुर क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। पीड़ितों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया।

विकास खण्ड राजेपुर के ग्राम हरिहरपुर निवासी सोनू व विवेक ने मेडिकल हेल्पलाइन पर सूचना दी। पीड़ित की सूचना को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा० जितेन्द्र सिंह यादव ने संज्ञान लिया और अपनी मेडिकल टीम को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में भेजा। स्वास्थ्य टीम ने विकासखंड राजेपुर के बाढ़ प्रभावित ग्राम बिरसिंहपुर एवं अल्हादपुर भटौली में पहुंचकर लोगों का उपचार किया और औषधियों का वितरण किया। ज्यादातर जुकाम, खांसी, पेट दर्द, दाद खाज, खुजली, एक्जिमा, बुखार व बाढ़ के पानी में लगातार रहने से होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों से पीड़ित मरीज मिले। शिविर में चिकित्सकों ने सभी बाढ़ पीड़ितों को पानी हमेशा उबालकर पीने के सलाह देते हुए बताया कि ज्यादातर चर्म रोग, अपनी व्यक्तिगत साफ-सफाई उचित प्रकार से ना रखने की वजह से ही पैदा होते हैं। सदैव साफ ओर सूखे वस्त्र पहने एवं नहाने के बाद, शरीर पूरी तरह सूखने पर ही स्वच्छ वस्त्र धारण करें। बाढ़ के समय सर्पदंश की घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने सभी ग्रामवासियों को जूते पहनकर चलने की सलाह दी। इस मौके पर चिकित्सीय टीम में डॉ. नेहा त्रिपाठी, डॉ. प्राची कश्यप, डॉ. अजय सिंह राजपूत, डॉ. राहुल देव, डॉ. प्रिया गुप्ता, डॉ. प्रतीक दीक्षित, डॉ. रंजन कुमार व फार्मासिस्ट चंद्रभान सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।


ग्रामीणों का उपचार करती चिकित्सीय टीम

## रेलवे रोड का सुंदरीकरण शीघ्र पूर्ण नहीं हुआ तो व्यापारी करेंगे आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन ऑफ आल इंडिया व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर मांग की है कि रेलवे रोड के सुंदरीकरण का समय दो महीने का मांगा गया था, अभी तक विद्युत विभाग द्वारा मात्र कुछ ही काम हुआ है। नगर पालिका द्वारा अभी तक सुंदरीकरण का समय पर कोई निर्माण कार्य नहीं किया गया है। ऐसे में व्यापारियों में रोष है। लिखित दो महीने का समय व्यापारियों से मांगा गया था, उसके बावजूद भी कोई काम नहीं हो रहा है। समय बीतता जा रहा है। समय सीमा के अंदर कार्य पूरा न किया गया तो व्यापारी सड़कों पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ऐसे में संबंधित विद्युत विभाग व नगर पालिका को आदेशित किया जाये कि वह अपने समय सीमा के अंदर रेलवे रोड का सुंदरीकरण कार्य पूरा करें। पूर्व में भी डीएम सभागार कक्ष में हुई बैठक में भी रेलवे रोड का मुद्दा उठाया गया था। व्यापारियों के सामने अभी भी रेलवे रोड के सुंदरीकरण की समस्या बनी हुई है। सभी ने एक स्वर में विरोध करते हुए कहा कि शीघ्र निर्माण कार्य पूरा किया जाये और जांच रिपोर्ट भी सौंप दी गई है। इस मौके पर विमलेश मिश्रा, गोपाल राठौर, लाखन सिंह, विशाल रस्तोगी, अनिल मिश्रा, संजीव शर्मा, मनोज दीक्षित, प्रशांत कुमार सिंह, अजय महरोत्रा, आकाश अग्रवाल, शिवम गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

## पीडीए ही एनडीए को हराएगाः उर्मिला राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पर जन पंचायत कार्यक्रम के तहत पीडीए को मजबूत कर रही है। सह प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया कि जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार जिला संगठन द्वारा विधानसभा भोजपुर में गुंगीरा, चौसपुर, महमूदपुर में पीडीए जन पंचायतों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत रहीं। पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने कहा भारतीय जनता पार्टी की निरंकुश दिशाहीन सरकार तानाशाही के रास्ते पर जा रही है, ये सरकार किसी भी कीमत पर, किसी की भी, कोई बात सुनने को तैयार नहीं है। अफसरशाही बुरी तरह हावी है। छोटे से छोटा कर्मचारी और बड़े से बड़ा अधिकारी किसी जनप्रतिनिधि की कोई भी बात न तो सुनता है ना मानता है, नेता अपने खुद के काम कराने के लिए भी दर-दर ठोकने खाते घूम रहे है। आज किसान खाद की जगह सहकारी समितियों पर लाठी खा रहा है। नौजवान रोजगार की तलाश में भटक रहा है, पीईटी परीक्षा के नाम से पर 300/400/500 किलोमीटर दूर तक बच्चों के परीक्षा केंद्र बनाए गए, रोजगार देने की जगह यह सरकार प्रतियोगी छात्रों को सिर्फ परेशान करने के बहाने ढूंढती रहती है। महिला अपराध में आज उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है, भययुक्त महिलाएं आज बाहर निकलने से डर रहीं हैं। भाजपा के खोखले वादों और धर्म का मुखौटा पहनकर मायावी भाषण देने वाले लोगों से जनता अब तंग आ चुकी है आने वाले समय में बदलाव होगा, 2027 के चुनाव में पीडीए बदलाव की आधारशिला बनेगा और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। इस दौरान जदुनाथ सिंह, रामगोपाल वर्मा, पंचशील राजपूत, मुजीबुल हसन, धीर सिंह राजपूत, मंजीत राजपूत, सर्वेश राजपूत, डॉ0 महिपाल सिंह, बलबीर सिंह यादव आदि मौजूद रहे। वहीं उर्मिला राजपूत ने नगला कुंदन में पूर्व सैनिक रामसनेही वर्मा के पुत्र के निधन पर घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।



कार्यक्रम में मौजूद उर्मिला राजपूत व ग्रामीण

## होम्योपैथिक विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगाया स्वास्थ्य कैम्प

**132 मरीजों का परीक्षण कर दी गई दवाईयां**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होम्योपैथिक विभाग द्वारा बाढ़ प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया और पीड़ितों का उपचार कर औषधि का वितरण किया गया। ब्लॉक राजेपुर के अतिबाढ़ग्रस्त गांव बदनपुर में बाढ़ पीड़ितों को स्वास्थ्य लाभ देने हेतु राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय कढ़हर द्वारा लगाए गए निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने कुल 132 बाढ़ पीड़ित रोगियों (77 पुरुषों- 55 महिलाओं) को रोगानुसार होम्योपैथिक उपचार उपलब्ध करवाया। स्वास्थ्य शिविर में लाभान्वित रोगी, ज्यादातर जुकाम, खांसी, पेट दर्द, दाद खाज, खुजली, एक्जिमा, बुखार व बाढ़ के पानी में लगातार रहने से होने वाले विभिन्न प्रकार के रोगों से पीड़ित मिले। शिविर में चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेंद्र सिंह ने सभी बाढ़ पीड़ितों को पानी हमेशा उबालकर पीने के सलाह देते हुए, बताया कि ज्यादातर चर्म रोग, अपनी व्यक्तिगत साफ-सफाई उचित प्रकार से ना रखने की वजह से ही पैदा होते हैं। सदैव साफ ओर सूखे वस्त्र पहने एवं नहाने के बाद, शरीर पूरी तरह सूखने पर ही स्वच्छ वस्त्र धारण करें। बाढ़ के समय सर्पदंश की घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने सभी ग्रामवासियों को जूते पहनकर चलने की सलाह दी।


रोगियों का उपचार करते चिकित्सक

## शासन द्वारा नामित प्रबुद्धजन दो दिवसीय दौरे पर

**विकसित उत्तर प्रदेश 2047 हेतु क्यूआर कोड स्कैन कर पोर्टल पर अपना सुझाव दें: डीएम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने बताया कि समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के सम्बन्ध में शासन द्वारा 04 प्रबुद्धजनों सेवानिवृत्त आईएएस राजीव कुमार, सेवानिवृत्त आईपीएस आर0के0एस0 राठौर, सेवानिवृत्त प्रो0विनोद कुमार, सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता लो0नि0वि0 अजय गंगवार को नामित किया गया है। नामित प्रबुद्धजन का 11 व 12 दिसम्बर को जनपद में संवाद/बैठक/भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। डीएम ने बताया है कि 11 सितम्बर को प्रबुद्धजन पूर्वान्ह 10:30 बजे से अपरान्ह 12:30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों विभिन्न क्षेत्रों में ख्यातिलब्ध, पुरुस्कार प्राप्त गणमान्यजनों के साथ संवाद करेंगे। 12:30 से 01 बजे तक महिला समूहों, श्रमिक संगठनों एवं स्वयंसेवी संगठन के साथ संवाद, 01 बजे से 01:30 तक इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व प्रिंट मीडिया के साथ संवाद, विकास भवन सभागार में 02:30 से 03:30 तक जनपद के अग्रणी कृषकों, कृषि वैज्ञानिकों व ए0पी0ओ0 के सदस्यों के साथ संवाद, 03:30 से 04 बजे तक व्यवसायियों व उद्यमियों के साथ संवाद करेंगे। 12 सितम्बर को प्रबुद्धजन पूर्वान्ह 11 बजे से नवाबगंज में क्षेत्र पंचायत व नगर पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों, सभासदों, प्रधानों एवं अन्य क्षेत्रीय जनता से संवाद करेंगे व फीडबैक प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया है कि समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 हेतु विकसित उत्तर प्रदेश के लिये क्यूआर कोड स्कैन करें पोर्टल ओपेन कर पोर्टल पर दिये गये सुझाव फार्म के बटन पर जाये। बटन पर क्लिक कर मोबाइल नम्बर दर्ज करें, मोबाइल पर ओटीपी आएगा, उसे पोर्टल पर भरें, एक फार्म खुल जायेगा जिसे भरना होगा। अपने सुझाव लिखकर या बोलकर दर्ज करें। सम्पूर्ण जानकारी भरने के बाद फार्म सबमिट करें। दिये गये सुझाव से सुझाव की समीक्षा कर नीतियों का निर्माण होगा। विकसित उत्तर प्रदेश 2047 का रोडमैप तैयार होगा।

मूल्यवान सुझाव देने वाले सम्मानित किये जायेंगे। हर नागरिक को पोर्टल पर सुझाव देने का अधिकार है, पोर्टल पर सुझाव देना आसान एवं पूर्णतः निःशुल्क है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व 03 थीम व 12 सेक्टरों से संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।


बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण

## मण्डल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन स्वर्गीय ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता में पूर्व प्रधानाचार्य प्रमोद गंगवार, जनता राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विनीत चौहान, संयोजक प्रधानाचार्य आशीष कुमार वर्मा तथा जिला क्रीड़ा समिति के सचिव अतुल एंथोनी दास ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आयोजन पंडित दुर्गा प्रसाद बद्री प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता अंडर-14, 17 एवं 19 बालक वर्ग की आयोजित की गई। मंडलीय टीम में जय, शनि, हिमांशु, अश्वनी, अमन कुमार बाथम, अयान खान, शिवम अवस्थी, दिव्यांश, शिवम, प्रियांशु, मोहम्मद अहमद, अमन कुमार, जूनाइल आदि का चयन मंडलीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी और धनंजय पटेल ने निभाई। शिक्षक सर्वेश कुमार पाल और आशीष शाक्य के द्वारा लेखा विभाग का दायित्व निभाया गया। प्रतियोगिता संचालन में तुषार चौधरी, देवेंद्र कुमार, चौहान, अर्जुन प्रताप सिंह, केशव कुमार गंगवार आदि ने सहयोग किया। प्रतियोगिता का समापन जिला क्रीड़ा समिति के सचिव अतुल एंथोनी दास ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर किया।


प्रतियोगिता का उद्घाटन डीआईओएस

# एडीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं



समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता ने सुनी फरियादियों की समस्या।जगदीशपुर उर्फ टम्मलगंज निवासी राजेश चौहान ने प्रार्थना पत्र देकर मांग किया कि प्रतिदिन स्कूल जाने व आने के समय घंटो रेलवे क्रासिंग बन्द रहता है जिससे बच्चों को स्कूल जाने आने में काफी विलम्ब हो जाता है।

क्रासिंग बन्द होने की स्थिति मे लोग रेलवे पुल से निकल कर अपने गंतव्य को आते जाते थे उसे भी लगभग 6 महिने से बंद कर दिया गया है। अतिशीघ्र आने जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। दयालपुर गांव के प्रधान बीरेन्द्र सिंह ने प्रार्थना पत्र दिया कि आराजी संख्या 19 कागजात माल में तालाब दर्ज है जिस पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है, जिसे अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग किया। खम्हवा जमती निवासिनी सुमन देवी ने कहा कि मेरे द्वारा आराजी नं0597 के नापी कराएं जाने के संबंध में पूर्व के समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया गया था जिस पर लेखपाल कानूनगो मौके पर तो गए लेकिन नापी नही किए प्रार्थिनी से बिना नापी के ही हस्ताक्षर बनाने का दबाव बना रहे थे।रैपुरिया गांव निवासी रणजीत सिंह ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गांव सभा की आराजी नं0268 जो नई परती व बंजर भूमि के रूप में दर्ज है। उक्त नंबर में गांव के ही चन्द्रपाल सिंह द्वारा बाउंड्रीवाल का निर्माण कराया जा रहा है। कुल 56 प्रार्थना पत्र आया जिसमें से दो का मौके पर निस्तारण किया गया।शेष प्रार्थना पत्र संबंधित को जांचोपरान्त गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण के लिए दिया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, तहसीलदार इवेन्द्र कुमार सिंह, सीओ मंजरी राव, नायब तहसीलदार कल्पना, खण्ड विकास अधिकारी सिद्धार्थ मिश्रा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## विमलेश राय अध्यक्षएवं मंत्री निर्विरोध हुए निर्वाचित

**महराजगंज।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ महराजगंज के द्वारा पूर्व में लिए गये निर्णय के क्रम में आज मंगलवार को घानी विकास खंड के कम्पोजिट वि0धानी में समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी। निर्वाचन प्रक्रिया से पूर्व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके बाद जनपदीय पदाधिकारियों का स्वागत अंगवस्त्र के साथ किया गया। आज गौस आजम चुनाव अधिकारी तथा पवन पटेल चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित थे। चुनाव प्रक्रिया में मंत्री पद के लिए रवि मिश्र द्वारा नामांकन पत्र लिया गया तथा अध्यक्ष पद के लिए विमलेश राय द्वारा नामांकन पत्र जमा किया गया। दोनों पदाधिकारियों के विमलेश राय अध्यक्ष तथा रवि मिश्र मंत्री निर्विरोध निर्वाचित हुए। निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न होने के उपरान्त अपने सम्बोधन में जिला अध्यक्ष बलराम निगम ने कहा कि सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षमंत्री अपने विकास खंड के समस्त शिक्षकों से मिलकर उनके समस्याओं का समाधान करने के साथ संगठनात्मक दायित्वों का सम्यक निर्वहन करें।

# कड़ी सुरक्षा के बीच कोटा चयन के लिए महिला समूहों ने भरा आवेदन, ग्रामीणों की रही भारी भीड़

समृद्धि न्यूज

**राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड के दारानगर गांव में कड़ी सुरक्षा के बीच कोटा चयन के लिए महिला समूह द्वारा आवेदन भरे गए जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई साथ ही समूह के अध्यक्षों से यह कहा गया कि यह कोटा किसी एक का नहीं होगा बल्कि पूरे समूह का होगा यदि इसमें किसी प्रकार की अनियमितता पाई गई तो उक्त समूह का कोटा निरस्त कर दिया जाएगा। साथ ही यह भी कहा गया कि मंगलवार दोपहर तक जिन समूहों ने अपने आवेदन भरे हैं।

उनके सभी कागजात एवं रजिस्टर ब्लॉक कार्यालय पर जमा करें जिससे कोटा चयन करने में सुविधा हो और जल्द से जल्द कोटा चयन हो जाए। दोपहर में एडियो पंचायत कृष्ण उपाध्याय और एडियो आईएसबी जैनेंद्र राव की अध्यक्षता एवं थाना अध्यक्ष मड़िहान बालमुकुंद मिश्रा की देखरेख में कार्रवाई शुरू हुई जिसमें पुरुषों को इस प्रक्रिया से पूरी तरह दूर रखा गया। दारानगर गांव में कुल 16 महिला स्वयं सहायता समूह है जिसमें से चार समूह दुर्गा, राधा, गुलाब एवं कृष्ण महिला स्वयं सहायतासमूह ने इस प्रक्रिया में भाग लिया और अपने-अपने लेनदेन के रजिस्टर और आधार कार्ड चुनाव अधिकारी को देकर आवेदन पत्र को भरा।

कुछ महिलाएं अपना आधार कार्ड नहीं लाई थी जिस पर चुनाव अधिकारी ने कहा कि सभी लोग जो कागजात नहीं जमा कर पा रही हैं, वह सोमवार दोपहर तक ब्लॉक कार्यालय पर जमा कर दें जिससे सभी कागजात मिर्जापुर राष्ट्रीयआजीविका मिशन के अधिकारी के यहां भेजा जा सके जिसका रिकॉर्ड अच्छा होगा उस समूह को कोटा संचालन के लिए दिया जाएगा। इसमें किसी भी प्रकार की कोई धांधली नहीं होगी। इसको कोई भी व्यक्ति देख सकता है। साथ ही यह भी कहा गया की कोटा संचालन के लिए हाई स्कूल पास होना जरूरी है। इसलिए समूह के लोग हाई स्कूल पास का प्रमाण पत्र भी जमा करें।

इसके पहले 20 अगस्त को बीओ पीआरडी अभय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई थी जिसमें ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया था इसलिए इसकी पुनरावृत्ति पुनः न हो इसके लिए ग्राम प्रधान ने पहले से ही प्रशासन को सूचित कर दिया था। बिना किसी बाधा के बैठक पूर्ण हो इसलिए, मड़िहान थाना अध्यक्ष अपने स्टाफ एवं पीएसी बल के साथ उपस्थित रहे जिसके कारण किसी भी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न नहीं हुई। इस मौके पर एडियो ए जी संतोष कुशवाहा एडियो समाज कल्याण राकेश यादव ग्राम पंचायत अधिकारी नसीरुद्दीन ग्राम प्रधान सोनू कुमार के अलावा अन्य ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

# मांग : बबुरा कला की सोसाइटी पुनः बबुरा कला में संचालित की जाए

समृद्धि न्यूज

**हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया विकास खंड के ग्राम बबुरा खोदाईपुर, रघुनाथ सिंह, बबुरा कला और आस पास के किसानों एवं क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों की मांग जिलाधिकारी मिर्ज़ापुर पवन कुमार गंगवार और सहकारिता विभाग मिर्ज़ापुर उत्तर प्रदेश से यह है कि न्याय पंचायत बबुरा कला के नाम से सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के हितार्थ सोसाइटी संचालित की जा रही है।

वह सोसाइटी बबुरा कला में संचालित कराई जाय जो कि वर्तमान में ग्राम सेमरा कला में संचालित है इस मांग में भारतीय किसान समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप दूबे, ग्राम प्रधान मड़वा धनावल रमेश सिंह, ग्राम प्रधान फरजाना वेगम, चन्द्रगढ मुडेल के ग्राम प्रधान सियाराम मिश्र न्याय पंचायत बबुरा कला, ग्राम प्रधान उपासना सिंह ग्राम बबुरा रघुनाथ सिंहके साथ क्षेत्रीय किसानों की मांग है। पूर्व में किसी कारणवश अधिकारियों के निर्देश पर अभी तक यह सोसाइटी सेमरा कला में संचालित होती चली आ रहीं हैं। भारतीय किसान समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष से वार्तालाप करने पर उन्होंने बताया कि किसानों को सेमरा कला में संचालित सोसाइटी से समय पर खाद बीज इत्यादि ले आने में कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है तथा अत्यधिक भीड़ हो जाने के कारण समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सोसाइटी सचिव से वार्तालाप करने पर उन्होंने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर ही सोसाइटी सेमरा कला में संचालित होती चली आ रही है। एक स्थान पर सोसाइटी संचालित होने से अत्यधिक भीड़ हो जाती है तथा उच्चाधिकारियों के निर्देश और क्रियान्वयन से सभी किसानों को खाद और बीज उपलब्ध कराया जाता है।

## बॉलीबाल प्रतियोगिता में सदर व मरियम इंटर कॉलेज ने बाजी मारी

**महराजगंज।** क्षेत्र के ग्राम सभा गेरमा स्थित मरियम इंटर कॉलेज में जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 9 टीमों ने भाग लिया था। बालक सीनियर जूनियर वर्ग में सदर महराजगंजए बालिका सीनियर जूनियर में मरियम इंटर कॉलेज व सब जूनियर मे नौतनवा ने मारी बाजी। 19 वर्षीय बालकों के फाइनल में सदर ने फरेंदा ;आनंदनगरद्ध को हराकर विजेता का खिताब जीता। 17 वर्षीय बालकों की श्रेणी में नौतनवा को पराजित कर सदर विजेता रहा। 19 वर्षीय बालिकाओं की श्रेणी में मरियम इंटर कॉलेज गेरमा की टीम एक मात्र प्रतिभागी होने के कारण विजेता घोषित की गई। 17 वर्षीय बालिकाओं में भी मरियम इंटर कॉलेज गेरमा की टीम विजेता रही। 14 वर्षीय श्रेणी में सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कॉलेज आनंदनगर की टीम विजेता बनी।

# भारत-नेपाल बार्डर पर रखी जा रही कड़ी निगरानी

▸ भारतीय पर्यटक लौट रहे घर, नेपाल में हिंसक प्रदर्शन के बाद का केस

समृद्धि न्यूज




**महराजगंज।** नेपाल में सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाए जाने और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफकल नेपाल के काठमांडू सहित कई जिलों में युवाओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किए गए। प्रदर्शन के दौरान 19 लोगों की मौत हो गई जबकि 500 से अधिक लोग घायल हैं जिनका अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। इस पूरी घटना के बाद कल रात सरकार ने सोशल मीडिया से प्रतिबंध हटा लिया।

वही तनाव को देखते हुए नेपाली प्रशासन द्वारा आज सुबह 8रू30 से काठमांडू के अधिकांश इलाकों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू जारी कर दिया गया है इसके साथ ही महराजगंज जनपद के भारत नेपाल सीमा से सटे बॉर्डर के जिलों सहित नेपाल के कई स्थानों पर निषेधाज्ञा लागू कर जुलूस प्रदर्शन पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। वह नेपाल की ताजा हालात को देखते हुए भारत नेपाल सीमा पर भारतीय सुरक्षा सतर्क हो गई है और हर आने जाने वालों की गहन तलाशी ली जा रही है। पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि नेपाल के हालात को देखते हुए महराजगंज जनपद के बॉर्डर क्षेत्र के सभी थाने की पुलिस को एसएसबी के साथ मिलकर पेट्रोलिंग बढ़ाने के साथ एलर्ट निर्देश दिए गए हैं।

नेपाल में हुए हिंसक प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में भारतीय पर्यटक नेपाल से वापस आ रहे हैं। वहीं नेपाल जाने के लिए सोनौली सीमा पर पहुंच रहे भारतीय पर्यटक नेपाल के हालात को देखते हुए अब बॉर्डर से वापस लौट रहे हैं।

# खबरें एक नजर में

### ग्राम पंचायत भवन में शराब पार्टी व डांस का वीडियो वायरल

**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** विकासखंड पटेहरा कला गांव के ग्राम पंचायत के हिनौता गांव का एक वीडियो सामने आया है जिसमें फिल्मी गानों पर हाथों में शराब की बोतल दिए ग्राम प्रधान शिक्षा मित्र जमकर ठुमके लगाते नजर आ रहे हैं। इस दौरान जश्न में ग्राम प्रधान पूर्व प्रधान और शिक्षामित्र शामिल है। मामला मड़िहान तहसील क्षेत्र के विकासखंड पटेहरा कला के हिनौता गांव स्थित पंचायत भवन का है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत भवन गांव के विकास और आम बैठकों के लिए बना है लेकिन ग्राम प्रधान और उनकी टीम के लिए मौज मस्ती अड्डा बना हुआ है।यह केवल सरकारी नियमों की धज्जियां उड़ाता है बल्कि पंचायत व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंच रहा है। गांव में विकास कार्य दिखाई नहीं देते हैं और ग्रामीण ब्लॉकों का चक्कर लगाने को मजबूर हो गए हैं। लेकिन इस कृत्य से गांव में भारी रोष व्याप्त है। इस संबंध में जब खंड विकास अधिकारी राजीव शर्मा से बात हुई तो उन्होंने कहा कि इसके खिलाफनियमानुसार वीडियो की जांच कर कर दोषियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि पंचायत भवन के अंदर कुर्सियों पर बैठकर शराब पी जा रही है। उसके बाद गाने पर ठुमके लगाए जा रहे हैं। जो की शर्मनाक है। जब ग्राम प्रधान और शिक्षा मित्र ऐसे कृत्य कर रहे हैं तो आम जनता पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा।

### डे नाईट कब्बडी प्रतियोगिता ने जीता फाइनल मैच

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के महुगढ़ समउती गांव में रविवार को डे नाईट कब्बडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कब्बडी मैच के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दिलीप पटेल ने कब्बडी टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारम्भ किया। कब्बडी मैच में कुल चौदह टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें डेरवा मिर्ज़पुर, समउती डी, मिर्ज़ापुर के छानबे, मध्य प्रदेश के मऊगंज, लालगंज,से जीरो, व घोरावल गड़बड़ा डी व राजगढ आदि टीमों के मध्य ट्राई डालकर जोरदार कब्बडी का प्रदर्शन किया गया। फाइनल मैच में प्रयागराज व डेरवा के बीच खेला गया कबड्डी मैच में प्रयागराज की टीम ने डेरवा हो हराकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। प्रयागराज व मऊगंज के बीच कबड्डी मैच में प्रयागराज की टीम प्रथम, डेरवा द्वितीय, मऊगंज तृतीय स्थान प्राप्त किया पुरुस्कार के तौर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100,द्वितीय टीम को 3100और तृतीय स्थान कि टीम को 2100 रूपये का नगद पुरस्कार दिया गया है। कबड्डी मैच के रेफरी के रूप में बबलू अंसारी व पिंटू मौर्य रहे। कार्यक्रम के आयोजक हाफिज अंसारी, कमेंट्री बुद्धि पाल व जयकुमार ने किया। इस मौके पर मोबिन खान, मिठाई लाल, फूलचंद, इंडियन मानवाधिकार के जिलाध्यक्ष विजेंद्र पाण्डेय मौजूद रहे।

### वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में किया हाजिर

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ गांव से पुलिस ने सोमवार की सुबह न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है। एसआई श्याम लाल मय हमराह के साथ मुखबिर की सूचना पर न्यायालय से वारंट जारी होने पर वारंटी महुगढ़ गांव निवासी वेद प्रकाश तिवारी को उसके घर से गिरफ्तार कर वारंटी को न्यायालय में हाजिर कर दिया है। वारंटी किसी मामले में काफ़ी दिनों से न्यायालय में हाजिर नही हो रहा था। जिस पर न्यायालय ने वारंट जारी कर पुलिस को निर्देश दिया था की वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष हाजिर किया जाय। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय से वारंट जारी होने पर एक वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार कर वारंटी को न्यायालय में हाजिर कर दिया गया है।

### समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 10 सितंबर

**चुनार (मिर्जापुर)।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में समर्थ पोर्टल पर स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि 10 सितंबर 2025 है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. डॉ. माधवी शुक्ला ने बताया कि मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय मिर्जापुर के निर्देशानुसार स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र – छात्राएं 10 सितंबर 2025 तक समर्थ पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें।

### जनता की समस्याओं का हो रहा निस्तारण : राम प्रकाश

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज ।** फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह प्रतिदिन की भांति आज भी अपने कैम्प कार्यालयध्आवासए फरेंदा पर जनता दरबार लगाकर जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं को सुनकर बखुबी से निस्तारण कर रहे हैं। तहसील थानाए ब्लॉक से संबंधित अधिकारियों को जन समस्यो को अवगत कराते हुए निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश देते है। जनता से सीधा संवाद कर पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह करते हैं जनहित ही जुड़े मुद्दों को सुलझाना उनकी पहली प्राथमिकता है और फरेंदा विधानसभा के हर नागरिक को न्याय व सुविधा दिलाना उनका अहम कर्तव्य पहले है और आज भी है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि क्षेत्र की हर छोटी.बड़ी समस्या के समाधान के लिए वे सदैव जनता के साथ खड़े हैं।

# नेपाल में आंदोलन के बीच मशक्कत के बाद दूल्हे की मिली भारत एंट्री

▸ भैरहवा से बाइक पर आया दूल्हाए सोनौली बॉर्डर पर जांच के बाद मिली अनुमति

समृद्धि न्यूज



**महराजगंज।** नेपाल के भैरहवा से दुल्हे के रूप में शाहनवाज मंगलवार को अपनी शादी के लिए भारत के नौतनवा पहुंचने बडी मशक्कत करनी पड़ी। नेपाल में चल रहे हिंसक प्रदर्शन और भारत.नेपाल सीमा पर कड़ी सुरक्षा के कारण उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

शाहनवाज अपनी शादी के लिए नेपाल से अकेले बाइक से निकले थे। जब वह सोनौली बॉर्डर पहुंचे तो सशस्त्र सीमा बल ;एसएसबीद्ध ने उन्हें रोक लिया। सुरक्षा जांच के दौरान शाहनवाज ने अधिकारियों को अपनी पहचान के दस्तावेज दिखाए और उन्हें भारत आने का कारण बताया। इसके बाद ही एसएसबी ने उन्हें भारत में प्रवेश करने की अनुमति दी। बारात के नौतनवा पहुंचने के बाद शाहनवाज का विवाह तय समय पर संपन्न हुआ। उनके परिजनों और पड़ोसियों का कहना था कि उन्हें इस बात की आशंका थी कि प्रदर्शन के कारण शाहनवाज का नौतनवा पहुंचना संभव नहीं हो पाएगा। लेकिन शाहनवाज के भारत पहुंचने के बाद सभी ने राहत की सांस ली।

नेपाल में हाल ही में प्रदर्शन हिंसक हो गए हैं और कई जगहों पर गोलीबारी की घटनाएं भी सामने आई हैं। इन प्रदर्शनों को देखते हुए नेपाल.भारत सीमा पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। हर आने.जाने वाले की गहनता से जांच की जा रही है। ऐसे में शाहनवाज के लिए अकेले बाइक से सीमा पार करना एक बड़ी चुनौती थी।

## पीएनबी बैंक में शाट सर्किट से लगी आग

**महाराजगंज।** उपनगर आनंदनगर में पीएनबी बैंक के अंदर मंगलवार की सुबह लगभग 10 30 पर विद्युत सप्लाई से शाट सर्किट होने से अचानक आग लग गई बैंक के अंदर अफरा-तफरी मच गई फिर भी बड़ी घटनाएं टली नहीं हुआ कोई नुकसान। बैंक कर्मी एवं ग्राहक इधर-उधर भागने लगे बैंक के अंदर चारों तरफ धुआं धुआं हो गया किसी तरह से विद्युत आपूर्ति को बंद कर आग पर काबू पाया गया जिससे बडी घटनाओं से बैक बच गया।

आग लगते ही लोग बैंक से बाहर भाग कर अपनी जान बचाये। शाट सर्किट से आग लगने से मंगलवार को दिनभर बैंक का कार्य नहीं हो सका जिससे तमाम ग्राहकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह 10.30 बजे पंजाब नेशनल बैंक आनंद नगर में विद्युत सप्लाई से शाट सर्किट होने से आग लग गयी जिसके कारण चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई।

# नवम्बर से शुरू होगा क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल, गंभीर मरीजों को मिलेगी राहत

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों को गंभीर बीमारी पर मेडिकल कालेज रेफर नहीं होंगे। जिला अस्पताल परिसर में बने क्रिटिकल केयर हास्पिटल में भेज दिए जाएंगे। यहां पर उन्हें वेंटीलेटर पर इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके लिए कोशिश तेज कर दी गई है। सब कुछ ठीक रहा तो नवंबर से हास्पिटल शुरू हो जाएगा। जिला अस्पताल परिसर में 50 बेड का क्रिटिकल केयर हास्पिटल बना है। तीन मंजिला हास्पिटल भवन बनकर तैयार हो गया है। कार्यदायी संस्था बेड और वेंटीलेटर लगाने की कोशिश तेज कर दी है। अक्तूबर में बेड और मशीन शिफ्टिंग कार्य पूरा होने के साथ ही डॉक्टर व पैरामेडिकल कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगा दी जाएगी। नवंबर में क्रिटिकल केयर हास्पिटल संचालित हो जाएगा। ग्राउंड फ्लोर पर नवजात व प्रथम तल पर बुजुर्गों के लिए बनेगा आईसीयू वार्ड क्रिटिकल केयर हास्पिटल तीन मंजिला हैं। तीनों तल पर आयु वर्ग के हिसाब से आईसीयू वार्ड संचालित होगा। ग्राउंड फ्लोर पर एसएनसीयू व आईसीयू वार्ड बनेगा। प्रथम तल पर बुजुर्गों के लिए आईसीयू की सुविधा मिलेगी। द्वितीय तल पर बीमारी से गंभीर युवा मरीजों के लिए आईसीयू वार्ड संचालित होगा। गंभीर मरीजों को कर दिया जाता है था रेफर। अब रेफर नहीं किया जायेगा। जिला अस्पताल में नवजातों और बच्चों के लिए आईसीयू की सुविधा है। ऐसे में बीमारी से गंभीर युवा और बुजुर्गों को प्राथमिक इलाज के बाद मेडिकल कालेज रेफर कर दिया जाता है। क्रिटिकल केयर हास्पिटल शुरू हो जाने के बाद बीमारी से गंभीर युवा और बुजुर्गों को मेडिकल कालेज रेफर नही करना पड़ेगा। अस्पताल से क्रिटिकल केयर हास्पिटल में भेज दिया जाएगा।

# 138 प्रार्थना पत्रों में से 14 का किया गया निस्तारण

▸ सभी तहसीलों में आयोजित किया गया संपूर्ण समाधान दिवस, डीएम व एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

समृद्धि न्यूज



**मिर्जापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को सुना गया। तहसील लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष मौके पर 138 प्रार्थना पत्रों में से 14 का निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित की संबंधित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी ढंग से निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि निस्तारण में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी उन्होंने कहा कि शिकायतों का फीडबैक शासन स्तर से शिकायतकर्ता से दूरभाष पर वार्ता कर लिया जा रहा है अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जो भी फरियादी तहसील दिवस में एक बार शिकायत लेकर आ रहा है। निस्तारण संतुष्टिपूर्ण न होने पर यदि दोबारा वही फरियादी वही शिकायत लेकर आता है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से वार्ता कर शिकायत का निस्तारण करें।

उन्होंने कहा कि हर घर जल योजना अंतर्गत जो भी शिकायत आ रही हैं संबंधित अधिकारी उन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने उप जिलाधिकारी लालगंज को निर्देशित करते हुए कहा कि पिछले तहसील दिवस की जो भी शिकायतें निस्तारण हो गई हैं उनमें से कुछ शिकायत को टीम बनाकर जांच कराए। जांच में अगर शिकायत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न हुई हो तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई करें।

इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में तहसील मड़िहान में अपर जिलाधिकारी वि 0/रा0 अजय कुमार सिंह के समक्ष 53 प्रार्थना पत्रों में से 01 का निस्तारण, तहसील चुनार में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विजेता के समक्ष 56 प्रार्थना पत्र में से 02 का निस्तारण, तहसील सदर में अपर जिलाधिकारी भू राजस्व देवेंद्र प्रताप सिंह के समक्ष 95 प्रार्थना पत्रों में से 17 का निस्तारण किया गया शेष प्रार्थना पत्र को सम्मिलित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिया गया। तहसील लालगंज में उप जिलाधिकारी महेंद्र सिंह एवं सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सिसवा बाजार को तहसील बनाने की मांग ने पकड़ा जोर, व्यापारी आक्रोशित

▸ व्यापारियों ने दी चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** सिसवा बाज़ार को तहसील बनाने का मुद्दा एक बार फिर गरमा गया है। इस बार युवा व्यापारियों ने मोर्चा संभाला है और उन्होंने साफ तौर पर चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वे आगामी चुनावों का बहिष्कार करेंगे। सिसवा बाज़ार एक बड़ा व्यापारिक केंद्र हैए लेकिन तहसील न होने की वजह से यहां के लोगों को राजस्व से जुड़े कामों के लिए कई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। व्यापारियों का कहना है कि इससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद होता हैए और व्यापार भी प्रभावित होता है।

इस समस्या को लेकर पहले भी तहसील बनाओ संघर्ष समिति ने कई बार आवाज़ उठाई थीए लेकिन अब अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा व्यापारी खुलकर सामने आ गए हैं। मंगलवार को इन व्यापारियों ने सिसवा के मुख्य चौराहों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर सिसवा को तहसील बनाओ के बैनर लगाए। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शिबू खान ने कहा कि सिसवा में व्यापार की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन तहसील न होने के कारण ये संभावनाएं पूरी तरह से विकसित नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने और अन्य व्यापारियों ने अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि अगर सरकार ने उनकी मांग पर ध्यान नहीं दियाए तो वे पूरे नगर के लोगों से आगामी चुनावों का बहिष्कार करने की अपील करेंगे।

### लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर

इस अभियान में शिबू खान के साथ महामंत्री अश्वनी रौनियार, मकसूद अंसारी, धीरज जायसवाल और कई अन्य व्यापारी भी शामिल थे। उनका कहना है कि सिसवा को तहसील का दर्जा मिलने से न सिर्फप्रशासनिक सुविधाएं बढ़ेंगी, बल्कि यहां के लोगों के लिए रोज़गार के नए अवसर भी पैदा होंगे। अब देखना यह है कि व्यापारियों के इस दबाव का सरकार पर क्या असर होता है। यह मुद्दा अब केवल स्थानीय मांग नहीं, बल्कि चुनाव से भी जुड़ गया है, जो इसकी गंभीरता को और बढ़ा देता है।

# आध्यात्मिक स्नेह मिलन व जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय लोअर लाइन चुनार शाखा द्वारा आयोजित मेरा भारत नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में रविवार को आध्यात्मिक स्नेह मिलन एवं जनप्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया।मुख्य अतिथि छत्रपति सतेंद्र कुमार सिंह ब्लॉक प्रमुख सीखड़, विशिष्ट अतिथि दिनेश चौबे अध्यक्ष प्रधान संघ सीखड़,डॉ रीती सिंह रहे। अतिथियों का स्वागत शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी बीनू दीदी, संचालन प्रियंका बहन धन्यवाद ज्ञापित शाखा सह प्रभारी ब्रह्माकुमारी तारा दीदी ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का सम्मान बैच अलंकरण व अंगवस्त्रम से किया गया। कार्यक्रम में वाराणसी से आए नन्हे बाल कलाकारों रामकृष्ण, राधाकृष्ण, राधेकृष्ण द्वारा दरूअवा मत पिया भैया, घरवा तू भेजा रुपैया और चुनार के स्थानीय कलाकारों द्वारा नशा मुक्ति पर संगीतमय लघु नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को तंबाकू, गुटखा, शराब से होने वाले बीमारी के बारे में अच्छा संदेश दिया।

कार्यक्रम में आए अतिथियों को संस्था द्वारा एक एक पौधा भेंट किया गया। कार्यक्रम में नैनी प्रयागराज से आए वैभव भाई व सच्ची बहन का उल्लेखनीय योगदान रहा।

इस अवसर पर चुनार कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य, हेड कांस्टेबल रविंद्र प्रताप सिंह, सुमित सिंह, विनय राय, विमलेश सिंह, कृति सागर, ब्रह्माकुमारी चनतारा, सुनीता, दीपिका, पड़री शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी गूंजा, नरायनपुर शाखा प्रभारी ब्रह्माकुमारी विद्या, चेतना सुलेखा, ब्रह्मकुमार पंकज दुबे, जगदीश, सतनारायण सहित बड़ी संख्या में सीखड़ ब्लॉक के ग्राम प्रधान, पंचायत सदस्य उपस्थित रहे।